9 राज्य, 18 संस्करण रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, इंदौर, भोपाल, सागर, उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर, रतलाम, मुंबई, पुणे, नई दिल्ली, जयपुर,लखनऊ, जालंधर, रांची, कोलकाता से एक साथ प्रकाशित
मूल्य ₹ 4.00
वर्ष-12, अंक 54, पृष्ठ -10
महानगर संस्करण
D-live NewsTV
www.dabangdunia.co.in

दैनिक दबंग दुनिया
रायपुर, बुधवार, 6 नवंबर 2024
निष्पक्ष नज़र, निष्पक्ष ख़बर
देश का सबसे चर्चित संपूर्ण हिन्दी अख़बार

अंदर पढ़ें




पेज 07

## सार.समाचार

### उप मुख्यमंत्री ने राज्य अलंकरण, सम्मान एवं पुरस्कारों के लिए चयनितों के नामों की घोषणा की



**रायपुर**. उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज रायपुर के महंत घासीदास संग्रहालय परिसर स्थित सभागार में आयोजित प्रेस-कॉन्फ्रेंस में राज्य अलंकरण, सम्मान और पुरस्कारों के लिए चयनित व्यक्तियों और संस्थाओं के नामों की घोषणा की। राज्य शासन के 16 विभागों द्वारा 35 अलंकरण, सम्मान और पुरस्कार दिए जा रहे हैं। इसके लिए चार संस्थाओं एवं 38 व्यक्तियों का चयन किया गया है। उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ 6 नवम्बर को नया रायपुर में राज्योत्सव के समापन समारोह में ये पुरस्कार और सम्मान प्रदान करेंगे। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने राज्य शासन और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की ओर से राज्य अलंकरण, सम्मान एवं पुरस्कारों के लिए चयनित सभी व्यक्तियों और संस्थाओं को बधाई दी है।

### उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज राज्य अलंकरण समारोह में होंगे शामिल



**रायपुर**। छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण एवं राज्योत्सव का समापन समारोह 6 नवम्बर को संध्या 6 बजे से उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के मुख्य आतिथ्य में नवा रायपुर स्थित राज्योत्सव ग्राउण्ड में होगा। यहां उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ विभिन्न क्षेत्र की विभूतियों को छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण सम्मान से विभूषित करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यपाल रमेन डेका करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ राज्य अलंकरण समारोह में शामिल होने के लिए विमान से संध्या 5.40 बजे रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे और वहां से राज्योत्सव मेला ग्राउण्ड के लिए प्रस्थान करेंगे। उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ राज्य अलंकरण समारोह के पश्चात रात्रि 7.45 बजे रायपुर एयरपोर्ट से नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

### बिहार कोकिला के नाम से मशहूर शारदा सिन्हा का निधन



**पटना**। दिल्ली AIIMS में भर्ती लोक गायिका शारदा सिन्हा का मंगलवार को निधन हो गया। 72 साल की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली। कल शाम से उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया था। तबीयत बिगड़ने के बाद 26 अक्टूबर को उन्हें एम्स में भर्ती किया गया था। वो आईसीयू में थीं। 3 नवंबर को हालत में थोड़ा सुधार होने पर वार्ड में शिफ्ट किया गया, लेकिन 4 नवंबर की शाम को उनका ऑक्सीजन लेवल काफी गिर गया था, जिसके बाद से वो वेंटिलेटर पर थीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज शारदा सिन्हा के बेटे अंशुमान सिन्हा से फोन पर बात की थी। उन्होंने शारदा सिन्हा के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली थी। वही, आज केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह शारदा सिन्हा के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेने के लिए दिल्ली एम्स पहुंचे थे। यहां उन्होंने बिहार कोकिला के परिजनों और डॉक्टरों से मुलाकात की थी। इससे पहले कल शाम केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान बिहार कोकिला से मिलने दिल्ली एम्स पहुंचे थे।

## विकास की सबसे बड़ी ताकत संस्कृति से मिलती है : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

# अपनी विरासत को सहेजते हुए छत्तीसगढ़ को अग्रणी राज्य बनाने का संकल्प लें : राज्यपाल रमेन डेका

» राज्योत्सव के दूसरे दिन भी रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन

दबंग दुनिया ♦ रायपुर



छत्तीसगढ़ एक युवा राज्य है और युवा अवस्था में ही इस राज्य ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा और क्षमता का प्रदर्शन किया है। राज्योत्सव के मौके पर अपनी विरासत को सहेजने और छत्तीसगढ़ को अग्रणी राज्य बनाने का संकल्प लें। नागरिकगणों से यह अपील राज्योत्सव कार्यक्रम के दूसरे दिन मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेन डेका ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने की।

इस मौके पर अपने संबोधन में श्री डेका ने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए गौरव का दिन है। हमारे छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना को 24 वर्ष पूरे हो चुके हैं और यह हम सबके लिए ऐतिहासिक क्षण है। इन वर्षों में हमने एक मजबूत आधार बनाया है और अपने लक्ष्य की ओर लगातार बढ़ने का संकल्प लिया है। उन्होंने इस अवसर पर राज्य निर्माण का स्वप्न देखने वाले और इसके लिए संघर्ष करने वाले पुरखों को भी नमन किया। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की प्रशंसा करते हुए कहा कि राज्य शासन द्वारा जनकल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं जिसके लिए मुख्यमंत्री बधाई के पात्र हैं। छत्तीसगढ़ में कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं। जनजातियों, महिलाओं एवं युवाओं के उत्थान एवं कल्याण के लिए भी निरंतर पहल की जा रही है।

राज्यपाल ने कहा कि पिछले 23 वर्षों में छत्तीसगढ़ के विकास के लिए एक ठोस धरातल निर्मित हुआ है। इस दौर में राज्य की सांस्कृतिक रूप से भी एक अलग पहचान बनी है। वर्तमान में भी सांस्कृतिक समृद्धि के लिए चहुंमुखी प्रयास किये जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में प्राकृतिक संसाधन पर्याप्त हैं, चाहे वन हो, खनिज हो या मानव संसाधन हो, सभी का उचित दोहन किया जाना अभी बाकी है। संसाधनों के दोहन के साथ ही हमें इस पर भी गहन चिंतन करना होगा कि विकास का पैमाना क्या हो। विकास की सतत प्रक्रिया में प्रकृति के साथ संतुलन बना रहे, यह भी ध्यान रखना होगा। हम सबको आज संकल्प लेना होगा कि छत्तीसगढ़ को विकास के पथ पर ले जाने के लिए मिलजुल कर प्रयास करेंगे।

राज्य की उन्नति के लिए शांति जरूरी है, विगत कुछ वर्षों से नक्सल हिंसा से छत्तीसगढ़ का कुछ हिस्सा प्रभावित रहा है। इस हिंसा को खत्म करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा लगातार साझा प्रयास किये जा रहे हैं। आशा है कि जल्द ही इस हिंसा से राज्य को मुक्ति मिलेगी और छत्तीसगढ़ तेजी से विकास की दौड़ में आगे बढ़ेगा।

राज्यपाल ने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि इस राज्य को अग्रणी राज्य बनाने के लिए अधिक से अधिक योगदान दें साथ ही आज एक संकल्प लें कि अपने प्रदेश की, शहर की सार्वजनिक संपत्तियों, सांस्कृतिक धरोहरों की रक्षा करेंगे, उसे संभालेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्योत्सव समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि जिन लोगों ने संयुक्त मध्यप्रदेश के समय छत्तीसगढ़ में जन्म लिया और बड़े हुए वे लोग तब और अब के फर्क को बहुत अच्छी तरह जानते हैं। उन्हें याद होगा कि किस तरह छत्तीसगढ़ में बार-बार अकाल पड़ता था। किसानों को रोजी-रोटी के लिए पलायन करना पड़ता था। सौभाग्य से जब अटल जी प्रधानमंत्री बने तो छत्तीसगढ़ की पीड़ा को समझा और अलग राज्य का निर्माण किया। 24 साल पूरे हो गये हैं। छत्तीसगढ़ विकास की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने कार्यक्रम में लोक कलाकारों को अधिकतम जगह दी है। इसके साथ ही छालीवुड और बालीवुड के कलाकारों को भी जगह दी है। मैं सभी कलाकारों का अभिनंदन करता हूँ। हमारी कला हमारे विचारों को अभिव्यक्त करने का माध्यम है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति इस मामले में बहुत समृद्ध है हमारे यहां हर विधा के कलाकार हैं। छत्तीसगढ़ में लोक गायन, लोक कला एवं सभी विधाओं को हमारी सरकार प्रोत्साहित कर रही है। शिल्प ग्राम स्थापित किये गये हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम अपने तीज त्योहारों, देव स्थलों, मड़ई मेलों को भी सहेज रहे हैं। विकास के लिए सबसे बड़ी ताकत संस्कृति से ही मिलती है। संस्कृति हमें बताती है कि विकास की दिशा क्या होनी चाहिए। प्राथमिकता क्या होनी चाहिए, सोच क्या होनी चाहिए, दृष्टिकोण क्या होना चाहिए और लक्ष्य क्या होना चाहिए। प्रत्येक नागरिक का आचार-विचार और व्यवहार संस्कृति ही तय करती है और इसी के अनुरूप नीति निर्धारण के लिए सरकार को प्रेरित करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के लक्ष्य के अनुरूप विकसित छत्तीसगढ़ के लिए विजन डाक्यूमेंट तैयार किया है उसमें संस्कृति को सबसे ज्यादा तवज्जो दी है। संस्कृति ही समाज में ताकत पैदा करती है। छत्तीसगढ़ प्राकृतिक सौंदर्य के मामले में बेहद समृद्ध है। पर्यटन की यहां बड़ी संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि किस तरह से भगवान श्रीराम से जुड़े तीर्थों का विकास किया जा रहा है। माता शबरी और माता कौशल्या के धाम को संवारा जा रहा है। राजिम, सिरपुर, मधेश्वर, भोरमदेव, बारसूर आदि अनेक ऐतिहासिक स्थल हैं, जिनका विकास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी शिल्प कला को सहेजा जा रहा है और प्रोत्साहित किया जा रहा है। खादी के वस्त्रों पर 25 प्रतिशत की छूट देकर इसे प्रोत्साहित किया जा रहा है। इन सबके साथ ही प्रदेश के खानपान की अपनी विशेषता है।

## मांदर बजाते हुए कलाकारों के साथ थिरके सीएम साय

» जनसंपर्क की छायाचित्र प्रदर्शनी को देखा और सराहा

» कहा इससे आम लोगों को मिलती है शासन की योजनाओं और उपलब्धियों की सही जानकारी

दबंग दुनिया ♦ रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्योत्सव की द्वितीय संध्या को जनसंपर्क विभाग की छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर वहां मौजूद कलाकारों के पास पहुंचे और मांदर बजाकर अपनी प्रसन्नता का इजहार किया। मुख्यमंत्री श्री साय कलाकारों के साथ मांदर की थाप पर थिरकते हुए आज अलग अंदाज में नजर आए। मुख्यमंत्री का छत्तीसगढ़ी कला-संस्कृति से जुड़ाव और उनके सहज-सरल व्यवहार को देखकर लोग उनके मुरीद हो गए और तालियां बजाकर अपनी खुशी का इजहार किया। मुख्यमंत्री को इस मौके पर रिखी क्षत्रीय ने अपनी ओर से मांदर भेंट किया।

गौरतलब है कि जनसंपर्क विभाग की प्रदर्शनी में राज्य की विभिन्न योजनाओं, विकास कार्यों और जनहितकारी परियोजनाओं को प्रदर्शित किया गया है। मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी में दिखाई गई योजनाओं और उपलब्धियों की सराहना की और इसे जनता के बीच जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। इस अवसर पर उन्होंने वहां एलईडी टीव्ही के माध्यम से प्रसारित हो रहे पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा संयुक्त राष्ट्र महासभा में हिन्दी में दिए गए भाषण को हेडफोन लगाकर सुना। गौरतलब है 4 अक्टूबर, 1977, भारत के विदेश मंत्री के तौर पर स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी देश का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा में हिन्दी में अपना भाषण दिया था। उन्होंने अपने भाषण में परमाणु निरस्त्रीकरण, आतंकवाद जैसे कई गंभीर मुद्दे उठाए थे। हिंदी में बोलने की वजह से ही उनका यह भाषण अविस्मरणीय और ऐतिहासिक हो गया। उन्होंने कहा कि भारत सभी देशों से मैत्री चाहता है और भारत विश्व शांति के लिए हमेशा अग्रणी भूमिका निभाएगा। उन्होंने वसुधैव कुटुंबकम की अवधारणा को विश्व मंच पर पुरजोर तरीके से रखते हुए कहा कि मैं भारत की ओर इस महासभा को आश्वासन देता हूं कि हम एक विश्व के आदर्शों की प्राप्ति और मानव के कल्याण तथा उसके गौरव के लिए त्याग और बलिदान की बेला कभी पीछे नहीं रहेंगे।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के भाषण को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह भारत को गौरवान्वित करने वाला है। मुख्यमंत्री श्री साय ने जनसंपर्क विभाग की प्रदर्शनी में प्रश्न माला कार्यक्रम में विजेता रही दानी स्कूल और काली बाड़ी स्कूल के छात्राओं को पुरस्कृत किया और उनका हौसला बढ़ाया। छात्रा लविना वर्मा, किरण साहू सुमन, महिमा वर्मा, दीपिका धीवर ने मुख्यमंत्री को इस तरह के आयोजन समय-समय पर कराए जाने का आग्रह किया। जनसंपर्क की प्रदर्शनी में रिखी क्षत्रिय भिलाई ने छत्तीसगढ की संस्कृति को संजोकर रखने और उनका प्रचार प्रसार करने के लिए छत्तीसगढ के वाद्ययंत्रों को प्रदर्शित किया गया है।

## अम्बेडकर अस्पताल के न्यू ट्रामा विभाग में आग लगने की घटना में मरीज एवं डॉक्टर सुरक्षित

दबंग दुनिया ♦ रायपुर



डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय के तृतीय तल में स्थित न्यू ट्रामा विभाग में आज दोपहर आग लगने की घटना घटित हुई थी जिसमें कोई भी मरीज एवं मेडिकल स्टाफ घायल नहीं हुआ है। घटना के दौरान वहां मौजूद सभी लोग सुरक्षित हैं। न्यू ट्रामा की जिस ओटी में आग लगने की घटना घटित हुई वहां ओटी के बाद साफ-सफाई करके ओटी को बंद कर दिया गया था। बगल में जो ओटी थी वहां पर ऑपरेशन चल रहा था। ऑपरेशन टीम में तीन-चार डॉक्टर एवं अन्य पैरामेडिकल स्टॉफ शामिल थे। जैसे ही उन्होंने धुआं उठता देखा तुरंत इसकी सूचना प्रबंधन को दी। इसके साथ प्रबंधन ने आग लगने की घटना के दौरान तुरंत तत्परता दिखाते हुए अस्पताल के स्टाफ की मदद से ओटी से लगे हुए खिड़की के ग्रिल को इलेक्ट्रिक कटर से काटकर और कांच को तोड़कर मरीज एवं डॉक्टरों को सुरक्षित बाहर निकाला। ऑपरेशन टीम के डॉक्टरों को धुएं के कारण सांस लेने में दिकत हो रही थी इसलिए उन्हें ऑब्जरवेशन में भर्ती रखा गया है। सभी लोग अभी सामान्य स्थिति में हैं। आग लगने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है परंतु प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि एयर प्यूरीफायर एवं ए.सी. में शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी जिस पर त्वरित काबू पा लिया गया था किंतु दोनों उपकरणों के प्लास्टिक बॉडी के जलने से कक्ष में अत्यधिक धुआं भर गया था। इस सम्बन्ध में अम्बेडकर अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता विद्युत/यांत्रिक को पत्र लिखकर घटनास्थल का निरीक्षण कर निरीक्षण रिपोर्ट उपलब्ध कराने के त्वरित निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही संपूर्ण अस्पताल परिसर के विद्युत प्रवाह सिस्टम की ऑडिट कराकर ऑडिट रिपोर्ट तत्काल उपलब्ध कराने को कहा है।

### लोक कलाकार आरू साहू और राजेश अवस्थी की शानदार प्रस्तुति, वालीवुड पार्श्व गायिका नीति मोहन के गायन का जमकर लुत्फ लिया दशर्को ने

## बटकी म बासी, चुटकी म नून, राज्योत्सव में सुमधुर लोकगीतों ने मोहा दर्शकों का मन

दबंग दुनिया ♦ रायपुर

राज्योत्सव के दूसरे दिन छत्तीसगढ़ी गीतों की शानदार प्रस्तुति लोक कलाकारों ने दी। सुश्री आरु साहू और राजेश अवस्थी ने ददरिया गीतों के साथ उपस्थित दशर्कों का मन मोह लिया। वहीं मुंबई से आईं सुश्री नीति मोहन ने शानदार गीतों की प्रस्तुति कर समां बांध दिया। शाम को राज्योत्सव का रंग गौरा-गौरी गीत से आरंभ हुआ।

इसके बाद तो छत्तीसगढ़ के लोकगीतों की सुंदर श्रृंखला सज गई। लोकरंग राज्योत्सव परिसर पर पूरी तरह से छलक गये। गौरा-गौरी गीत के बाद राउत नाचा की रंगारंग प्रस्तुति हुई और राऊत नाचा के जोश से पूरा उत्सव स्थल सराबोर हो गया। इसके बाद फाग गीतों के रंग छलके। जब मुख मुरली बजाय का प्रदर्शन हुआ तो पूरा राज्योत्सव स्थल श्याम रंग से रंग गया। इसके बाद द्रुतगामी पंथी नृत्य का आयोजन हुआ। आरू साहू और राजेश अवस्थी जैसे ही मंच पर आये, दूर तक तालियां गूंजती रही। जब इन कलाकारों ने ददरिया की प्रस्तुति दी तो लोक रंग का जादू पूरे उत्सव में चढ़ गया। लोकप्रिय गीत बटकी म बासी चुटकी म नून गावत हव ददरिया कान देके सुन की प्रस्तुति ने पूरे माहौल में तरंग घोल दी। इसके बाद वालीवुड पार्श्व गायिका सुश्री नीति मोहन प्रस्तुति देने आईं। उन्होंने जय जोहार के अभिवादन के साथ सुमधुर गीतों की लड़ी प्रस्तुत की। चली रे जुनून का लिये कतरा, जिया रे जिया रे जैसे गीतों का प्रदर्शन कर उन्होंने पूरे माहौल में संगीत के रस घोल दिये। आज राज्योत्सव के दूसरे दिन लोकगीतों के साथ भारतीय सिनेमा के अद्भुत गीत-संगीत के जो सुर सुनने लोगों को मिले, उसने राज्य स्थापना दिवस की खुशियों में चार चांद लगा दिये।







Scanned with OKEN Scanner

# चांपा के श्री हनुमान व्यायाम शाला को तोड़ने वालों पर एफआईआर की मांग

■ सात दिवस के भीतर कार्रवाई नहीं होने पर पूरे प्रदेश में आंदोलन की चेतावनी

दबंग दुनिया ♦ जांजगीर-चांपा



यादव समाज के गौरव स्व. गुरूजी मोहितराम यादव द्वारा वर्ष 1952 में श्री हनुमान व्यायाम शाला अखाड़ा चांपा की स्थापना की गई थी, जिसकी राष्ट्रीय स्तर पर कुश्ती प्रतियोगिता के नाम पर पहचान है। 72 वर्षों से संचालित इस प्राचीन धरोहर को डोंगाघाट मंदिर ट्रस्ट के सवार्कार एवं सदस्यों द्वारा बिना सूचना दिए अखाड़े का ताला तोड़कर भवन को ध्वस्त कर दिया गया। इससे अखाड़ा के भीतर रखी हनुमान जी की मूर्ति, स्व. मोहितराम यादव की मूर्ति, व्यायाम शाला की सामग्री सहित भगवा वस्त्र लंगोट व बर्तन क्षतिग्रस्त हो गए। यादव समाज ने इस घटना की निंदा करते हुए श्री हनुमान व्यायाम शाला को तोड़ने वालों पर एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग की है।

यादव समाज ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि श्री हनुमान व्यायाम शाला भवन को बिना सूचना दिए अवैध रूप से तोड़ने एवं संपत्ति को नुकसान पहुंचाने तथा प्राचीन धरोहर को नष्ट कर स्व. गुरूजी मोहितराम यादव की मानहानि करने वालों पर तत्काल एफआईआर दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही शीघ्र श्री हनुमान व्यायाम शाला अखाड़ा का निर्माण करते हुए हनुमान जी एवं मोहितराम यादव की प्रतिमा स्थापित की जाए।

यादव समाज ने चेतावनी दी है कि सात दिवस के भीतर उचित कार्रवाई नहीं होने पर पूरे प्रदेश में यादव समाज द्वारा आंदोलन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में हितेश यादव, गिरधारी यादव, सुरेश यादव, दीपक यादव, विष्णु यादव, अमित यादव, धर्मेंद्र यादव, आरपी यादव, सतीश यादव, कृपाराम यादव, सोनू यादव, लखन यादव, रामप्रसाद यादव, शिवनारायण यादव, सुरेंद्र यादव, श्याम यादव, सोनू यादव, दुष्यंत यादव, रामाश्रय यादव, नरसिंह यादव, संजय यादव, नरेंद्र यादव, राकेश यादव, शिवम यादव, अनुराग यादव, भोला यादव का नाम शामिल है।

### डोंगाघाट मंदिर समिति फिर सुर्खियों में

चांपा में इसके पहले भी मंझली तालाब के सामने ओम सिटी से लगी भूमि में स्थापित हनुमान मंदिर की तोड़फोड़ के मामले में काफी बवाल हुआ था। उक्त घटना में अभी तक एफआईआर दर्ज नही हुई है। इसके बाद नए सर्वराकार की नियुक्ति को लेकर विवाद प्रारंभ हुआ था। कलेक्टर से भी डोंगाघाट मंदिर समिति को विधिवत ट्रस्ट बनाए जाने की मांग अब तक लंबित है। कुल मिलाकर देखा जाए तो डोंगाघाट मंदिर समिति किसी न किसी मामले को लेकर आए दिन सुर्खियों में रहती है।

# जाज्वल्य देव शिक्षक रत्न सम्मान से व्याख्याता जूली जैन सम्मानित

दबंग दुनिया ♦ जांजगीर-चांपा



गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल, राज्य कर्मचारी संघ छतीसगढ़ तथा छतीसगढ़ शिक्षक संघ के संयुक्त आतिथ्य में जाज्वल्य देव शिक्षक रत्न सम्मान का आयोजन गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल जांजगीर में किया गया।

इस दौरान शासकीय हाई स्कूल व्यासनगर (पामगढ़) से नवाचारी व्याख्याता जूली जैन को शिक्षा व नवाचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों के कारण जाज्वल्य देव शिक्षक रत्न सम्मान से मंचस्थ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक व्यास कश्यप, इंजी. रवि पांडेय, सहायक जिला परियोजना अधिकारी हरिराम जायसवाल, सहायक जिला परियोजना अधिकारी हेमलता शर्मा, राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरुण तिवारी, गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर दीपक राठौर, गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य संतोष शर्मा, राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष अनुभव तिवारी के हाथों स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर गरिमामय माहौल में सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि नवाचारी व्याख्याता जूली जैन ने एनसीईआरटी दिल्ली व एससीईआरटी रायपुर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान मेला 2024-25 के आयोजन में विज्ञान शिक्षक संगोष्ठी में सहभागिता करते हुए राज्य स्तर तक के लिए क्वालीफाई किया था। साथ ही विज्ञान मार्गदर्शिका शिक्षिका के मार्गदर्शन में इनके शाला के विद्यार्थियों ने भी विज्ञान मेला के तहत हुए प्रश्न मंच प्रतियोगिता में भाग लेकर जांजगीर-चांपा जिले में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया था। इनके सम्मानित होने पर शाला परिवार, संकुल परिवार, राज्य कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों सहित प्रशंसकों ने प्रसन्नता जाहिर की है।

# बलरामपुर और दामाखेड़ा की घटना के विरोध में धरना प्रदर्शन



दबंग दुनिया ♦ कोरबा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में बलरामपुर और दामाखेड़ा की घटना के विरोध में टीपी नगर कोरबा में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया।धरना स्थल पर आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था बद से बदतर होते जा रही है। श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश में अराजकता का माहौल बन रहा है। सभापति श्यामसुंदर सोनी ने कहा कि छत्तीसगढ़ को हमेशा से शांत प्रदेश के नाम से जाना जाता रहा है, लेकिन जबसे प्रदेश में भाजपा की सरकार स्थापित हुई तब से यहां की स्थिति मणिपुर जैसी डरावनी होते जा रही है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष सपना चौहान ने बताया कि दिपावली पर्व के दिन रायपुर और भिलाई में 11 हत्या कांड को अंजाम दिया गया जो कि प्रदेश के लिए अत्यंत दुखद घटना है। श्रीमती चौहान ने दामाखेड़ा की घटना की जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश में अब धार्मिक स्थल भी असुरक्षित हो रही है। शांत प्रिय प्रदेश में अब पहली बार जातीय आधार पर संघर्ष हो रहा है। इस मौके पर महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संतोष राठौर, दुष्यंत शर्मा, पुष्पा पात्रे, पूर्व पार्षद मुकेश राठौर, मनकराम साहू, रामगोपाल यादव, पूर्व एल्डरमैन आरिफ खान, गीता गभेल, पार्षद सुखसागर निर्मलकर, गंगाराम भारद्वाज, नारायण कुर्रे, कुंजबिहारी साहू, गिरधारी बरेठ, लखनलाल सहिस, माधुरी ध्रुव, शांता मंडावे, गौरी चौहान, श्याम बाई खूंटें, रजा अनवर, नेहाल, विजय सिंह, नीलिमा लहरे, जया लहरे आदि ने भी सभा को सम्बोधित किया।

# प्रकाश पर्व 15 को, सिख समुदाय ने निकाली प्रभात फेरी



दबंग दुनिया ♦ कोरबा

सिख समाज के आराध्य गुरुनानक देव जी की जयंती 15 नवंबर को प्रकाश पर्व के रूप में मनाई जाएगी। जिसके उपलक्ष्य में नगर सहित उपनगरों में में रहने वाले सिख समुदाय के लोगों द्वारा प्रभात फेरी निकालकर प्रकाश पर्व मनाने का संदेश दिया जा रहा है। प्रभात फेरी नगर के विभिन्न मोहल्लों, कालोनियों में अलग-अलग दिन निकाली जा रही है।

कुसमुंडा गुरुद्वारे में सिक्ख समाज ने रविवार की सुबह 4 बजे प्रभात फेरी निकाली। जिसमें महिलाएं, पुरुष व बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। प्रभात फेरी में शामिल लोगों द्वारा एक साथ कीर्तन व वाणी का प्रचार किया जा रहा है। प्रभात फेरी कुसमुंडा गुरुद्वारे से शुरू होकर कबीर चौक होते हुए विभिन्न मार्गों से गुजरी। प्रभात फेरी में शामिल लोगों के लिए समाज के सदस्यों द्वारा चाय और नाश्ते की भी व्यवस्था की गई थी। प्रभात फेरी सुबह 7 बजे कुसमुंडा गुरुद्वारा पहुंचकर संपन्न हुई। इस अवसर पर सिख समाज ने गुरुनानक जी के उपदेशों को याद किया।

## सड1क हादसे में युवक की मौत

**कोरबा।** उरगा थाना क्षेत्र में हुई एक सडक दुर्घटना में युवक की मौत हो गई। युवक डांसर था और नरईबोध से भैसमा जा रहा था। इस बीच हादसा हुआ। मामले में पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है। बताया जाता है कि गेवरा बस्ती नरईबोध में रहने वाले लगभग 12 युवक एक चारपहिया वाहन में सवार होकर भैसमा में आयोजित एक डांस प्रतियोगिता में शामिल होने जा रहे थे। इसमें 20 वर्षीय धीरज पटेल भी शामिल था। उरगा थाना क्षेत्र में मेन रोड पर धीरज को उल्टी लगी। तब चालक ने वाहन को सडक किनारे खड़ी कर दिया। धीरज वाहन से उतरकर उल्टी कर रहा था। इस बीच पीछे से ट्रेलर ने ओवरटेक करके धीरज को टक्कर मार दिया। उसे गंभीर चोटें आई। घटना स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। चार पहिया गाड़ी में सवार लोग धीरज को लेकर अस्पताल पहुंचे। परीक्षण कर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

# कच्छ गुर्जर क्षत्रिय समाज का दीपावली मिलन समारोह आयोजित



दबंग दुनिया ♦ कोरबा

श्री कच्छ गुर्जर क्षत्रिय समाज कोरबा घटक का दीपावली व स्नेह मिलन समारोह डीडीएम रोड स्थित जलाराम मंदिर एवं गुजराती समाज भवन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश स्तुति व श्री राम स्तुति से किया गया। तत्पश्चात कोरबा घटक अध्यक्ष रवीन्द्र भाई टांक ने घटक के सदस्यों का स्वागत किया। कार्यक्रम को महासभा के मंत्री सुरेश भाई चौहान ने संबोधित किया।घटक के कोषाध्यक्ष, महिला मंडल के कोषाध्यक्ष और युवा मंडल के कोषाध्यक्ष द्वारा गत वर्ष का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। सरस्वती सम्मान के दौरान नर्सरी से लेकर कॉलेज तक के बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कोरबा क्षेत्र की ओर से इस वर्ष से एक नई परंपरा शुरू की गई, जिसमें भूतपूर्व अध्यक्ष, महिला मंडल अध्यक्ष और युवा मंडल अध्यक्ष को उत्कृष्ट समाज सेवा के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही समाज के विभिन्न क्रियाकलापों में सहयोग प्रदान करने वाले को समाज की तरफ से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में संगठन मंत्री कैलाश टांक द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के सदस्य सपरिवार शामिल हुए।

# पीएम आवास के हितग्राहियों को निःशुल्क दिया जाए रेत

■ विधायक फूलसिंह राठिया ने कलेक्टर को लिखा पत्र

दबंग दुनिया ♦ कोरबा



वर्तमान समय में आशियाना बनाना काफी मुश्किल है। निर्माण सामाग्रियों के दाम आसमान छू रहे हैं। गरीबों के आशियाने का सपना पूरा करने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों के मकान बन चुके हैं या फिर बनाए जा रहे हैं। योजना के तहत आवास निर्माण महंगा साबित हो रहा है, क्योंकि योजना के लाभान्वित हितग्राहियों को महंगे दर पर रेत खरीदनी पड़ रही है।

रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभान्वित हितग्राहियों को निःशुल्क रेत मुहैया कराए जाने की मांग की है। इस बाबत उन्होंने कलेक्टर अजीत वसंत को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना में लाभान्वित हितग्राहियों को रेत निःशुल्क दिया जाए, ताकि जिले के गरीब हितग्राहियों को आवास बनाने में आसानी हो। रेत के लिए उन्हें मोटी रकम खर्च न करनी पड़े। महंगाई को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों को तत्काल निःशुल्क रेत दिए जाने की मांग विधायक श्री राठिया ने की है। पत्र की प्रतिलिपि उप संचालक खनिज विभाग को भी प्रेषित की गई है। ज्ञात रहे कि छत्तीसगढ़ विधानसभा सत्र के दौरान मौजूदा वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने राज्य में प्रधानमंत्री आवास निर्माण के लिए निःशुल्क रेत की घोषणा की थी। घोषणा के बाद अब तक प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को निःशुल्क रेत उपलब्ध नहीं करायी जा रही है।

# एबीवीटीपीएस से सेवानिवृत्त वरिष्ठ पर्यवेक्षक को दी गई भावपूर्ण विदाई

दबंग दुनिया ♦ जांजगीर-चांपा



अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस) मड़वा से अक्टूबर माह में वरिष्ठ पर्यवेक्षक नानक देव बघेल सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्त कर्मचारी को पॉवर कंपनी परिवार की ओर से भावपूर्ण विदाई दी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष मुख्य अभियंता एचएन कोसरिया ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए पॉवर कंपनी की ओर से आभार जताया।

मुख्य अभियंता के हाथों सेवानिवृत्त कर्मचारी को स्मृति चिह्न व सेवा प्रमाण-पत्र भेंट किया गया। समारोह में विशिष्टि अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता पीके श्रीवास्तव, एसडी द्विवेदी और एन. लकरा की गरिमामयी उपस्थिति रही। कांफ्रेंस हाल में आयोजित दीर्घ सेवा सम्मान समारोह में मुख्य अभियंता एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारी को स्वस्थ व सुखमय जीवन की शुभकामनाएं दी गईं।

नानक देव बघेल ने विद्युत मंडल एवं पॉवर कंपनी में 39 वर्ष 09 माह 03 दिन की सेवाएं दी हैं। उनकी प्रथम नियुक्ति 30 जनवरी 1985 को हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में संयंत्र परिचारक श्रेणी तीन के पद पर हुई थी। इस अवसर पर सेवानिवृत्त बघेल ने अपने लंबे कार्यकाल का अनुभव सुनाया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कल्याण अधिकारी आरएस टेकाम द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारी का संक्षिप्त जीवन परिचय का उल्लेख किया गया। इस मौके पर पर अधीक्षण अभियंता वीके सिंह, क्रिस्टोफर एक्का, धमेंद्र बंजारे, एनके घृतलहरे, एसके तारेंद्र, जेके गायकवाड़ और मुख्य रसायनज्ञ उत्तम चंद्रवंशी समेत बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रामनारायण राठौर का विशेष सहयोग रहा।

## लोक अभियोजक एवं शासकीय अभिभाषक बने वरिष्ठ अधिवक्ता बनाफर



**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन ने जिला न्यायालय जांजगीर के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता संदीप बनाफर को लोक अभियोजक एवं शासकीय अभिभाषक नियुक्त किया है। श्री बनाफर के लोक अभियोजन एवं शासकीय अभिभाषक नियुक्त होने पर जिला अधिवक्ता के संघ के पदाधिकरी एवं सदस्यों ने उन्हें बधाई देते हुए खुशी जाहिर की है।

# मीटर रीडर को संविदा नियुक्ति दिए जाने की मांग

दबंग दुनिया ♦ जांजगीर-चांपा



स्पॉट बिलिंग एवं मीटर रीडिंग श्रमिक ठेका कर्मचारी महासंघ छत्तीसगढ़ के मीटर रीडर्स द्वारा राज्य शासन से अपनी मांगों को प्रबलता से रखा गया है, जिसमें उन्होंने मीटर रीडर को संविदा नियुक्ति दिए जाने की मांग की है। इसमें प्रमुख रूप से उन्होंने कहा है कि मीटर रीडर वर्षों से कार्य कर रहे हैं, मगर उन्हें पर्याप्त वेतन प्राप्त नहीं हो रहा है। इसके साथ ही कई बार उनके कार्य से हटाने की कोशिश भी की गई है, जिसको लेकर स्पॉट बिलिंग एवं मीटर रीडिंग ठेका कर्मचारी संघ ने राज्य के मुख्यमंत्री के समक्ष मीडिया के माध्यम से अपनी बात रखी है।

महासंघ का कहना है कि मीटर रीडर विगत कई वर्षों से मीटर रीडिंग का कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में बिलिंग कार्य एक तारीख से 15 तारीख तक हर हाल में पूरा करने का आदेश दिया गया है। संगठन द्वारा हमेशा से यह मांग की जाती रही है कि मीटर रीडरों को 15 दिन बिलिंग कार्य करने के बाद शेष 15 दिवस अन्य कार्यों में लिया जाए, जिससे रीडरों को पूरे माह का कार्य तथा समान वेतनमान मिले। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि विद्युत वितरण कंपनी में लगभग 65 लाख उपभोक्ता हैं। वहीं लगभग पांच हजार 300 मीटर रीडरों द्वारा उपभोक्ताओं के परिसर में जाकर बिल वितरण का कार्य किया जाता है, इन मीटर रीडरों में महिलाएं भी सम्मिलित हैं।

### बेरोजगार हो जाएंगे मीटर रीडर

महासंघ के पदाधिकारियों का कहना है कि वर्तमान में केंद्र सरकार की स्मार्ट मीटर योजना के तहत उपभोक्ताओं के परिसर में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। स्मार्ट मीटर प्रीपेड पद्धति पर कार्य करता है, जिसकी वजह से मीटर रीडर बेरोजगार हो जाएंगे। स्मार्ट मीटर लगने के बाद मीटर रीडरों का क्या होगा? छग शासन द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के तहत जशपुर जिले में स्वसहायता समूह की महिलाओं को बिजली सखी का नाम देकर उनसे रीडिंग कराया जा रहा है। साथ ही 300 महिलाओं को बिजली सखी के रूप में प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान मे महिलाएं भी रीडिंग कार्य कर रही हैं, इन नई बिजली सखियो के आने से उस क्षेत्र के पुराने मीटर रीडरों का क्या होगा? इस पर अब तक कोई जवाब नही आया है। एक ओर स्मार्ट मीटर की वजह से मीटर रीडरों की नौकरी पर बन आई है, साथ ही बिजली सखी के रूप में नई महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ऐसा भेदभाव क्यों? इस राज्य में जो भी सरकारें बन रही है, वह सिर्फ मीटर रीडरों को टारगेट कर रही है।

# जिले में भाजपा के संगठन चुनाव को लेकर कार्यशाला आयोजित

दबंग दुनिया ♦ जांजगीर-चांपा



जिले में भाजपा के संगठन चुनाव की सोमवार को दुंदभी बज गई। भाजपा के जिला कार्यालय में बैठकों का दौर देर शाम करीब सात बजे तक चलता रहा, जिसमें कार्यकर्ताओं को बूथ, मंडल और जिला स्तरीय चुनाव प्रक्रिया की जानकारी दी गई। साथ ही बूथ और मंडल समिति के चुनाव के लिए मंडल और जिला स्तरीय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी भी दी गई।

भाजपा कार्यालय में पहले जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें चुनाव संगठन प्रभारी जोगेश लांबा ने कार्यकर्ताओं को प्रदेश संगठन की कार्ययोजना की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संगठन की लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत तय समय-सीमा में सभी स्तर के चुनाव संपन्न कराए जाएंगे, जिसमें जिला स्तर पर तय किए गए चुनाव पदाधिकारियों की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण होगी। सोशल मीडिया प्रदेश प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा के चुनाव कार्यक्रम का हर चरण हम उत्सव के रूप में मनाएंगे, जिसमें बूथ से लेकर जिला तक के चुनाव में प्रदेश संगठन की गाइड लाइन के तहत कार्यक्रम किए जाएंगे। संगठन चुनाव को लेकर जिला संगठन द्वारा कार्यक्रम जारी किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि दो महीने पहले प्रारंभ हुआ संगठन पर्व आगामी दो महीने तक और चलेगा। इसके तहत प्राथमिक सदस्यता हुई और वर्तमान में सक्रिय सदस्यता चल रही है। मंगलवार को सक्रिय सदस्यता का प्रथम प्रकाशन होगा। मंडल और जिला के निर्वाचन अधिकारी तय हो गए हैं और इन्होंने अपनी प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी है। उन्होंने उपस्थित जवाबदार कार्यकर्ताओ से उपस्थिति का जायजा लिया। कार्यशाला में कार्यक्रम अध्यक्ष नंद चौधरी, जिला संगठन प्रभारी गिरधर गुप्ता, पूर्व संसदीय सचिव अंबेश जांगड़े, चुनाव सहप्रभारी नंदनी रजवाड़े, जिला महामंत्री पुरूषोत्तम शर्मा, जिला उपाध्यक्ष विवेका गोपाल, अरूण झाझडिया, राम खुबवानी, अनुराधा शुक्ला, रजनी साहू, संतोषी दुबे, जितेंद्र देवांगन, अभिमन्यु राठौर, रमेश वैष्णव, गुरूदयाल पाटले, चंद्रकांत तिवारी, दिनेश सिंह, सुमित प्रताप सिंह, आशुतोष गोस्वामी, भुवनेश्वर साहू, गणेश श्रीवास, जगदीश कश्यप, कमल केडिया, राजेन्द्र शर्मा, व्यास वर्मा, उदालिक साहू, एस कुमार देवांगन, प्रदीप सोनी, संजीव बंजारे, मनोज मिश्रा, पंकज अग्रवाल, राहुल सेन, अजित गढ़वाल, अमित यादव, धर्मेन्द्र राणा, मुकेश जायसवाल, राजेन्द्र तिवारी, रितेश अग्रवाल, प्रदीप सोनी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**पहले 669 बूथों के अध्यक्षों का चुनाव**

जिला चुनाव अधिकारी जोगेश लांबा ने उपस्थित कार्यकर्ताओ को बताया कि पहले जिले के सभी 669 बूथों के अध्यक्षों का चुनाव होगा। बूथ से प्रारंभ होकर मंडल अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, प्रदेशाध्यक्ष व राष्ट्रीय अध्यक्ष तक के लिए चुनाव होंगे। उन्होंने सभी मंडल में बनाए गए चुनाव अधिकारी व सदस्यता सहयोगी टोली से वन-टू-वन बात की। उन्होंने सभी से नियत अवधि के अंदर प्राथमिक सदस्यता व सक्रिय सदस्यता की प्रक्रिया को पूर्ण करने की बात कही।

**जिलाध्यक्ष का चुनाव 14 दिसंबर तक :** चुनाव अधिकारी लांबा ने प्रदेश में सदस्यता संख्या में जांजगीर-चांपा जिला का सर्वाधिक दूसरे स्थान पर रहने के कारण सभी कार्यकर्ताओ को बधाई दी। उन्होंने कहा कि 30 नवंबर तक सभी बूथ अध्यक्ष व मंडल अध्यक्ष का चुनाव होना है, उसके बाद 14 दिसंबर तक जिलाध्यक्ष का चुनाव होना है। इसके लिए सभी मंडलों में भी अलग-अलग कार्यशाला आयोजित होंगी, जिसके लिए चुनाव अधिकारी अपने- अपने प्रभार मंडल में जाकर चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराएंगे।

Scanned with OKEN Scanner

# 15 सालों से कोई हाईटेक बस स्टैण्ड नहीं होने से भटक रहे है यात्री

## ■ सड़क पर ही खड़ा होकर बस इंतजार करते है यात्री

**दबंग दुनिया ♦ भाटापारा**

जिस तरह रेल सुविधा के लिये रेल स्टेशन होता है उसी तरह बस सुविधा के लिये एक हाईटेक बस स्टैण्ड का होना अनिवार्य है परंतु शहर मे पिछले 15 सालों से हाई टेक बस स्टैंड नही हो पाया है जिसकी सख्त आवश्यकता महसूस की जा रही है। नगरवासी भी मध्यप्रदेश सड़क परिवहन निगम के समय से भाटापारा में एक सर्वसुविधा युक्त बस स्टैंड की मांग कर रहे हैं, लेकिन मध्यप्रदेश के बाद छत्तीसगढ़ बन गया और फिर छत्तीसगढ़ बनने के बाद रायपुर जिले से भाटापारा अलग भी हो गया, उसके बाद भी शहर को एक बस स्टैंड की सौगात नही मिल पाई।

भाटापारा से जिला मुख्यालय सहित अन्य जिलों के अनेक कस्बों के लिए शहर से नियमित सेवा है, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि बस को खड़ी करने के लिए एक स्थायी बस स्टैंड की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही है। नतीजा बस में सफल करने वाले यात्रियों को धूप हो या बरसात सड़क पर खड़े होकर बस का इंतजार करना पड़ रहा है। ताज्जुब की की बात है कि शहर में राजनीति का दंभ भरने वाले भी भाटापारा शहर को अब तक एक स्थायी बस स्टैंड की सुविधा नहीं दिलवा पाए।

### एक शेड तक नहीं

बस यात्रियों में हमेशा ही नाराजगी बने रहती है। इतने वर्षों के बाद भी भाटापारा को सर्व सुविधा युक्त हाईटेक बस स्टैंड नहीं मिल सका। बस स्टैंड पहुंचने पर खास कर महिलाओं को ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हालत ये है कि बसें भी जहां-तहां खड़ी कर दी जाती है।

आज हालात ऐसे बन गए हैं कि यात्री बस स्टैंड कहीं गुम हो गया है। ढूंढने पर भी यह नहीं पता चलता कि यहीं बस स्टैंड है। जबकि जहां




पर से बसें संचालित होती है वहां पर 25 से 30 वर्ष से भी अधिक समय से बस चल रही हैं, किंतु वर्तमान में कई ऐसे सवाल हैं जो यात्रियों के आज भी अनसुलझे हैं।

पूरे बस स्टैंड में बड़ी संख्या में अवैध तरीके से सब्जी दुकानें बेतरतीब रूप से लगती है, जिससे बसे आसानी से अंदर बाहर आ जा नहीं सकती और किसी दिन भी अप्रिय घटना से इनकार भी नहीं किया जा सकता है। चारो तरफगंदगी का आलम है।

इस बस स्टैंड में कोई भी सुविधा नहीं होने से वर्तमान में भरी दोपहर के समय लोग परेशान है भीषण गर्मी के समय गर्मी से लोग परेशान रहते हैं। क्योंकि इस बस स्टैंड में यात्रियों के ठहरने के लिए शेड तक नहीं है इसलिए लोगों की मांग की शहर में जहां पर अभी बस स्टैंड है उसे पूरी तरह कब्जा मुक्त कराकर वहीं पर एक हाईटेक सर्व सुविधा युक्त बस स्टैंड का निर्माण कराया जाए क्योंकि यह जगह वर्तमान में बस स्टैंड के लिए सबसे उपयुक्त जगह है।

कहने को तो यह यात्री बस स्टैंड है किंतु यहां पर यात्रियों के लिए नाम मात्र की भी सुविधाएं उपलब्ध नहीं है यात्रियों के लिए न तो वहां पर खड़े होने के लिए शेड है न ही पीने के पानी आदि की व्यवस्था है। साथ ही महिला यात्रियों के लिए शौचालय तक की व्यवस्था नहीं है। इन सब अव्यवस्थाओं के कारण यात्रियों को बहुत ज्यादा परेशानियों का सामना भाटापारा में काफी लंबे समय से एक सर्व सुविधा युक्त बस स्टैंड की आवश्यकता लगातार महसूस की जा रही है। परंतु इस दिशा में अभी तक कोई भी उल्लेखनीय कार्य नहीं हुआ है। यथाशीघ्र भाटापारा में हाईटेक बस स्टैंड बनाया जाना चाहिए।

**रोजाना चलती है भारी संख्या मे बसें :** वर्तमान में शहर से अन्य शहरों और गांवों के लिए सबसे अधिक बसें रोजाना चलती है ज्यादातर बसें ग्रामीण क्षेत्रों के लिए भाटापारा से चलती हैं। बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के लोग रोजाना के कार्य के लिए भाटापारा आते-जाते हैं। साथ ही भाटापारा स्टेशन से ट्रेन पकड़ने के लिए गांव से बसों के माध्यम से भाटापारा पहुंचते हैं। भाटापारा से बलोदा बाजार, सुहेला, मुंगेली, बिलासपुर, मारो, नवागढ़, पथरिया, बेमेतरा, मोपका, निपनिया, करही बाजार और खरोरा के लिए बसें चलती हैं।

### 10 सालों से नगरवासी कर रहे हैं मांग

यात्रीगण द्वारा पूछे गए सवालों का माकूल जवाब किसी के पास नहीं है, क्योंकि बस स्टैंड वाली जगह पर चिल्लर सब्जी विक्रेताओं ने धीरे धीरे कर काबिज हो गए हैं, वहीं जो स्थान बचा है वहां आवारा मवेशियों का कब्जा रहता है। बस स्टैंड जैसी कोई सुविधा यहां मौजूद नहीं। इसको लेकर यहां पर से यात्रा करने वाले अनुराग शुक्ला, सुदीप शुक्ला अध्यक्ष बन ओनर्स एसो. भाटापारा विगत 10-12 सालो से हाईटेक बस स्टैंड बनाए जाने की मांग भाटापारा के नागरिक कर रहे हैं। परंतु अभी तक इस दिशा में कुछ होता दिखाई नहीं दे रहा। जबकि इतनी बड़ी आबादी भाटापारा की होने के बावजूद आज इतनी ज्यादा बसें यहां से संचालित हो रही हैं। इसके बाद भी अभी तक के एक सर्व सुविधायुक्त बस स्टैंड का न बन पाना जिम्मेदारों की राजनीतिक पहुंच कितनी है यह बताने के लिए काफी है।

---

# ग्राम अमेरा में एक व्यक्ति की हत्या करने वाले एक अपचारी बालक सहित आरोपियों को किया गिरफ्तार

**दबंग दुनिया ♦ बलौदाबाजार**

मंगलवार 2 नवम्बर 2024 को प्रार्थी जय कुमार धृतलहरे निवासी ग्राम अमेरा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 02 नवम्बर 2024 की शाम लगभग 7:30 बजे ग्राम अमेरा में मृतक जगन्नाथ धृतलहरे का आरोपी राकेश सोनवानी एवं एक अपचारी बालक के साथ फटाका फोड़ने की बात को लेकर विवाद हो गया। इस पर आरोपियो द्वारा आज तुझे जान से खत्म कर देंगे कहकर गाली गलौज करते हुए, हाथ मुक्का एवं अपने कलाई में पहने चूडा से मृतक के सिर में घातक वार किया गया। जिससे जगन्नाथ धृतलहरे गंभीर रूप से घायल हो गया। रिपोर्ट पर थाना पलारी में धारा 296,115(2),351(2),3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले में



आहत व्यक्ति जगन्नाथ धृतलहरे को इलाज हेतु शंकर हॉस्पिटल रायपुर में भर्ती कराया गया था। जिसमें सोमवार 03 नवम्बर की रात्रि उसकी मृत्यु हो गई। प्रकरण में घायल व्यक्ति की मृत्यु हो जाने पश्चात धारा 103(1) बीएनएस जोड़ी गई है। थाना पलारी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया गया। जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा मृतक के साथ फटाका फोड़ने की बात को लेकर गंभीर रूप से मारपीट कर उसे चोट पहुंचाना स्वीकार किया गया। प्रकरण में मंगलवार 05 नवम्बर 2024 को दोनों आरोपियों राकेश सोनवानी उम्र 38 साल निवासी ग्राम अमेरा थाना पलारीएवं अपचारी बालक एक नफर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# शिवरतन शर्मा की अनुशंसा पर 15वें वित्त आयोग के अनटाईड ग्राण्ट अंतर्गत 1 करोड़ 10 लाख 51 हजार की मिली स्वीकृति

**दबंग दुनिया ♦ भाटापारा**

प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद से लगातार क्षेत्र में उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा की अनुशंसा से विकास कार्यों की स्वीकृति प्राप्त हो रही है। अब तक लगभग 12 करोड़ की राशि का नगर विकास कार्यों के लिए स्वीकृति प्राप्त कर ली गई है.। इसी कड़ी में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा भाटापारा नगर के लिए 15वे वित्त आयोग के अनटाईड ग्राण्ट अंतर्गत 01 करोड़ 10 लाख 51 हजार राशि की स्वीकृति मिली है।

अनटाईड ग्राण्ट अंतर्गत श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड में मुख्य मार्ग से पानी टंकी फिलिंग फ्लाइट, ई रिक्शा चार्जिंग पॉइंट, फिल्टर प्लांट एवं पम्प हाउस तक सीसी रोड निर्माण कार्य 23 लाख 88 हजार, वार्ड नम्बर 01 में फिल्टर प्लांट आउटलेट पाइप से मुख्य नाली तक सीसी नाली निर्माण 05 लाख 39 हजार, सुभाष वार्ड किशन साहू के घर से कश्यप के घर तक सीसी रोड 03 लाख 59 हजार, परसुराम वार्ड में 04 स्थानों पर आरसीसी नाली निर्माण 6 लाख 92 हजार, गांधी मंदिर वार्ड में जनपद पास मिश्रा के घर से मुख्य नाली तक आर सीसी नाली निर्माण 07 लाख 81 हजार, रामसागर वार्ड में ओवर ब्रिज के किनारे से नया बस स्टैंड तक पहुँच मार्ग सीसी रोड निर्माण 21 लाख 14 हजार, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में चर्च से नहर पुल चौक होते हुए मुख्य नाला तक नाली निर्माण 32 लाख 78 हजार की स्वीकृति मिली हैं.।



शीघ्र ही निविदा प्रक्रिया पुर्ण कर कार्य प्रारंभ किया जाएगा उक्त निर्माण कार्यों से वार्ड रहवासियों को बारिश के दिनों में हो रही जल भराव की संकट एवं अन्य कठिनाइयों से निजात मिलेगा। विदित हो कि भाजपा की सरकार बनने के 11 माह में ही शिवरतन शर्मा की सक्रियता से करोड़ो के विकास कार्यो की स्वीकृती लागतार क्षेत्र को प्राप्त हो रहा है, जिसमे सिंमगा नगर पालिका बनने की अधिसूचना, दो जिला सहकारी मर्यादित बैंक खोलने की स्वीकृति, मोपका महाविद्यालय भवन निर्माण कार्य, व्यवहार न्यायालय सिंमगा- भाटापारा में भवन निर्माण कार्य, शिवनाथ नदी के सेमरिया घाट पर सेमरिया अमलीडीह मार्ग निर्माण कार्य, प्रधानमंत्री सडक योजना से सड़क नवीनीकरण का कार्य जैसे अन्य और भी करोड़ो रुपयों के विकास कार्यों की राज्य सरकार द्वारा पूर्व में स्वीकृति प्राप्त कर ली की गई है.. उक्त स्वीकृति के लिए शिवरतन शर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, लोक निर्माण मंत्री एवं नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव सहित पूरे सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है..

क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं में भी सभी हो रहे विकास कार्यो की स्वीकृति से प्रसन्नता है, राकेश तिवारी, सुनील यदु, आशीष जायसवाल, मोहन बांधे, राजा कामनानी, मनिंदर गुम्बर, योगेश अंनत,गोपाल देवांगन, कुंजराम कोशले, सतीश साहू, दिलीप यादव, मनीष मिश्रा, राजू पटेल, सिया साहू, आशिष पुरोहित, व्यास यदु, देवेंद्र साहू, अनिल चेलक, धन्नू यादव, पीताम्बर साहू, रवि वर्मा, सोमेश वर्मा, सुखदेव यदु, सहित सभी पार्टी पदाधिकारियों कार्यकताओं ने उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा की सक्रियता और क्षेत्र के प्रति उनकी विकास परक सोच के प्रति उनका धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में विधायक चातुरी नंद ने किया चुनाव प्रचार

**दबंग दुनिया ♦ सरायपाली**

4 नवंबर को विधायक चातुरी नंद ने रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा के पक्ष में ब्राम्हण पारा में चुनाव प्रचार किया। साथ ही वार्ड के कांग्रेस पदाधिकारियों से भेंटकर चुनाव जीतने के लिए रणनीति तैयार की।

चुनावी चौपाल को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि भाजपा सरकार के महज दस महीने के कार्यकाल में प्रदेश आज अपराध का गढ़ बन चुका है। चाहे कवर्धा का लोहारीडीह कांड हो या फिर बलरामपुर, सूरजपुर की घटना



भाजपा की साय सरकार कानून व्यवस्था पूरी तरह फेल हो चुकी है। प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था से आज आम जनता इस सरकार से असंतुष्ट और आक्रोशित है। रायपुर दक्षिण विधानसभा चुनाव में कानून व्यवस्था बड़ा मुद्दा है और क्षेत्र की जनता इस बार कांग्रेस प्रत्याशी को अपना समर्थन देने तैयार है। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी के सांसद कार्यकाल के दौरान उनकी निष्क्रिय कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए उन्हें आम जनता द्वारा नकराने की बात कही। बता दें कि रायपुर दक्षिण विधानसभा के उपचुनाव में सरायपाली विधायक चातुरी नंद को 3 वार्डों का प्रभारी बनाया गया है। चुनाव प्रचार के दौरान वार्ड की सह प्रभारी सुनीता शर्मा, युवा कांग्रेस नेता सुयश शर्मा, जयंत यादव समेत कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# बलौदा कॉलेज में एड्स जागरुकता पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**सरायपाली।** डॉ.भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई,रेड रिबन क्लब एवं यूथ रेडक्रास इकाई के संयुक्त तत्वाधान में डॉ. मालती तिवारी जिला संगठक महासमुंद के मार्गदर्शन एवं अनिता पटेल प्राचार्य डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा के दिशा-निर्देश में तथा कमला बाई दीवान रासेयो कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में एड्स जागरुकता पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ममता ताण्डी,द्वितीय स्थान सूर्यकांत पाणीग्राही व तृतीय स्थान सुभाष बीसी ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में रमेश कुमार पटेल यूथ रेडक्रास इकाई प्रभारी, प्राध्यापक गजानंद नायक, किरण कुमारी, अंजेला लकड़ा, रश्मि निबरगिया, ऋतुराज भोई, माधुरी प्रधान एवं धर्मेन्द्र भोई, जीतू साहू, सोमेश साव, कौशल चौधरी, जावेद नंद, किशन नंद, विकास राणा, यशोदा साव, योगीता, जूली साव, ममता ताण्डी, सूर्यकांत, सुभाष बीसी, झरना रौतिया, खुशबू, डमरुधर आदि स्वयंसेवक सम्मिलित हुए।

# राज्यपाल श्री डेका ने भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन

**दबंग दुनिया ♦ रायपुर**

राज्यपाल रमेन डेका ने आज राजभवन में आधुनिक असम के सांस्कृतिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले बहुमुखी प्रतिभा के धनी, भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका जी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि डॉ. हजारिका जी का योगदान न केवल असम बल्कि संपूर्ण भारत की सांस्कृतिक धरोहर को समृद्ध करता है। वे केवल एक गायक या संगीतकार नहीं थे, बल्कि, वे उन चंद लोगों में से थे ज़िन्होंने हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा की छाप छोड़ी। उन्होंने



कई फिल्मों का निर्देशन भी किया। वे भारतीय संगीत अकादमी के निर्देशक भी रहे। श्री हजारिका पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी बाजपेयी के मित्र भी थे। श्री हजारिका असम विधानसभा के विधायक भी रहे। श्री डेका ने कहा कि श्री हजारिका की विरासत, उनके गीत और उनके कार्य हमेशा हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगें।

इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव श्री यशवंत कुमार, संयुक्त सचिव श्रीमती हिना अनिमेष नेताम एवं राजभवन के अधिकारियों-कर्मचारियों ने श्री हजारिका के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## निधन

**भोला वर्मा**

**पलारी।** पलारी विकास खंड के संडी बंगला व्यापारी संघ के अध्यक्ष भोला वर्मा का आकस्मिक निधन आज मंगलवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को ही दोपहर बाद किया गया। संडी बंगला व्यापारी संघ ने स्वफुर्त सभी ब्यापारीयो ने अपने अपने दुकान बंद कर अंतिम संस्कार में शामिल हुआ। वे हरिराम वर्मा के सुपुत्र व जीतू वर्मा शुभम वर्मा का भाई था।



# बलौदा कॉलेज में एड्स जागरुकता पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**सरायपाली।** डॉ.भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई,रेड रिबन क्लब एवं यूथ रेडक्रास इकाई के संयुक्त तत्वाधान में डॉ. मालती तिवारी जिला संगठक महासमुंद के मार्गदर्शन एवं अनिता पटेल प्राचार्य डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा के दिशा-निर्देश में तथा कमला बाई दीवान रासेयो कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में एड्स जागरुकता पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

उक्त पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ममता ताण्डी,द्वितीय स्थान सूर्यकांत पाणीग्राही व तृतीय स्थान सुभाष बीसी ने प्राप्त किया.कार्यक्रम में रमेश कुमार पटेल यूथ रेडक्रास इकाई प्रभारी, प्राध्यापक गजानंद नायक,किरण कुमारी, अंजेला लकड़ा,रश्मि निबरगिया,ऋतुराज भोई,माधुरी प्रधान एवं धर्मेन्द्र भोई,जीतू साहू,सोमेश साव,कौशल चौधरी,जावेद नंद, किशन नंद,विकास राणा,यशोदा साव, योगीता,जूली साव, ममता ताण्डी, सूर्यकांत,सुभाष बीसी,झरना रौतिया, खुशबू, डमरुधर आदि स्वयंसेवक सम्मिलित हुए।

# केजुंवा में गांव को नशा मुक्त करने गुलाबी गैंग महिला समूह का किया गठन

**दबंग दुनिया ♦ सरायपाली**

4 नवंबर को केजुंआ में गांव को नशा मुक्त करने महिला विकास कल्याण संस्थान के बैनर तले गुलाबी गैंग महिला समिति का गठन किया गया है। गांव में गुलाबी गैंग महिला समूह का गठन होने के पश्चात अब महिलाओं में उम्मीद जग गई है कि गांव नशा मुक्त होगा और कई परिवार नशे की चपेट में थे इससे महिलाओं को छुटकारा मिलेगा,उनकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी घर का माहौल जो नशे के कारण खराब हो रहा था उससे भी छुटकारा मिलेगा। महिला



समूह के गठन के दौरान सरपंच प्रभा मांझी, चंद्रसाय मांझी, रेवती, बिजली बाई, जलकुंवर मांझी, ललिता, कविता, श्याम बाई, श्याम बाई भोई, हेमलता बाघ, पिंकी प्रधान,पूर्णिमा बुडेक, चंद्रकांति मांझी, द्रौपदी मांझी,पुष्पा मांझी, शोभावती, नीलिमा साहू, संजुक्ता साहू, हरी प्रिया भोई, पवित्रा बारिक, संध्या मांझी, विमला साहू, जयमोती नेताम, गणेशी भोई, विलासिनी बूडेक, श्याम बाई पोर्ते, कुमोदिनी भोई,नीरा,चंद्रकांति सुखु, अहिल्या आजमोती आदि मौजूद थे। गुलाबी गैंग गठन के पश्चात अब गांव शराब मुक्त होगा, महिलाओं ने कहा कि शराब से उनके गांव का माहौल खराब हो रहा था, कई परिवार नशे के चपेट में है,अब अवैध रूप से गांव में शराब बेचने वालों को गुलाबी गैंग पकड़कर पुलिस के हवाले करेंगे, इसके अलावा गुलाबी गैंग गांव को नशा मुक्त करने के अलावा कृषि, वन, वन्य प्राणी की सुरक्षा, नारी उत्थान,कुपोषण मुक्ति,कृषि अनुदान की देखरेख एवं शासन के अन्य रोजगार मूलक रचनात्मक कार्यों पर आधारित कार्यक्रम करेंगे।

# बारिश थमने के बाद कोहरा से बढ़ा एक्सीडेंट का खतरा

**सरायपाली।** विगत 25 अक्टूबर को बारिश थमने के बाद अब शीतलहर शुरू हो गई है, और तड़के सुबह बरस रहे ओस की बूंदे (कोहरा) से सुबह आवाजाही करने वाले लोगों में एक्सीडेंट का खतरा बढ़ गया है। वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई है और गंतव्य तक जाने के लिए लोगों को अधिक समय भी लग रहे हैं। बता दें जैसे ही बारिश की विदाई हुई अगले एक दिन बाद से कोहरा बरसना शुरू हो गया है सुबह 5:00 से लेकर 8:00 बजे तक शहर के मुख्य मार्ग मे गुजरने वाले लोगों को बहुत ही धीमी गति से वाहन चलाना पड़ रहा है जो तेज गति से वाहन चला रहे हैं उन्हें एक्सीडेंट होने का खतरा हमेशा बना हुआ है, कोहरे के साथ ही ठंड में भी दस्तक दे दी है।

# फलदार वृक्ष पर ही मारे जाते हैं पत्थर : छम्मन महंत

**दबंग दुनिया ♦ बरपाली**

विगत दिनों स्वप्रेरित सत्संग समिति के नेतृत्व में एक दिवसीय सत्संग सम्मेलन का आयोजन गोधना में किया गया । सत्संग समिति अध्यक्ष कोटियाडीह निवासी छम्मन महंत ने अपने उद्बोधन में कहा कि आप कुछ अच्छा काम कर रहें हैं, तो याद रखिए रास्ते बहुत कठिन होंगे। रोकने की हर संभव कोशिश की जायेगी। पर ईश्वर की कृपा और अपनी मेहनत से आप आगे निकल जायेंगे। उन्होंने कहा कि जब लोगों को खबर लगती है कि आप नित नए समाज सेवा एवं सहयोग का कार्य कर रहे हैं, तो आपका आलोचना होना स्वाभाविक है, लोग यह कहने में नहीं हिचकिचाते कि



कुछ स्वार्थ होगा तभी आप लोगों की सेवा या मदद कर रहें हैं,आज के समय में कोई किसी का भला के बारे में कहां सोचता है, जब अपने बारे में ये बातें आपको सुनने को मिले तो कार्यों को और तेज गति से करना शुरू कर दीजिए। सामने वाले को यह एहसास हो कि कोई कुछ भी कहे आपको कोई फर्क नहीं पड़ता और आप अपना कार्य निरंतर करते रहेंगे।सामने वाले की हमेशा मंशा होती है, कि वह खुद को आपके स्थान पर देखना चाहता है,पर ऐसा नहीं हो पाता। इसलिए कहा गया है कि पत्थर हमेशा फलदार वृक्ष पर मारे जाते हैं। आप खुद को सौभाग्यशाली मानिए कि

ईश्वर ने आपको समाज सेवा और मदद के लिए चुना है।और आप एक फलदार वृक्ष की तरह हैं। जीवन में सहयोग और सेवा का हाथ बढ़ाते चलिए, ईश्वर की कृपा जरूर होगी और आपका हर कार्य धीरे धीरे जरूर पूरा होगा।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सचिव सत्य पुनाऊ राम यादव, कोषाध्यक्ष सत्य रामगोपाल कश्यप, राजू साहू, मेघेश दास, ईश्वर जायसवाल, दुर्गेश जायसवाल, धनंजय साहू,दिनेश धीवर, मोहन साहू, रतन कर्ष, महेश साहू, जागेश्वर महंत, महेश्वरी साहू, रवि साहू, ईश्वरी महंत एवं ग्राम गोधना के अनेकों सत्संग प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन सचिव सत्य पुनाऊ राम यादव द्वारा किया गया।

# सिरबोड़ा स्कूल में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन

**दबंग दुनिया ♦ सरायपाली**

शासकीय प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय सिरबोड़ा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें चिरायु दल की टीम ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम का संचालन डॉ. जनक कुमार जेरी और फार्मासिस्ट भीष्म प्रताप राणा के नेतृत्व में किया गया। लैब टेक्नीशियन उसत पटेल और एएनएम देवकी पटेल भी उपस्थित रहे। सिरबोड़ा में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में स्वास्थ्य जांच के दौरान प्राथमिक विद्यालय के कुल 27 बच्चों और उच्च प्राथमिक विद्यालय के 20 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच के परिणामस्वरूप प्राथमिक विद्यालय से 01 बालक और 02 बालिकाओं में विभिन्न स्वास्थ्य समस्याएं पाई गईं। इनमें से 01 बालक को विशेषज्ञ उपचार के लिए रिफर किया गया, जबकि 02 बालिकाओं का इलाज वहीं पर किया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय से भी कुछ बालिकाओं में स्वास्थ्य समस्याएं मिलीं, जिनमें से 03 को विशेषज्ञ चिकित्सा के लिए रिफर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय से धर्मेंद्र नाथ राणा, हीरालाल साहू,क्षिरोद्र चौधरी, अनीता साहू और महेश साहू उपस्थित रहे।

Scanned with OKEN Scanner

# मुख्यालय दंतेवाड़ा के मंदिर परिसर में गरिमापूर्ण एवं परंपरागत तरीके से हुआ शुभारंभ

■ विकास की ओर अग्रसर जिले को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य : विधायक

दबंग दुनिया ♦ दंतेवाड़ा

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस, (राज्योत्सव-2024) राज्योत्सव का शुभारंभ के क्षेत्र विधायक श्री चैतराम अटामी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान श्री अटामी ने कार्यक्रम स्थल मेढ़का डोबर माँ दंतेश्वरी मंदिर के प्रांगण में मां दंतेश्वरी की पूजा अर्चना कर इसकी परंपरागत शुरूआत किया। श्री अटामी ने इस मौके पर कहा कि हम सभी जानते है कि आज के ही दिन इस हमारे छत्तीसगढ़ को राज्य का स्वरूप देना तत्कालीन प्रधानमंत्री माननीय स्वर्गीय श्री अटल बिहारी बाजपेई जी की ही देन है। आज हम छत्तीसगढ़ में गौरव के साथ कहे सकते है कि हमारा राज्य छत्तीसगढ़ है। जिस तरह से छत्तीसगढ़ राज्य में विकास की नई परंपराओं की शुरूआत और उनका सफल क्रियान्वयन हुआ है, उसी तरह दंतेवाड़ा जिला भी विकास की राह पर सतत अग्रसर है। इसके साथ ही उन्होंने जिले में शिक्षा और कृषि के क्षेत्र में हो रही उत्तरोत्तर प्रगति के विषय में ज़िक्र करते हुए कहा कि जिस प्रकार राज्य बनने के उपरांत छत्तीसगढ़ में मजबूती आ रही है उसी प्रकार इसकी झलक दंतेवाड़ा जैसे दूरस्थ जिलों में भी दिखाई देने लगी है। राज्य सरकार की विकास योजनाओं का सकारात्मक परिणाम दक्षिण बस्तर में दिखने लगा है। कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई एवं अन्य क्षेत्र में जिले की सकारात्मक पहचान बन रही है।



प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीब परिवारों के लिए आवास की सुविधा भी दी जा रही है। एजुकेशन सिटी जावंगा में विद्यार्थियों द्वारा जो उपलब्धि हासिल की जा रही उसे पूरे देश में जिले का नाम रौशन हुआ है इसके अलावा कृषि क्षेत्र में बात की जाए तो जैविक कृषि में भी स्थानीय कृषकों ने नये मुकाम अर्जित की है। इसके साथ ही उन्होंने उपस्थितों को राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी।

इस दौरान आयोजन में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा स्वागत प्रतिवेदन में जिलेवासियों को राज्योत्सव की बधाई देते हुए कहा गया कि 01 नवंबर सन 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य के रूप में अस्तित्व में आया और ये प्रक्रिया छत्तीसगढ़ राज्य के लिए विशेष रूप अहम रही है। और छत्तीसगढ़ ऐतिहासिकता के साथ विकसित हुआ है। यहां के महान विभूतियों ने छत्तीसगढ़ राज्य बनाने के लिए अथक संघर्ष किया। जिसका सुखद परिणाम सभी के समक्ष है। आज पूरे देश में छत्तीसगढ़ राज्य का विशेष महत्व है और यहां परंपरा, संस्कृति की अलग पहचान है। इस राज्य की अस्मिता परंपरा, संस्कृति को एक नई पहचान के साथ हमें आगे बढ़ाना है।

आयोजन स्थल में विभिन्न विभागों जैसे पंचायत एवं ग्रामीण विकास जिला पंचायत, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग,कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, समाज कल्याण, जिला अंत्यावसायी सहकारी समिति विभाग, मछली पालन, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, आयुष विभाग, उद्यानिकी विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, श्रम विभाग तथा पशुपालन विभाग द्वारा अपने अपने विभागीय योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए गए है। इसके अलावा कार्यक्रम के द्वितीय सत्र संध्या 6 बजे से प्रारंभ होगा। जिसमें मुख्य अतिथि द्वारा स्टॉलों का अवलोकन करने के साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों को सम्मानित किया जाएगा और शालेय छात्र छात्राओं एवं लोकनृतक दलों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएगी। आज राज्योत्सव 2024 के शुभारंभ के अवसर छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती ओजस्वी मंडावी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता भास्कर, जिला पंचायत सदस्य श्री रामूराम नेताम, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय, जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे सहित अधिकारीगण, स्कूली बच्चें, गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## स्वरोजगार स्थापना हेतु ऋण प्राप्त करने 20 नवम्बर तक आवेदन आमंत्रित

दबंग दुनिया ♦ कांकेर

जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति कांकेर द्वारा जिले में निवासरत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों से स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए 20 नवम्बर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। बैंक प्रवर्तित योजनांतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के लिए अंत्योदय स्वरोजगार योजना और अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आदिवासी स्वरोजगार योजना के तहत ऋण प्रदाय किया जाएगा। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदक को संबंधित जाति वर्ग तथा जिले का मूल निवासी होना चाहिए। आवेदक की पारिवारिक वार्षिक आय शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में 01 लाख 50 हजार रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। साथ ही राजस्व अधिकारी द्वारा प्रमाण-पत्र जारी नहीं होने पर सरपंच एवं पटवारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र मान्य होगा। आवेदक की उम्र 18 से 50 वर्ष के बीच होनी चाहिए। इच्छुक आवेदक को जन्मतिथि दर्शित पांचवी, आठवीं व दसवीं की अंकसूची, आधार कार्ड, पैन कार्ड, राशन कार्ड एवं मतदाता परिचय पत्र, 02 पासपोर्ट साईज की फोटो, बैंक पासबुक की छायाप्रति तथा 10 रूपए के स्टाम्प पर किसी भी बैंक या वित्तीय संस्था से ऋण अनुदान का लाभ नहीं लेने का शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। उपरोक्त पात्रता एवं शर्तें रखने वाले आवेदक जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति कांकेर, कलेक्ट्रेट कम्पोजिट भवन के प्रथम तल, कक्ष क्रमांक 06 में कार्यालयीन समय में आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।

**लंबे समय से फरार स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार :** **जांजगीर-चांपा**। लंबे समय से फरार स्थाई वारंटी को जांजगीर पुलिस ने गिरफ्तार है। पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देशन में जिला पुलिस जांजगीर द्वारा फरार वारंटियो की लगातार पतासाजी की जा रही है। इसी क्रम में फरार स्थाई वारंटी विशाल सूर्यवंशी निवासी खोखरा थाना जांजगीर को मुखबिर सूचना पर उसके सकुनत से पकड़ा जिसका स्थाई वारंट तामील कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

## दामाखेड़ा घटना पर युवा मोर्चा ने किया कांग्रेस का पुतला दहन

दबंग दुनिया ♦ दंतेवाड़ा





4 नवंबर को भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा दंतेवाड़ा के बस स्टैंड चौक में कांग्रेस पार्टी का पुतला दहन किया गया। भाजयुमो जिलाध्यक्ष कुणाल ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी पर आरोप लगाते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के दामाखेड़ा के कबीर आश्रम में उदित मुनि साहब जी के ऊपर जानलेवा हमला हुआ है और इस हमले में कांग्रेस की संलिप्तता सामने आ रही है , हम ध्यान देंगे बलौदाबाजार घटना, सूरजपुर, कवर्धा और अन्य स्थानों पर कांग्रेस के कार्यकताओं ने छत्तीसगढ़ के शांत वातावरण को अशांत करने का काम किया है , इसी कड़ी में हम सबके आराध्य संत कबीर जी के आश्रम में उदित मुनि जी म पर हमला अत्यंत निंदनीय घटना है।? इसके विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा दंतेवाड़ा के तत्वाधान में हमने कांग्रेस पार्टी का पुतला दहन किया है। इस पुतला दहन कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता, जनपद अध्यक्ष सुनीता भास्कर ममता गुप्ता, मुकेश शर्मा, राकेश कुशवाहा, रामु नेताम, पिंटु राम उइके, सत्यनारायण महापात्र, कुणाल ठाकुर, अभिलाष तिवारी, राघवेन्द्र गौतम, अभिषेक राठौर, अरविंद कुंजाम, मोहन ठाकुर, उरदो ,बृजेश, प्रतिक, लक्ष्मी यादव, नंदलाल, अनिश जार्ज, विरेश, हिमांशु, वेणु इत्यादि युवा मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सीएसआर अंतर्गत एसईसीएल हसदेव क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक ने मोबाइल मेडिकल यूनिट का किया लोकार्पण

दबंग दुनिया ♦ मनेन्द्रगढ़




मनेन्द्रगढ़ जिले की एस ई सी एल हसहदेव क्षेत्र में सीएसआर अंतर्गत महाप्रबंधक ने मेडिकल यूनिट का लोकार्पण किया। हसदेव क्षेत्र के 25 किलोमीटर दायरे में रहने वाले एसईसीएल हरदेव क्षेत्र के खदान प्रभावितों रहने वाले लोगों को मुफ्त इलाज का मिलेगा लाभ। एसईसीएल में तेरा एरिया है और हर एरिया को एक मेडिकल यूनिट की सौगात मिली है। आज दिनांक 5 नवंबर 2024 हसदेव क्षेत्र के मेडिकल यूनिट को मुख्य महाप्रबंधक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जिसमें मुख्यालय के सभी विभाग के स्टाफ ऑफिसर और कल्याण समिति के सदस्य उपस्थित थे।

इससे से ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाओं की पहुंच पर फोकस किया है। मोबाइल मेडिकल यूनिट की सेवाओ में प्राथमिक देखभाल की स्वास्थ्य सेवाएं मिलेगी। इसमें संचारी और गैर संचारी रोग, प्रजनन बाल स्वास्थ्य (आरसीएच) सेवाएं, स्क्रीनिंग गतिविधियां करना और उच्च निदान, उपचार केदो में रेफरल शामिल है। यह मोबाइल मेडिकल यूनिट पॉइंट ऑफ केयर डायग्नोस्टिक प्रदान करेगा। इसमें ब्लड शुगर, गर्भावस्था परीक्षण, एल्बुमिन और शर्करा, एचडी, ऊंचाजच, वजन, दृष्टि परीक्षण,रैपिड डायग्नोस्टिक टेस्ट, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और कैंसर के लिए 35 से अधिक आबादी की जाच की सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी।इस सुविधाओं के मिलने से स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य संबंधी लाभ मिलेगा।

## वनमंत्री व नारायणपुर विधायक केदार कश्यप के जन्मदिवस के अवसर पर हुए अनेक आयोजन



दबंग दुनिया ♦ नारायणपुर

छत्तीसगढ़ शासन के वन मंत्री और नारायणपुर विधायक केदार कश्यप के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा कार्यकताओं ने अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया। नगर को बधाई संदेश के पोस्टर बैनर से सजा दिया वही चौक चौराहों में नगर वासियों को मिठाइयां बांटने के साथ ही सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों को न्योता भोज व जिला अस्पताल में मरीज और उनके परिजनों को भोजन कराया साथ ही जगदीश मंदिर , हनुमान मंदिर, राम मंदिर, गायत्री मंदिर में पूजा अर्चना व गुरुद्वारा में मत्था टेककर वन मंत्री के दीघार्यु के लिए कामना किया गया । इस दौरान भाजपा पदाधिकारी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया शुरू

**कांकेर**। छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदाय करने हेतु आवेदन की प्रक्रिया शुरू की गई है। ऐसे विद्यार्थी जो आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, उनके लिए शिक्षा सत्र 2024-25 हेतु पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के लिए आवेदन पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट http://postmatric-scholarship.cg.nic.in पर ऑनलाईन माध्यम से किया जा रहा है।

आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन हेतु अंतिम तिथि (नवीन एवं नवीनीकरण) 31 दिसम्बर 2024, ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने हेतु 15 जनवरी 2025 और सैंक्शन ऑर्डर लॉक करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2025 तक निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि उक्त निर्धारित तिथियों के पश्चात शिक्षा सत्र 2024-25 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाईन आवेदन की पोर्टल बंद कर दिया जाएगा एवं ड्राफ्ट प्रपोजल अथवा सैंक्शन ऑर्डर लॉक करने का अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा। निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते हैं तो इसके लिए संस्था प्रमुख जिम्मेदार होंगे।

## विकासखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता जिले में 11 नवम्बर से प्रारंभ, तिथि जारी

**कांकेर**। बस्तर ओलंपिक का आयोजन जिले में 11 नवम्बर से प्रारंभ हो रहा है। इस संबंध में खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्री संजय जैन ने बताया कि प्रथम चरण की खेल प्रतियोगिता विकासखंड स्तर से प्रारंभ होगी, जो पूर्व में जोन स्तर पर निर्धारित की गई थी। विकासखंड स्तर पर प्रत्येक पंचायत के खिलाड़ी जिन्होंने अपना पंजीयन कराया है, वे शामिल हो सकेंगे तथा विकासखंड स्तर पर प्रत्येक 10 से 12 पंचायतों का समूह बनाकर प्रतिदिन खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 10 से 12 पंचायत में जो खिलाड़ी विजेता अथवा प्रथम स्थान प्राप्त करेंगे, वह अगले राउंड में प्रवेश करेंगे, जो सेमीफाइनल राउंड होगा। विकासखंडों में लगातार चार से पांच दिनों तक प्रतियोगिताएं संपन्न होगी और विजेता खिलाड़ी टीम अगले राउंड सेमीफाइनल और फिर फाइनल में प्रवेश करेंगे। फाइनल के विजेता अपने विकासखंड से जिला स्तर पर भाग लेंगे। जारी निर्देशानुसार विकासखंड स्तरीय आयोजन के लिए सीईओ जनपद पंचायत द्वारा तिथि निर्धारित की गई है। विकासखण्ड कांकेर में 11 से 14 नवंबर, विकासखण्ड चारामा, नरहरपुर और भानुप्रतापपुर दुगुकोंदल में 13 से 16 नवंबर तक एवं विकासखण्ड कोयलीबेड़ा में 08 से 12 नवंबर 2024 तक खेल प्रतियोगिता का आयोजन करना प्रस्तावित है।

## विधायक चैतराम अटामी ने किरंदुल नगर पालिका विधायक प्रतिनिधि को जांच होने तक पदमुक्त किया

दबंग दुनिया ♦ दंतेवाड़ा

भाजपा जिलाध्यक्ष दंतेवाडा व विधायक चैतराम अटामी ने विधायक प्रतिनिधि नगर पालिका किरंदुल को पद से मुक्त करने का आदेश दिया है।

विगत कुछ दिनों से जितेंद्र गुप्ता विधायक प्रतिनिधि किरंदुल के ऊपर एक किरंदुल निवासी बेवा द्वारा उनके मकान पर कब्जे का आरोप लग रहा था जिसकी शिकायत मिलने पर विधायक अटामी ने जितेंद्र गुप्ता को विवादित मकान के संबंध में जांच हो तब तक पदमुक्त करने का आदेश जारी किया है,पूर्व में भी विधायक ने ऐसे ही पि ए पर दुर्व्यवहार के डॉक्टर द्वारा शिकायत किये जाने पर भी पदमुक्त किया जा चुका है। विधायक चैतराम अटामी ने कहा की जो भी आरोप किसी भी व्यक्ति पर है ये उनका निजी मामला है भाजपा रीती निति और अनुशाशन के तौर पर राजनीतिक दलों में सर्वश्रेष्ठ है किसी भी तरह के आरोपों पर पार्टी और विधायक होने के नाते मुझसे कोई संबंध नहीं है जब तक जांच होता है मैने पदमुक्त किया है। विधायक के संवेदनशीलता की लोग तारीफ कर रहे है विधायक अटामी ने यह स्पष्ट संदेश दिया है की किसी भी प्रकार की अनुशाशनहीनता को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

## लोगों को लुभा रहा छत्तीसगढ़ विधानसभा के नए भवन का मॉडल






दबंग दुनिया ♦ रायपुर

नया रायपुर में निमार्णाधीन छत्तीसगढ़ के नए विधानसभा भवन का विहंगम दृश्य लोगों को रोमांचित कर रहा है। नया रायपुर के डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी उद्योग एवं व्यापार परिसर में आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव में लोक निर्माण विभाग के स्टॉल में नए विधानसभा भवन और भिलाई के पॉवर हाउस में निर्मित फ्लाई ओवर के मॉडल को प्रदर्शित किया गया है। स्टॉल में इन दोनों निमार्णों से संबंधित जानकारियां भी दर्शाई गई हैं। यहां हाल के वर्षों में लोक निर्माण विभाग द्वारा राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में निर्मित प्रमुख भवनों, सड़कों और पुलों को भी प्रदर्शित किया गया है।

नया रायपुर में छत्तीसगढ़ विधानसभा का नया भवन 52 एकड़ में 273 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जा रहा है। इसके सदन में सदस्यों की बैठक क्षमता 200 होगी। नए विधानसभा भवन के एक विंग में विधानसभा सचिवालय, दूसरे में विधानसभा का सदन, सेंट्रल-हॉल, विधानसभा अध्यक्ष और मुख्यमंत्री का कार्यालय तथा तीसरे विंग में मंत्रियों के कार्यालय होंगे। यहां 500 दर्शक क्षमता का ऑडिटोरियम भी बनाया जाएगा। 700 कारों की पार्किंग क्षमता वाले परिसर में डेढ़-डेढ़ एकड़ को दो सरोवरों का निर्माण भी प्रस्तावित है। राज्योत्सव में इसके मॉडल को आकर्षक तरीके से प्रस्तुत किया गया है।

राज्योत्सव स्थल पर लोक निर्माण विभाग के स्टॉल में प्रदर्शित पॉवर हाउस, भिलाई का फ्लाई ओवर राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर रायपुर-दुर्ग फोरलेन सड़क पर निर्मित है। 1660 मीटर लंबे और 16 मीटर ऊंचे इस फ्लाई-ओवर के नीचे भी एक फ्लाई ओवर गुजरता है जो भिलाई-नंदिनी मार्ग पर है। इस फ्लाई ओवर के पास तीन अलग-अलग ऊंचाईयों... एक सड़क और दो फ्लाई ओवर पर आवागमन देखा जा सकता है।

## मुख्यमंत्री कौशल विकास प्रशिक्षण में प्रवेश हेतु आवेदन 20 नवम्बर तक आमंत्रित

**जगदलपुर**। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत सभी वर्गों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण मॉड्यूलर एम्प्लाएबल स्किल (एमईएस) कोर्सेस के अंतर्गत सेल्फ एंप्लॉयड टेलर (वस्त्र सिलाई), कोसा धागाकरण एवं कोसा वस्त्र बुनाई ट्रेड में कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं और 12वीं उत्तीर्ण युवक-युवतियों से अंत्यावसायी व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र, कोसा केंद्र जगदलपुर में निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु 20 नवंबर 2024 तक आवेदन आमंत्रित है। अंचल के दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाले प्रशिक्षार्थियों के लिए छात्रावास की सुविधा उपलब्ध है। भोजन की व्यवस्था स्वयं को करनी होगी। आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता, जाति-निवास प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है। आवेदन पत्र अंत्यावसायी व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र, कोसा केंद्र कुम्हारपारा जगदलपुर से कार्यालयीन समयावधि में निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

## दंतेवाड़ा : मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना 2024-25 : 20 नवंबर तक कर सकते है ऑनलाइन आवेदन

दबंग दुनिया ♦ दंतेवाड़ा

शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार 'मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना' सत्र 2024-25 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस योजना के माध्यम से छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (सीजी बोर्ड) की 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षाओं में मेरिट सूची में आने वाले छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान किया जाएगा। सभी पात्र छात्र 24 अक्टूबर से 20 नवंबर 2024 तक अपने आवेदन जमा कर सकते हैं। इस संबंध में पंजीयन, सत्यापन, और दावा, आपत्ति सहित पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन की जाएगी। छात्रों को योजना की आधिकारिक वेबसाइट 'स्कॉलरशिप डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट ईन' पर जाकर अपना पंजीयन करना होगा।

इसके लिए, छात्रों को अपनी जन्मतिथि, जाति प्रमाण पत्र, अंकसूची, और बैंक खाता जानकारी जैसे आवश्यक दस्तावेज पोर्टल पर अपलोड करने होंगे। आवेदन के लिए प्रस्तावित समय-सारणी के अनुसार पंजीयन 24 अक्टूबर से 20 नवंबर 2024, सत्यापन 21 नवंबर से 27 नवंबर, दावा-आपत्ति 28 नवंबर से 2 दिसंबर और अंतिम सूची का प्रकाशन एवं वितरण 9 दिसंबर 2024 को किया जाएगा।

ज्ञात हो कि 'मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना' का उद्देश्य राज्य के मेधावी छात्रों को प्रोत्साहन प्रदान करना और उनकी उच्च शिक्षा में सहायता करना है। इस योजना से छात्रों को आर्थिक सहायता मिलेगी, जिससे उनके शैक्षणिक प्रदर्शन को बल मिलेगा। यह योजना उन छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है जो शिक्षा में उत्कृष्टता हासिल कर जिले का गौरव बढ़ा रहे हैं।

Scanned with OKEN Scanner

# मंत्री दयालदास बघेल ने विभिन्न विभागों के स्टॉल का किया अवलोकन

दबंग दुनिया ♦ महासमुन्द

जिला मुख्यालय महासमुंद के मिनी स्टेडियम में आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खाद्य मंत्री एवं प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। इस मौके पर उन्होंने विभागीय कार्यों, योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त की और संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली। इस दौरान विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा, विधायक बसना संपत अग्रवाल, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष महासमुंद यतेंद्र साहू, बागबाहरा स्मिता चंद्राकर सहित जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य अतिथि मौजूद थे। इस अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह, जिला पंचायत सीइओ एस. आलोक मौजूद थे।



खाद्य मंत्री बघेल ने कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, वन, उद्योग, और ग्रामीण विकास सहित अन्य विभागों द्वारा प्रदर्शित योजनाओं और तकनीकी नवाचारों का अवलोकन किया। उन्होंने विशेष रूप से किसानों के लिए प्रस्तुत की गई योजनाओं और नई कृषि तकनीकों पर रुचि दिखाई और अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुँचाने का प्रयास करें। मंत्री बघेल ने महिला स्व सहायता समूह के स्टॉल का अवलोकन करते हुए महिला दीदीयों से चर्चा की तथा समूह की दीदीयों द्वारा बनाई गई सामग्रियों की प्रशंसा की।

समाज कल्याण विभाग के स्टॉल पर मंत्री बघेल ने दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए। इस दौरान 5 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, 6 को ट्राइसाइकिल, 3 को सी.पी. चेयर, 11 दिव्यांगजनों को श्रवण यंत्र और राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के तहत 5 लाभार्थियों को डेमो चेक प्रदान किए गए। इसके साथ ही उन्होंने पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता दिव्यांग सुखदेव केंवट को मोमेंटो प्रदान कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकानाएं दी। स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल पर मुख्य अतिथि ने जनसाधारण के स्वास्थ्य परीक्षण और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों की सराहना की। इसी प्रकार, शिक्षा विभाग के स्टॉल पर उन्होंने शिक्षा की नई पहल और डिजिटल शिक्षा से संबंधित जानकारी प्राप्त की। मंत्री बघेल ने महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल पर बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया और गर्भवती महिलाओं को पोषण किट प्रदान की। उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण और बच्चों के पोषण कार्यक्रमों की भी प्रशंसा की। मत्स्य विभाग के स्टॉल पर उन्होंने हितग्राहियों को आईस बॉक्स, जाल एवं फिश माउंट का वितरण किया। इस अवसर पर खाद्य मंत्री बघेल ने जनसम्पर्क विभाग द्वारा छायाचित्र प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारम्भ किया। विभाग द्वारा प्रदर्शनी के माध्यम से राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई तथा प्रदर्शनी स्थल पर निःशुल्क प्रचार सामग्री का वितरण किया गया।

राज्योत्सव में कुल 21 विभागों- कृषि, उद्यानिकी, महिला एवं बाल विकास, जनसंपर्क, स्वास्थ्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, शिक्षा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, वन, मत्स्य पालन, पशु चिकित्सा, अनुसूचित जाति एवं जनजाति, श्रम, खाद्य और समाज कल्याण, परिवहन, आयुष, आदिम जाति कल्याण, विधिक सेवा, पुलिस एवं यातायात विभाग के स्टॉल पर शासन की कल्याणकारी योजना एवं उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी के माध्यम से आमजन को जानकारी दी गई।

मुख्य अतिथि ने सभी विभागों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि प्रदर्शनी के माध्यम से जनसाधारण को सरकारी योजनाओं और उनके लाभों की जानकारी मिलती है, जिससे वे अपने अधिकारों और सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठा सकते हैं।

# निगम आयुक्त ने होम वोटिंग के लिए मतदान रथ को दिखाई हरी झंडी



दबंग दुनिया ♦ रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा उप निर्वाचन 2024 के तहत मंगलवार से होम वोटिंग 5 नवंबर से शुरू हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने कलेक्ट्रेट परिसर से होम वोटिंग के लिए मतदान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही मतदान दल के सभी कर्मियों को पुष्प देकर स्वागत किया। उप निर्वाचन के लिए 4 अलग-अलग मतदान रथ विधानसभा में पहुंचकर होम वोटिंग कराएगी। मतदान रथ के माध्यम से 85 से अधिक उम्र के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को वोटिंग की सुविधा दी जा रही है।

सभी मतदान दल को आज मतदान सामग्री का वितरण किया गया और उन्हें रवाना किया गया है। होम वोटिंग की सुविधा 5 नवंबर से 7 नवंबर 2024 तक चलेगी। इस अवसर पर रिटर्निंग ऑफिसर पुष्पेंद्र शर्मा, उप निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे, सहायक कलेक्टर अनुपमा आनंद समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# सड़क सुरक्षा नियम से टाले जा सकते हैं सड़क हादसे

## राज्योत्सव मेला स्थल के शिल्प ग्राम में सड़क सुरक्षा के लिए प्ले किया गया



दबंग दुनिया ♦ रायपुर

हर साल हजारों लोग सड़क हादसे का शिकार होते हैं। कभी कोई हँसता खेलता परिवार सड़क हादसे की वजह से उजड़ जाता है, तो कभी कोई माँ अपनी संतान खो देती है। सड़क हादसे कभी खुद की गलती, कभी दूसरे की लापरवाही से होते हैं। सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति लोगों को सचेत करने के लिए राज्योत्सव मेला स्थल में लगे शिल्प ग्राम में स्टे फिट विथ मी नामक संस्था ने सड़क सुरक्षा को लेकर एक उम्दा प्ले किया गया। अंतर विभागीय अग्रणी संस्था है ये। जिसमें अलग अलग क्षेत्र के लोग जुड़े हैं। प्ले में सहज तरीके से सड़क सुरक्षा के लिए हेलमेट, स्पीड नियंत्रण, मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करने, एकाग्रता, नशे में वाहन ना चलाने का संदेश दिया गया। शिल्प ग्राम में मजे से स्थानीय शिल्पियों के उत्पादों की खरीदी करते लोग सहसा ठिठककर प्ले को देखने लग गये। प्ले का भरपूर आनंद लेते हुए लोग सोचने पर मजबूर हो गये कि वास्तव में अक्सर सड़क हादसे टाले का सकते हैं अगर हम खुद सचेत , जागरूक रहें।

प्ले करने वाले लोग विविध क्षेत्र से हैं। इस पूरे प्ले को संचालित कर रहे अतिरिक्त महानिदेशक और संयुक्त आयुक्त सड़क सुरक्षा श्री संजय शर्मा। उनके साथ इंजीनियर, ब्यूटिशियन, सिविल सेवा एस्पिरेंट, गृहिणी, मार्केटिंग मैनेजर सब मिलकर लोगों को प्ले के जरिये जागरूक करने का प्रयास कर रहे हैं। इन सबका यही कहना है कि अगर हमारे प्ले से कुछ लोग भी जागरूक हो कर वाहन चलायें और सड़क के नियमों का पालन करें तो हमारे अभियान के उद्देश्य की पूर्ति हो जाएगी।

# अम्बेडकर अस्पताल के न्यू ट्रामा विभाग में आग लगने की घटना में मरीज एवं डॉक्टर सुरक्षित

दबंग दुनिया ♦ रायपुर

डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय के तृतीय तल में स्थित न्यू ट्रामा विभाग में आज दोपहर आग लगने की घटना घटित हुई थी जिसमें कोई भी मरीज एवं मेडिकल स्टाफ घायल नहीं हुआ है। घटना के दौरान वहां मौजूद सभी लोग सुरक्षित हैं। न्यू ट्रामा की जिस ओटी में आग लगने की घटना घटित हुई वहां ओटी के बाद साफ-सफाई करके ओटी को बंद कर दिया गया था। बगल में जो ओटी थी वहां पर ऑपरेशन चल रहा था। ऑपरेशन टीम में तीन-चार डॉक्टर एवं अन्य पैरामेडिकल स्टॉफ शामिल थे। जैसे ही उन्होंने धुआं उठता देखा तुरंत इसकी सूचना प्रबंधन को दी। इसके साथ प्रबंधन ने आग लगने की घटना के दौरान तुरंत तत्परता दिखाते हुए अस्पताल के स्टाफ की मदद से ओटी से लगे हुए खिड़की



के ग्रिल को इलेक्ट्रिक कटर से काटकर और कांच को तोड़कर मरीज एवं डॉक्टरों को सुरक्षित बाहर निकाला। ऑपरेशन टीम के डॉक्टरों को धुएं के कारण सांस लेने में दिक्कत हो रही थी इसलिए उन्हें ऑब्जरवेशन में भर्ती रखा गया है। सभी लोग अभी सामान्य स्थिति में हैं।

आग लगने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है परंतु प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि एयर प्यूरीफायर एवं ए.सी. में शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी जिस पर त्वरित काबू पा लिया गया था किंतु दोनों उपकरणों के प्लास्टिक बॉडी के जलने से कक्ष में अत्यधिक धुआं भर गया था। इस सम्बन्ध में अम्बेडकर अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता विद्युत/यांत्रिक को पत्र लिखकर घटनास्थल का निरीक्षण कर निरीक्षण रिपोर्ट उपलब्ध कराने के त्वरित निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही संपूर्ण अस्पताल परिसर के विद्युत प्रवाह सिस्टम की ऑडिट कराकर ऑडिट रिपोर्ट तत्काल उपलब्ध कराने को कहा है।

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस घटना की सूचना मिलते ही तत्काल घटना स्थल पर पहुंचकर मरीज के परिजनों एवं डॉक्टरों से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य के संबंध में इलाज कर रहे डॉक्टरों से जानकारी ली। उन्होंने घटना को लेकर अस्पताल प्रबंधन एवं डॉक्टरों की त्वरित तत्परता और सूझबूझ की तारीफ की। स्वास्थ्य मंत्री ने चिकित्सा महाविद्यालय के डीन डॉ. विवेक चौधरी को संपूर्ण घटनाक्रम की जांच तकनीकी टीम से कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने घटना की वास्तविक वस्तुस्थिति से अवगत होकर प्रबंधन को तीन दिन के भीतर न्यू ट्रामा विभाग को ठीक करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए हैं।

# कांकेर ज़िले के आरक्षकों का चयन उप निरीक्षक पद पर होना गर्व का विषय



दबंग दुनिया ♦ कांकेर

वर्ष 2018 में हुई भर्ती प्रक्रिया में इस इकाई के आरक्षक मनीष मंडावी थाना चौकी कच्चे का चयन प्लाटून कमांडर ,बस्तर फाइटर महिला आरक्षक वेदवती कुमेटी थाना चौकी कच्चे का चयन उप निरीक्षक, महिला आरक्षक बिम्बलेश्वरी मरकाम पुलिस दूर संचार कांकेर का चयन उपनिरीक्षक के पद पर होने पर श्रीमान पी सुंदर राज पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज जगदलपुर, श्री अमित तुकाराम कांबले पुलिस उपमहानिरीक्षक कांकेर रेंज, श्री आई कल्याण एलेसेला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक , श्री संदीप पटेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कांकेर भानु प्रतापपुर, श्री अविनाश ठाकुर उप पुलिस अधीक्षक डी आर जी कांकेर, गिरिजा शंकर साव उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय , गोविंद वर्मा रक्षित निरीक्षक कांकेर तथा जिले के अन्य सभी पुलिस अधिकारी/ कर्मचारीगण की उपस्थिति में प्रतीक चिन्ह देकर इन सबको सम्मानित किया गया। बस्तर फाइटर महिला आरक्षक वेदवती कुमेटी के पिता श्री सोमारूराम कुमेटी भी थाना भानु प्रतापपुर में आरक्षक के पद पर हैं । वह अपनी पुत्री के उपनिरीक्षक पद पर चयनित होने पर अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

# पेवर ब्लॉक लगने से बच्चों को मिलेगी धूल-कीचड़ से मुक्ति - राजकुमार साहू

दबंग दुनिया ♦ जांजगीर-चांपा

जिले के नवागढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सेंदरी के शासकीय प्राथमिक शाला परिसर में जिला पंचायत के सभापति राजकुमार साहू द्वारा जिला पंचायत विकास निधी के तहत 2.50 लाख की लागत से पेवर ब्लॉक का निर्माण करवाया गया हैं। जिसका विधिवत लोकार्पण सभापति राजकुमार साहू द्वारा किया गया। उपस्थित लोंगो को संबोधित करते हुए राजकुमार साहू ने कहा कि शासकीय प्राथमिक शाला सेंदरी परिसर में पेवर ब्लॉक लगने से अब स्कूली बच्चों सहित स्कूल आने-जाने वाले लोगों को सुविधा होगी, साथ बच्चे स्कूल परिसर में खाली समय में खेलकूद का भी आनंद ले सकते हैं। बच्चों को खेल कूद के दौरान किसी भी धूल, कीचड़ से परेशानी नहीं होगी। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत सेंदरी के सरपंच उर्मिला पटेल, देव नारायण पटेल, सौरभ पांडेय, अश्वनी पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# स्वयं को दिव्य गुणों से सजाना ही सच्ची दीपावली मनाना है-ब्रह्माकुमारी शशिप्रभा

दबंग दुनिया ♦ जांजगीर-चांपा

ग्राम कोटमीसुनार स्थित ब्रह्माकुमारीज प्रभु-अनुराग भवन में दीपावली एवं भाई दूज का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपस्थित साधकों व गांव के लोगों को संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारी शशिप्रभा ने कहा कि जिस प्रकार दीपावली में घर के कोने-कोने की सफाई करते हैं और सफाई करने के बाद ही उसे बहुत सुंदर सजाते हैं। इसी प्रकार हम सभी को भी अपनी आत्मा को दिव्य गुणों से सजाना है, लेकिन उससे पहले अपने अंतरात्मा के कोने-कोने की सफाई करना बहुत जरूरी है।




उन्होंने आगे कहा कि किसी के लिए भी कोई बैर भाव विरोध की भावना, द्वेष की भावना न हो और फिर अपने आप को सात गुना से सजाना है। स्वयं का श्रृंगार हमें सात दिव्य गुणों यथा सुख, शांति, प्रेम, आनंद, ज्ञान, शक्ति, पवित्रता से करना है। इस अवसर पर सभी ने आत्म स्मृति का प्रतीक एक-एक दीपक जलाया और सभी को भाई दूज का टीका लगाकर मुख मीठा कराया। इस कार्यक्रम में अकलतरी, मधुवा, पोड़ी दलहा, मस्तूरी के साधक उपस्थित रहे। ब्रह्मकुमारी बहनों में ईश्वरीय बहन, नीता बहन, देहुति बहन, कविता बहन, ममता बहन, निष्ठा बहन उपस्थित रहे। कुमारी रेखा केंवट ने दिवाली आई, खुशियां लाई गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरूआत परमात्म स्मृति मेडिटेशन द्वारा की गई तथा अंत में सभी ने परमात्मा को याद करके सारे विश्व के लिए प्रार्थना कर सकारात्मक प्रकम्पन फैलाया।

# साप्ताहिक समय सीमा की बैठक संपन्न

दंतेवाड़ा। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज समय सीमा बैठक में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा आगामी धान खरीदी, सहकारी समितियों के गठन, जर्जर भवनों के विनष्टीकरण, सहित अन्य लंबित प्रकरणों के बारे में विस्तृत दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी दिवस में होने वाली धान खरीदी के संबंध में सभी प्राथमिक तैयारियां समय पर पूर्ण कर ली जाएं। तथा जो विभाग प्रमुख इसके प्रभारी रहेंगे वे यह सुनिश्चित करें कि इसमें किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। इसके अलावा बैठक में कलेक्टर द्वारा जिले के ग्राम पंचायतों में सहकारी समितियों की गठन के संबंध में विभागों से जानकारी चाही गई।

# एनएमडीसी, बचेली में सतर्कता जागरूकता सप्ताह प्रारंभ



दबंग दुनिया ♦ बचेली

एनएमडीसी, बचेली में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का प्रारंभ 28.10.2024 को हुआ। जिसके तहत एनएमडीसी के प्रशासनिक भवन प्रांगण में और विभिन्न कार्यस्थलों पर कर्मचारियों,अधिकारियों एवं ठेका श्रमिकों को सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा दिलाई गई । हर वर्ष की भांति इस वर्ष सतर्कता जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से इस वर्ष की विषय वस्तु केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा 'सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि' घोषित की गई है। इस बार यह सप्ताह 28.10.2024 से 03.11.2024 तक मनाया जा रहा है । इसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कर्मचारी, शिक्षकगण, अपोलो स्टाफ, सीआईएसएफ और बच्चे प्रतिभागी के रूप में सम्मिलित होंगे। इस बार केन्द्रीय सतर्कता आयोग के द्वारा सभी नागरिको को ई-प्लेज लेने के लिए आव्हान किया गया जिसमें सभी नागरिक https://pledge.cvc.nic.in वेब साईट में जाकर ई-प्लेज ले सकते हैं और ई-प्लेज लेने का प्रमाण-पत्र डाउनलोड कर सकते है।

# सफलता की कहानी : सोलर व एकल ग्राम नल जल योजनाओं से 856 कार्य पूर्ण

दबंग दुनिया ♦ जशपुरनगर

जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले में कार्य तीव्रगति से प्रगतिशील है। सोलर एवं एकल ग्राम नल जल योनजाओं के द्वारा 856 योजनाओं का कार्य पुर्ण हो चुका है, जिले में कुल 755 ग्रामों में 3333 योजनाओं की सरकारी स्वीकृति हुई है। जिनमें 856 योजनाओं का कार्य पूर्ण हो चुका है एवं 2477 योजनाओं का कार्य प्रगतिशील है, जिले में कुल परिवारों की संख्या 199940 है जिनके लिए 146031 घरेलु नल कनेक्शन का निर्माण हुआ है जिनमें 60001 क्रियाशील घरेलु नल कनेक्शन क्रियाशील है।



जिले के विशेष रूप से कमजोर पीवीटीजी बसाहटें पहाड़ी कोरवा के बसाहटों तक पानी पहुंचाने में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का विशेष ध्यान है ऐसे विशेष पहाड़ी कोरवा बसाहटें मुख्य बसाहटों से दुर होने या पहुँचविहीन होने के कारण योजना से वंचित रह जा रहे थे ऐसे बसाहटों में विशेष अनुमति लेकर नलकुप खनन का कार्य तेजी से किया जा रहा है जिनमें विकासखण्ड बगीचा के पंड्रापाठ, बरपाठ बसाहट में नलकुप खनन हो गया है। ऐसे ग्राम जिनमें योजना का कार्य खत्म हो गया है उनका हर घर जल सर्टिफिकेशन किया जाता है, अब तक जिले में 16 ग्राम का हर घर जल सर्टिफिकेशन हो गया है। जिससे वह ग्राम हर घर जल ग्राम घोषित हो।

ऐसा ही एक ग्राम है बरडांड जो जिले के विकास ण्ड कुनकुरी का है, जहां पर कुल 248 परिवारों को क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन द्वारा पानी लगभग एक सालों से पहुंचाया जा रहा है। योजना के आने से पूर्व ग्रामीण अपनी पानी की दैनिक आवश्यकताओं के लिए कुएं एवं हैंडपंप पर निर्भर थे विशेषकर महिलाएं ही पानी भरती थी जिसमें दिन का काफी समय लग जाया करता था कुआं एवं हैंडपंप के पानी की जांच की व्यवस्था न होने के कारण जल जनित बीमारियां जैसे पेट खराब, बुखार, टाइफाइड इत्यादि सामान्य थी। गर्मियों में जब जल स्तर नीचे चला जाता था तो पानी की समस्या भी हो जाती थी। अब पिछले एक साल से जल जीवन मिशन योजना ग्राम में चालू है, अब दूर- दराज से पानी भरने की समस्या खत्म हो गयी है पानी की जांच होने से अब पानी की शुद्धता पर संदेह खत्म हो गया है पानी सुबह और शाम दो बार एक घंटे तक चलता है जो पुरे परिवार के लिए पर्याप्त होता है।

ग्रामीणों का कहना है कि जल जीवन मिशन के आने से वे सब काफी खुश हैं एवं योजना की वजह से ग्रामीणों के बीमार होने की संभावना पिछले साल से काफी कमी आई है।

Scanned with OKEN Scanner

विचार मंथन

# कनाडा में उपद्रव

यूं तो कनाडा में भारत विरोधी गतिविधियों की घटनाएं गाहे-बगाहे सामने आती रहती हैं। जिन्हें लेकर टूडो सरकार मूक दर्शक बनी रहती है। लेकिन ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर में हुई घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। अभिव्यक्ति व आस्था की आजादी की डींगें हांकने वाली टूडो सरकार की, ब्रैम्पटन के मंदिर में हुई निंदनीय हिंसा से संवेदनशीलता से निबटने में अयोग्यता ही उजागर हुई है। लगातार खराब होते दोनों देशों के रिश्तों के बीच यह घटनाक्रम जस्टिन टूडो सरकार की छवि पर दाग लगाता है। दरअसल, पिछले साल खालिस्तान समर्थक कार्यकर्ता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद टूडो सरकार लगातार, भारत के साथ लापरवाही से रिश्ते खराब कर रही है। सतही तौर पर तो टूडो ने ब्रैम्पटन के मंदिर में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना की निंदा की है। साथ ही कहा है कि उसके प्रत्येक कनाडाई नागरिक को स्वतंत्र तरीके और सुरक्षित रूप से अपनी आस्था की अभिव्यक्ति व पालन का अधिकार है। लेकिन दूसरी ओर राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिये पृथकतावादियों को खुली छूट दी जा रही है। ऐसे में उन्हें भारत विरोधी तत्वों को मनमानी करने देने के लिये स्थिति को स्पष्ट करना होगा। यह आरोप दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा कि कनाडाई पुलिस ने हिंदू भक्तों को निशाना बनाया और खालिस्तान समर्थकों को बचाने की कोशिश की। निश्चित तौर पर टूडो सरकार के इशारे पर यह घटनाक्रम सबसे बुरे दौर में पहुंचे भारत-कनाडा संबंधों के बीच आग में घी डालने जैसा कृत्य है। बहरहाल, यह तय है कि रह-रह कर सामने आ रही यह हिंदू-सिख संबंधों में तल्खी, भारत तथा कनाडा सरकारों के संबंधों में आ रही गिरावट से गहरे तक जुड़ती है। हाल के दिनों में कनाडा सरकार के मंत्रियों ने मयार्दा की सीमाएं लांघते हुए अनेक आक्षेप किये हैं। यहां तक कि कनाडा के उप विदेश मंत्री डेविड मॉरिसन ने भारतीय गृह मंत्री पर आरोप लगाये कि उन्होंने कनाडा में भारत विरोधी अलगाववादियों को निशाना बनाने के लिये हिंसा व खुफिया जानकारी जुटाने के आदेश दिए। जैसा कि स्वाभाविक ही था इस तरह के आरोप-प्रत्यारोप का भारत सरकार ने भी कड़ा प्रतिवाद किया है। भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कड़े शब्दों में इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। नई दिल्ली ने इन आरोपों को बेतुका और निराधार बताकर नकार दिया है। आरोप है कि कनाडा सरकार खालिस्तान समर्थक कनाडाई नागरिकों को भारत सरकार के खिलाफ लड़ने के लिये उकसा रही है। इसके संरक्षण व उकसावे के चलते उनके भारत विरोधी प्रदर्शनों ने उन्हें भारतीय मूल के उन कनाडाई नागरिकों के साथ टकराव की राह पर ला खड़ा किया है, जो अपनी आस्तीन पर तिरंगा पहनते हैं। यह विडंबना ही है कि जो कनाडा गर्व के साथ अपने देश को अवसरों की शांतिप्रिय भूमि कहते हुए नहीं थकता है, उसे सांप्रदायिक सद्भाव और सार्वजनिक व्यवस्था के लिए खतरा पैदा करने वाले तत्वों के खिलाफ सख्ती से निबटने की जरूरत है। वास्तव में उपद्रव करने वाले तत्वों पर समय रहते नकेल कसने की जरूरत है, चाहे वे किसी भी समुदाय के हों। निश्चित रूप से जस्टिन टूडो सरकार को वहां सक्रिय अलगाववादियों को भारत के खिलाफ जहर उगलने के लिये कनाडाई क्षेत्र के दुरुपयोग की अनुमति नहीं देनी चाहिए।

चिंतन मनन

# ईश्वर की कृपा बुद्धि से ही प्राप्त होती है

योग में आसन, प्राणायाम, मुद्रा और आहार-विहार आदि पर तो बहुत शोध हुए हैं, अब ध्यान और मुद्रा की बारी है। इस विधा के अनुसार शांत मस्तिष्क ऊर्जा का केंद्र है तो निर्मल मन शांति और स्थिरता का। शास्त्रों में इन केंद्रों की उपमा ब्रह्मलोक और क्षीर सागर से दी गई है। मस्तिष्क या खोपड़ी में जहां दिमाग माना जाता है वहां एक केंद्र की कल्पना की गई है। इस केंद्र को ब्रह्मकेंद्र कहते हैं। ब्रह्मरंध अर्थात मस्तिष्क का मध्यबिन्दु। ब्रह्माण्ड के मध्य में ब्रह्मलोक माना गया है और ब्रह्मरंध्र मस्तिष्क में है। जीव और ब्रह्म के बीच अति महत्वपूर्ण आदान-प्रदान का माध्यम यही है। पृथ्वी भी मनुष्य की तरह अंतग्रही आदान प्रदान से समृद्ध होती रहती है। उससे सूक्ष्म आवश्यकताओं की पूर्ति के साधन जुटते रहते हैं। इस आदान-प्रदान का केन्द्र द्वार ध्रुव है। ठीक इसी प्रकार मस्तिष्क का मध्य केन्द्र ब्रह्मरंध्र सहस्त्रार कमल है। यह जितना सशक्त या दुर्बल होता है उसी अनुपात में जीवन को ब्रह्मसत्ता के अनुदान पाने की सम्भावना बढ़ती है। अन्तर्जगत के इस ब्रह्मलोक की अमृत वर्षा का लाभ लेने के लिए खेचरी मुद्रा का साधन बताया गया है । ध्यान मुद्रा में शान्त चित्त का साधन बताया गया है। ध्यान मुद्रा में शान्त चित्त से बैठकर जीभ के अगले भाग को तालु मूर्धा से लगाया जाता है। सहलाने जैसे मन्द-मन्द स्पन्दन पैदा किये जाते हैं। उस उत्तेजना से सहस्त्र दल कमल की प्रसुप्त स्थिति जागृति में बदलती है। यह खेचरी मुद्रा है। इस स्तर पर अनुभव होने वाले उपादानों का वैज्ञानिक विश्लेषण अभी बाकी है। अध्यात्मविदों के अनुसार यदि भावना और क्रिया का सही समन्वय करके इस साधना को किया जा सके तो चेतना क्षेत्र में आनन्द और कार्य क्षेत्र में उल्लास की उपलब्धि होती है।

# सियासी मंथन से मैली यमुना में और कड़वाहट

यमुना की गंदगी के पीछे तीन प्रमुख कारण स्पष्ट हैं। पहला, केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा दिल्ली में उत्पन्न गंदे जल का पूर्ण शोधन न किया जाना, जिससे यह सीधे यमुना में गिराया जाता है। यदि एसटीपी का निर्माण कर इस गंदे जल का सही तरीके से शोधन किया जाए, तो यमुना को प्रदूषण से बचाया जा सकता है। दूसरा, दिल्ली में फैक्टरियों की मौजूदगी, विशेषकर वे जो कपड़ों पर रंग चढ़ाने और रसायनों का उत्पादन करती हैं। इन फैक्टरियों से खतरनाक रसायनों को बिना शोधन के यमुना में गिराना, प्रदूषण का एक और बड़ा कारण है।

- अवधेश कुमार
लेखक



हर साल छठ पर्व के समय दिल्ली में यमुना की प्रदूषित स्थिति और जहरीले तत्वों के कारण राजनीतिक दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप की स्थिति बन जाती है। समाचार माध्यमों के लिए यह एक प्रमुख मुद्दा बन जाता है, जिसमें नेताओं और विशेषज्ञों के बयान भी शामिल होते हैं। हालांकि, इस विवाद के बीच यमुना की दुखद सच्चाई उजागर होती है। हर वर्ष यही परिदृश्य दोहराया जाता है, जिससे समस्या का समाधान नहीं हो पाता।

हाल ही में दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने यमुना में डुबकी लगाई, जिसका व्यापक प्रचार हुआ। इसके बाद उन्हें अस्पताल जाना पड़ा, जिससे यह स्पष्ट होता है कि यमुना का पानी कितना हानिकारक है। उनका यह स्टंट केवल नाटकीयता के लिए था, जबकि असलियत यह है कि यमुना के पानी की स्थिति से हर व्यक्ति परिचित है। छठ पर्व के दौरान हम महिलाओं और पुरुषों को गंदे और झागदार जल में डुबकी लगाते देखते हैं, लेकिन यह सोचने वाली बात है कि वे अपनी स्वास्थ्य समस्याओं के लिए किससे शिकायत करें। इस मुद्दे को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है।

दिल्ली के पुराने लोग बताते हैं कि वे यमुना का पानी पीते थे, इसमें स्नान करते थे और इसका उपयोग खाना बनाने में करते थे। लेकिन आज की स्थिति यह है कि लोग यमुना के पानी को घर में पूजा-पाठ या किसी अन्य कर्म के लिए रखने का साहस भी नहीं जुटा सकते। कोई आस्थावान व्यक्ति भी नहीं चाहेगा कि उसके घर में पवित्रीकरण के लिए यमुना का जल हो। यह स्थिति न केवल यमुना के प्रदूषण को दर्शाती है, बल्कि हमारी धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति भी एक गंभीर सवाल खड़ा करती है।

हालांकि, यह नहीं सोचना चाहिए कि यमुना के जल पर निर्भर रहने वाले लोग दिल्ली में समाप्त हो गए हैं। यमुना के किनारे बसे पुराने लोग आज भी अपनी जीविका के लिए इस नदी में उतरते हैं, भले ही यह प्रदूषित हो। इन लोगों के स्वास्थ्य और जीवन पर इससे होने वाले प्रभावों पर शोध हुए हैं, जो चिंताजनक हैं। यमुना में गोताखोरों का एक बड़ा व्यवसाय रहा है, और आज भी यह पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। यमुना के प्रदूषण के कारणों और इसे ठीक करने के लिए आवश्यक कदमों पर कई सरकारी और गैर-सरकारी अध्ययन और रिपोर्टें उपलब्ध हैं। इनमें स्पष्ट है कि दिल्ली के कारखानों से निकलने वाले जहरीले रसायन और दूषित जल यमुना में मिलते हैं। इसलिए आवश्यक है कि यमुना में आने वाले सभी प्रदूषित तत्वों का शुद्धीकरण किया जाए, ताकि नदी को पुनर्जीवित किया जा सके।

दिल्ली में यमुना की लंबाई 22 किलोमीटर है, जो कुल 1370 किलोमीटर के दो प्रतिशत से भी कम है। फिर भी, यमुना के प्रदूषण में 80 प्रतिशत योगदान दिल्ली का है। सरकारों ने यमुना की शुद्धता के लिए धन आवंटन में कोई कमी नहीं की है। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति के अनुसार, इस दो प्रतिशत हिस्से के शुद्धीकरण के लिए 8000 से 9000 करोड़ रुपये खर्च करने का अनुमान है। वर्ष 2023 की पहली छमाही में, केंद्र सरकार ने दिल्ली जल बोर्ड को यमुना की सफाई के लिए लगभग 1200 करोड़ रुपये दिए, जिसमें नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा के तहत 1000 करोड़ रुपये और यमुना एक्शन प्लान-3 के तहत 200 करोड़ रुपये शामिल हैं। जल शक्ति मंत्रालय ने 11 परियोजनाओं के लिए दिल्ली सरकार को 2361.08 करोड़ रुपये दिए हैं, जिनका उपयोग गंदे जल के शोध के लिए एसटीपी के निर्माण में होगा। नमामि गंगे योजना के तहत भी 4290 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली, जिससे यमुना के गंदे जल को शुद्ध करने के लिए 23 परियोजनाएं बनाई जाएंगी, जिनमें से 12 दिल्ली में होंगी। इन सभी प्रयासों के बावजूद, यमुना की स्थिति में सुधार की आवश्यकता है।

यमुना के लिए आवश्यक एसटीपी निर्माण में दिल्ली सरकार की प्रतिबद्धता की कमी स्पष्ट है। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कई बार साफ यमुना का वादा किया, लेकिन परिणाम असंतोषजनक हैं। सारा दोष केंद्र सरकार पर डालते हैं। राजनीतिक दलों–आम आदमी पार्टी, भाजपा और कांग्रेस–में विवेकशील नेताओं की कमी नहीं है। अगर ये दल मिलकर सभी 23 एसटीपी का संचालन और निर्माण अपने जिम्मे लें, तो समस्या का समाधान संभव है। चालू एसटीपी की स्थिति को देखने और उन्हें फिर से सक्रिय करने की आवश्यकता है। साथ ही, गैर-सरकारी संगठनों को भी यमुना की सफाई में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए, जैसे कि सामूहिक संकल्प लेना और कचरे के निस्तारण में सहयोग करना।

यमुना की गंदगी के पीछे तीन प्रमुख कारण स्पष्ट हैं। पहला, केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा दिल्ली में उत्पन्न गंदे जल का पूर्ण शोधन न किया जाना, जिससे यह सीधे यमुना में गिराया जाता है। यदि एसटीपी का निर्माण कर इस गंदे जल का सही तरीके से शोधन किया जाए, तो यमुना को प्रदूषण से बचाया जा सकता है। दूसरा, दिल्ली में फैक्टरियों की मौजूदगी, विशेषकर वे जो कपड़ों पर रंग चढ़ाने और रसायनों का उत्पादन करती हैं। इन फैक्टरियों से खतरनाक रसायनों को बिना शोधन के यमुना में गिराना, प्रदूषण का एक और बड़ा कारण है। इन समस्याओं का समाधान करने के लिए आवश्यक है कि प्रभावी नीतियों और मैकेनिज्म का विकास किया जाए।

**आप भी आमंत्रित हैं**

संपादकीय पेज पर आप भी आमंत्रित हैं। अपने विचार इस पेज के जरिये अभिव्यक्त कर सकते हैं। आप पत्र व रचनाएं हमें भेज सकते हैं।
व्हाट्सअप नंबर : 7470794884, आप हमें मेल भी कर सकते हैं – dabangdunianewspaper@gmail.com

## व्यापार

### जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने सालाना 31 प्रतिशत वृद्धि के साथ अक्टूबर में 7045 यूनिट की बिक्री का बनाया रिकॉर्ड

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने आज अक्टूबर, 2024 में 7,045** यूनिट की बिक्री करने की घोषणा की है, जो पिछले साल (अक्टूबर, 2023) की समान अवधि की तुलना में सालाना 31 प्रतिशत वृद्धि को दर्शाती है। कंपनी के न्यू एनर्जी वाहन (एनईवी) इसकी कुल बिक्री का एक महत्व पूर्ण हिस्सा बने हुए हैं। कुल बिक्री में 70 प्रतिशत से अधिक का योगदान- देश में किसी भी यात्री कार निमार्ता द्वारा मासिक बिक्री का उच्चनतम हिस्साक- एनईवी को अपनाने को बढ़ावा देने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।



स्व्च्छस परिवहन की दिशा में भारत की यात्रा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने लॉन्च के पहले महीने में ही देश की पहली इंटेलिजेंट क्रॉसओवर यूटीलिटी व्हीकल (सीयूवी) एमजी विंडसर की 3,116 यूनिट की बिक्री कर ईवी मार्केट की चमक को बढ़ाया है। ये मजबूत बिक्री आंकड़े, अक्टूबर 2024 के दौरान बेची गईं अन्यी सभी यात्री इलेक्ट्रिक कारों में सबसे ज्यांदा है।

पिछले महीने की गई अपनी घोषणा के अनुरूप कंपनी वाहन पोर्टल पर अपनी बिक्री संख्या का खुलासा करने के लिए प्रतिबद्ध है। वाहन पोर्टल के मुताबिक, कार निर्माता की इस महीने सालाना वृद्धि 34 प्रतिशत (तेलंगाना को छोड़कर) रही है।

फेस्टिव सीजन में बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि कंपनी के इलेक्ट्रिक वाहन पोर्टफोलियो की तेजी से बढ़ती लोकप्रियता का एक मजबूत प्रमाण है।

# बाजार हरे निशान पर बंद, 3295 रुपए टूटा इस कंपनी का शेयर, निवेशकों को तगड़ा नुकसान

मुंबई • एजेंसी



आज भारतीय शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव रहा। कारोबार की शुरूआत लाल निशान पर हुई जब कि कारोबार के अंत में बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। इस बीच टायर बनाने वाली कंपनी एमआरएफ लिमिटेड आज फोकस में रहे।

मंगलवार को कंपनी के शेयरों में बड़ी गिरावट देखी गई। एमआरएफ के शेयर आज कारोबार के दौरान करीब 3300 रुपए तक टूट गए। कंपनी के शेयर आज करीबन 3% यानी 3,295 रुपए तक टूटकर 118000.80 रुपए के इंट्रा डे लो पर पहुंच गए थे। इसका आज का इंट्रा डे हाई प्राइस 121296.70 रुपए रहा। कारोबार के अंत में यह शेयर 119899.95 रुपए पर बंद हुआ, जिस कारण निवेशकों को तगड़ा नुकसान हुआ।

**8 नवंबर को बोर्ड की बैठक :** बता दें कि हाल ही में एमआरएफ लिमिटेड ने शेयर बाजार को बताया कि कंपनी के बोर्ड मेंबर की शुक्रवार, 8 नवंबर, 2024 को होगी। इसमें 30 सितंबर, 2024 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए कंपनी के स्टैंडअलोन और समेकित अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों पर विचार और अप्रूवल दिया जाएगा। इसके अलावा अंतरिम डिविडेंड का भी ऐलान किया जाएगा। अंतरिम डिविडेंड के भुगतान के लिए रिकॉर्ड डेट मंगलवार, 19 नवंबर, 2024 को होगा।

**कंपनी का कारोबार :** एमआरएफ, या एमआरएफ टायर्स, एक भारतीय बहुराष्ट्रीय टायर निर्माण कंपनी है और भारत में टायरों की सबसे बड़ी निमार्ता है। इसका मुख्यालय चेन्नई में है। बता दें कि एमआरएफ लिमिटेड देश का सबसे महंगा शेयर है। टफ्ऋका पूरा नाम ( मद्रास रबर फैक्ट्री ) है। यह भारत की नंबर 1 टायर निर्माण कंपनी है। इसकी शुरूआत वर्ष 1946 में केएम मैमन मपिल्लई ने एक छोटे खिलौने वाले गुब्बारे बनाने वाली इकाई के रूप में की थी। इसका 52 वीक का हाई प्राइस 151,283.40 रुपए और 52 वीक का लो प्राइस 107,010 रुपए है। कंपनी का मार्केट कैप 50,851.28 करोड़ रुपए है।

### होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने लॉन्च की सीबी300एफ फ्लेक्स-फ्यूल

**गुरूग्राम।** होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने आज हरित परिवहन समाधानों में देश के रूपान्तरण में बड़ी उपलब्धि दर्ज करते हुए नए सीबी300एफ फ्लेक्स-फ्यूल का लॉन्च किया है। पर्यावरण के प्रति सजग राइडरों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन की गई, यह भारत की पहली 300 सीसी फ्लेक्स-फ्यूल मोटरसाइकिल है। उपभोक्ता अपने नजदीकी बिगविंग डीलरशिप्स पर 2024 होण्डा सीबी300एफ फ्लेक्स-फ्यूल की बुकिंग कर सकते हैं, यह रु 1,70,000 (एक्स-शोरूम, दिल्ली) की आकर्षक कीमत पर उपलब्ध है। नई सीबी300एफ फ्लेक्स-फ्यूल के लॉन्च पर बात करते हुए श्री सुत्सुमु ओतानी, मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेजीडेन्ट एवं सीएफओ, होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने कहा, ह्यह्यहोण्डा में हमने 2050 तक अपने सभी प्रोडक्ट्स और कॉर्पोरेट गतिविधियों में कार्बन न्यूट्रेलिटी हासिल करने का लक्ष्य रखा है। स्थायी प्रोडक्ट इनोवेशन के लिए अपनी प्रतिबद्धता के तहत आज हम सीबी300एफ का नया फ्लेक्स-फ्यूल वर्जन लेकर आए हैं, यह उत्सर्जन को कम करने और भारत की ऊर्जा संबंधी जरूरतों को पूरा करने की हमारी यात्रा में उल्लेखनीय उपलब्धि है। विश्वस्तर पर फ्लेक्स-फ्यूल टेक्नोलॉजी में एक दशक से अधिक विशेषज्ञता के साथ, होण्डा ने भारतीय उपभोक्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इस मोटरसाइकिल को विशेष रूप से विकसित किया है, जो भारत के दोपहिया बाजार के लिए फ्लेक्स-फ्यूल की तरफ बदलाव को आसान बनाएगी। नई सीबी300एफ फ्लेक्स-फ्यूल का लॉन्च भारत सरकार के एथेनॉल ब्लेंडेड पेट्रोल (ईबीपी) प्रोग्राम को समर्थन प्रदान करने तथा स्वच्छ एवं हरित भविष्य में योगदान देने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। लॉन्च के अवसर पर बात करते हुए श्री योगेश माथुर, डायरेक्टर, सेल्स एण्ड मार्केटिंग, होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने कहा, ह्यह्यभारतीय उपभोक्ताओं में ऐसी मोटरसाइकिलों की मांग तेजी से बढ़ रही है, जो अच्छा परफोर्मेन्स दें और साथ ही पर्यावरण के अनुकूल भी हों। होण्डा सीबी300एफ फ्लेक्स-फ्यूल आधुनिक टेक्नोलॉजी एवं पर्यावरण के प्रति सजगता का बेहतरीन संयोजन है, जो राइडरों को फ्लेक्स-फ्यूल विकल्प चुनने की आजादी देगी साथ ही उस विश्वसनीयता और परफोर्मेन्स को सुनिश्चित करेगी।

### पिछले 8 वर्षों में डीबीटी से 459 बिलियन डॉलर से अधिक ट्रांसफर किए: निर्मला सीतारमण

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अमेरिका के फिलाडेल्फिया में पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय के व्हार्टन बिजनेस स्कूल में बोलते हुए डीबीटी के साथ भारत की उपलब्धियों पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। वित्त मंत्री ने कहा कि पिछले 8 वर्षों में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से लोगों को 450 बिलियन डॉलर से अधिक ट्रांसफर किए गए हैं। केंद्र सरकार के 51 से अधिक मंत्रालय और विभाग प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण से पटते हैं। पिछले 8 वर्षों में संचयी रूप से 450 बिलियन डॉलर से अधिक ट्रांसफर किए गए हैं। उन्होंने डिजिटल सिस्टम के माध्यम से लोगों को सीधे कल्याणकारी लाभ पहुंचाने में भारत द्वारा हासिल की गई जोरदार सफलता पर जोर दिया। ये ट्रांसफर विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का हिस्सा हैं जिनका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सरकारी सहायता बिना बिचौलियों या लीकेज के लोगों तक पहुंचे। सीतारमण ने यह भी बताया कि डिजिटल तकनीक के इस्तेमाल से सरकार चोरी और धोखाधड़ी की गतिविधियों पर अंकुश लगाने में सक्षम हुई है। सीतारमण ने कहा कि 8 वर्षों में लगभग 40 मिलियन अमेरिकी डॉलर की चोरी होने से बचाई गई है। भारत का यह डिजिटल अनुभव चोरी, धोखाधड़ी वाले लेन-देन और भूत खाताधारकों को कम करने में एक शानदार सबक है। उन्होंने इन बचतों के लिए भूत खातों और धोखाधड़ी वाले लेन-देन को खत्म करने का श्रेय दिया, करदाताओं के पैसे को संभालने के मामले में जवाबदेही के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों ने यह सुनिश्चित किया है कि हर रुपए का सही हिसाब हो, जिससे दुरुपयोग को रोका जा सके और सार्वजनिक धन का जिम्मेदाराना उपयोग बढ़ाया जा सके।

### फिटजी का प्रतिष्ठित परीक्षा बिग बैंग एज टेस्ट

शिक्षा के क्षेत्र में अपने योगदान और नवाचार की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग लगाते हुए, देश में जेईई और अन्य प्रतियोगी और शैक्षणिक परीक्षाओं के लिए अग्रणी कोचिंग संस्थान फिटजी ने कक्षा 5 से 11 तक के छात्रों के लिए प्रतिष्ठित बिग बैंग एज (बीबीई) टेस्ट 2024 की घोषणा की है। बिग बैंग एज टेस्ट एक वैज्ञानिक रूप से डिजाइन किया गया डायग्नोस्टिक टूल है, जो छात्रों की 3600-शैक्षणिक क्षमता का मूल्यांकन करेगा ताकि वे अपने शैक्षणिक कौशल और झुकाव के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें। अपने विभिन्न नवीन दृष्टिकोणों के माध्यम से, यह पिछले 32 वर्षों से शिक्षा में क्रांति ला रहा है। इसके ऐसे नवाचारों में से एक छात्रों के आईक्यू, योग्यता और विश्लेषणात्मक कौशल का वैज्ञानिक निदान है, जो छात्रों को उनकी शैक्षणिक क्षमता का 3600 विश्लेषण देता है। फिटजी छात्रों की शैक्षणिक क्षमता का वैज्ञानिक रूप से निदान करने वाला पहला और एकमात्र संस्थान है।

बिग बैंग एज टेस्ट 17 नवंबर 2024 को ऑफलाइन मोड और ऑनलाइन प्रॉक्टर्ड मोड में और 18 नवंबर 2024 को पूरे देश में केवल ऑनलाइन प्रॉक्टर्ड मोड में आयोजित किया जाएगा। वर्तमान में कक्षा पांचवी से ग्यारवीं के छात्र परीक्षा में बैठने के पात्र हैं।

पंजीकरण जल्द ही खुल जाएगा, और छात्रों को वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन या किसी भी फिटजी केंद्र पर जाकर ऑफलाइन पंजीकरण करना होगा और पंजीकरण शुल्क नकद में देना होगा। ऑफलाइन मोड के लिए पंजीकरण करने की अंतिम तिथि 17 नवंबर 2024 के लिए 15 नवंबर 2024 होगी और ऑनलाइन मोड के लिए 18 नवंबर 2024 के लिए 16 नवंबर 2024 होगी।

### कटारिया इंडस्ट्रीज ने रतलाम वायर की वायर मैन्यूफैक्चरिंग डिवीजन को अधिग्रहित किया

**रतलाम।** कटारिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने रतलाम वायर प्रालि की वायर डिवीजन को 'स्लम्प सेल' के आधार पर खरीदने की घोषणा की है। रतलाम वायर विभिन्न प्रकार के स्टील वायर प्रॉडक्ट्स का निर्माण करता है, जिसमें स्प्रिंग स्टील वायर, पीसी स्ट्रैंड वायर और गैल्वेनाइज्ड और अनगैल्वेनाइज्ड वायर शामिल हैं। कटारिया इंडस्ट्रीज वायर डिवीजन को 30.6 करोड़ में अधिग्रहित करेगा, जो 21 अक्टूबर की अनऑडिटेड वित्तीय स्थिति के अनुसार 30.27 करोड़ की नेट एसेट वैल्यू के बराबर है। कंपनी के एमडी अरुण कटारिया ने कहा दोनों कंपनियों के बीच तालमेल से कटारिया कई इंडस्टीज जैसे ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री और रेलवे, को भी प्रॉडक्ट्स और सर्विसेज देने में सक्षम होगा। 1 अप्रैल से 21 अप्रैल के दौरान रतलाम वायर की वायर डिवीजन का टर्न ओवर 89.384 करोड़ रुपए, वित्त वर्ष 2023-24 में 151.987 करोड़ रुपए और वित्तवर्ष 2022-23 में 136.418 करोड़ रुपए था। इस अधिग्रहण से 3.5 फीसदी से 4.5 फीसदी की एबिट्डा मार्जिन उत्पन्न होने की उम्मीद है, जो कटारिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड की टॉपलाइन और बॉटम लाइन दोनों को बढ़ाएगा।

### रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचा रुपया

सोमवार को रुपया रिकॉर्ड निचले स्तरों पर बंद हुआ है। डॉलर के मुकाबले रुपया, 4 पैसे गिरकर 84.11 पर बंद हुआ। इससे पहले शुक्रवार को रुपया 84.08 पर बंद हुआ था। विदेशी संस्थागत निवेशकों (FIIs) की ओर से मौजूदा समय में जारी दबाव के चलते रुपया लुढ़का है। हाल के हफ्तों में ग्लोबल फंड्स ने भारतीय शेयरों से 1.25 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की बिक्री की है।

इस बिकवाली ने रुपए की गिरावट में बड़ी भूमिका निभाई है। करेंसी 11 अक्टूबर 2024 को 84 के आंकड़े को पार कर गई थी। उसके बाद लगातार बिकवाली की वजह से वो संभल नहीं सका है।

सोमवार को रुपया शुरूआती कारोबार में कुछ देर के लिए तेजी के साथ 84.06 पर पहुंच गया था लेकिन इसके बाद वो मोमेंटम को बरकरार नहीं रख पाया। विदेशी फंड्स की बिकवाली और घरेलू शेयरों में गिरावट का इस पर बड़ा असर पड़ा।

**आगे रुपए की कैसी रहेगी चाल?**

फॉरेक्स ट्रेडर्स को उम्मीद है कि रुपया एक सीमित दायरे में कारोबार करता रहेगा। इसके पीछे वजह मजबूत डॉलर और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें हैं।

### QNET इंडिया के विश्वसनीय प्रोडक्ट कॉम्बोस के साथ अपनी दिवाली को और आकर्षक बनाएं

दिवाली जहां गिफ्टिंग प्यार और मैत्री भाव दशार्ने का एक तरीका। अब गिफ्ट्स सिर्फ ट्रेडिशनल नहीं रहे- लोग ऐसे उपहार ढूंढ रहे हैं जो अधिमूल्य और उपयोगी दोनों हों। इस दिवाली पर QNET ने स्पेशल हैंपर्स तैयार किए हैं जो उत्सव को और भी स्पेशल बनाएंगे। स्पेशल प्राइस पर (24 अक्टूबर से 22 नवंबर तक) दो एक्साइटिंग ऑफर्स हैं- स्पार्कल डिवाइन सेट जिसमें किन्नारी 'मीरा' और 'डेजी' है, और फेस्टिव डिनर कलेक्शन जिसमें ORITSU अरिस्टो डिनर सेट और जिनिया टी सेट शामिल हैं। QNET का स्पार्कल डिवाइन सेट: किन्नारी मीरा और डेजी- किन्नारी मीरा सेट में स्टनिंग ईयररिंग्स और पेंडेंट हैं जो 14 कैरेट रोज गोल्ड से बने हैं और जीएच/एसआई1 ग्रेड के डायमंड्स से सजे हैं। ईयररिंग्स में 6 डायमंड्स और पेंडेंट में 3 डायमंड्स हैं कुल 0.19 सीटी वजन के साथ हैं। किन्नारी डेजी सेट में अनूठे फ्लावर डिजाइन है। 14 कैरेट येलो गोल्ड से बना है, इसमें ईयररिंग्स में 6 और पेंडेंट में 5 डायमंड्स हैं, टोटल 0.17 सीटी। QNET का फेस्टिव डिनर कलेक्शन : ORITSU अरिस्टो डिनर सेट और जिनिया टी सेट जिनिया विलासिता का मजा लें फेस्टिव डिनर कलेक्शन के साथ।

Scanned with OKEN Scanner

# अग्रवाल महिला मंडल पत्थलगांव ने हॉटल अरनव में मनाया दीपावली मिलन समारोह



दबंग दुनिया ♦ पत्थलगांव

अग्रवाल महिला मंडल पत्थलगांव ने दीपावली स्नेह मिलन समारोह में समाज की महिलाओं ने आपस में एकजुटता व संगठित भावना से आगे बढ़ने एवं एक दूसरे के सुख-दुख में भागीदार बनने का आह्वान किया। इस अवसर पर समाज की महिलाओं ने कहा कि सभी को साथ लेकर हम समाज को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दें एवं सदैव समाज को आगे ले जाने में सहयोग के लिए तत्पर रहेंगे। जो भी उनसे बनेगा वे समाज हित में काम करती रहेंगी। ऐसे नेक कार्य के लिए वे हर समय तैयार रहेंगे पूरे साल भर मैं महिला मंडल द्वारा आयोजित किए गए कार्यक्रमों की समीक्षा की गई एवं आने वाले समय के कार्यक्रमों के रूपरेखा तैयार करने की चर्चा की गई जिसमें निर्णय लिया गया कि शादी विवाह में छपने वाले कार्ड की जगह व्हाट्सएप, मेल या सोशल मीडिया के सहारे निमंत्रण कार्ड दिया जाए एवं आने वाले ठंड को देखते हुए महिला मंडल के द्वारा जरूरतमंदों को कंबल एवं गर्म कपड़े भी वितरित किये जायेंगे। अग्रवाल महिला मंडल मिलन समारोह में अग्रवाल महिला मंडल अध्यक्ष सरोज गर्ग, सचिव सुमन गोयल कोषाध्यक्ष मीणा गोयल ,संरक्षक चंदा गर्ग , पूर्व महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती अचर्ना गर्ग एवं श्रीमती पूजा अग्रवाल,उपाध्यक्ष नेहा गोयल रीता सिंहल सहसचिव पुष्पा मित्तल सह कोषाध्यक्ष उमिर्ला सदस्य कमला गर्ग कुसुम गर्ग मीरा गोयल मंजू गर्ग कुन्नी अग्रवाल मोनिका अग्रवाल निशा गोयल रितिका अग्रवाल उमिर्ला गोयल अनीता अग्रवाल मंजू सिंहल मीणा गोयल लक्ष्मी मित्तल नीतू सिंहल मंजू अग्रवाल मीनू सिंहल सरोज जिंदल सुनीता गर्ग ललिता बंसल अलका गर्ग प्रिया सिंहल सुनीता अग्रवाल कमला अग्रवाल श्वेता अग्रवाल मीना गर्ग अनीता जिंदल एवं अन्य।

# जिले के राज्योत्सव में लोगों का उत्साह नहीं, कुर्सियां खाली





दबंग दुनिया ♦ सूरजपुर

सूरजपुर जिले के राज्योत्सव में लोगों का उत्साह कम दिखा और भीड़ नहीं जुटने से कुर्सियां खाली रही। स्थानीय कलाकार कुर्सियां में बैठे रहे। स्टालों में भी कोई खास रौनक नहीं दिखी। अलबत्ता मंच नेताओं व अधिकारियों से भरा रहा। जिले के राज्योत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े थे। अध्यक्षता प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतापपुर विधायक श्रीमती शंकुतला पोर्ते, नपा अध्यक्ष केके अग्रवाल सहित कलेक्टर एसपी विशेष रूप से उपस्थित रहे। स्टेडियम ग्राउंड में राज्योत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ शाम को हुआ मगर इस कार्यक्रम को लेकर लोगों में उत्साह नहीं दिखा। मंच के सामने कुछ भाजपा नेता व अधिकारी- कमर्चारियों के अलावे कुसिर्यो की शोभा स्थानीय कलाकार बढ़ा रहे थे। स्टालों में भी कोई रौनक नहीं दिखाई दे रही थी। हालांकि अभी रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति होनी है, जिसमें सुप्रसिद्ध लोक पार्श्व गायक घनश्याम महानंद एवं सुश्री स्तुति जायसवाल कार्यक्रम हिस्सा बनेंगे। जिला प्रशासन के तमाम जिम्मेदार अधिकारियों की मौजूदगी में भारी अव्यवस्थाओं के बीच राज्य के स्थापना दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। ऐसा पहली बार हुआ है जब जिम्मेदार अधिकारियो की मौजूदगी में अव्यवस्था के आलम में राज्योत्सव जैसा महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित हुआ और जिम्मेदार अपनी आंखें मूंदे हुए थे। जिला स्तरीय उक्त आयोजन में ना ही पर्याप्त पेजयल व्यवस्था दिखी और न ही शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था की गई थी।घण्टो से छोटे छोटे स्कूली बच्चों को कार्यक्रम स्थल पर बैठाये रखा गया था परंतु जिला प्रशासन का कोई भी जिम्मेदार नुमाइंदा इन बच्चों की सुध लेने वाला नहीं था।

### उपस्थिति को लेकर जताई गई नाराजगी

राजोत्सव के कार्यक्रम में लोगों की उपस्थिति को लेकर मुख्य अतिथि भी अपने आप को रोक नहीं पाए और उनको बोलना पड़ गया कि इस कार्यक्रम में कोई खास उत्साह नहीं दिखा कार्यक्रम में कम उपस्थिति को लेकर उन्होंने कहा कि मैं इसके लिए किसी पर दोष नहीं मढ़ रहा हूं मगर उन्होंने कहा कि यह राज्य उत्सव का कार्यक्रम है इसमें उत्साह होना चाहिए आगे ऐसा ना हो इसका ख्याल रखें स्टालों में भी भीड़ भाड़ नहीं होने से उन्होंने कहां की योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंची नहीं पा रही है।

# कलेक्टर एवं एसपी ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्याएं



दबंग दुनिया ♦ मुंगेली

जिला कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में आज कलेक्टर राहुल देव एवं पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने आमजनों की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि आमजनों से प्राप्त आवेदनों का संबंधित अधिकारी नियमानुसार शीघ्र निराकरण करें और लोगों को राहत पहुंचाएं। जनदर्शन में विकासखण्ड लोरमी के ग्राम बुधवारा निवासी रामलोचन नवरंग ने 26 अक्टूबर को उनके मकान में आग लगने पर आर्थिक सहायता राशि की मांग की। जिस पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर की और पटवारी को तत्काल मौका पंचनामा और रिपोर्ट राजस्व न्यायालय में प्रस्तुत करने निर्देशित किया। साथ ही कार्य में लापरवाही एवं उदासीनता बरतने पर संबंधित पटवारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ श्री प्रभाकर पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्री जी. एल. यादव, मुंगेली एसडीएम श्रीमती पावर्ती पटेल सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### जनदर्शन मे कुल 145 आवेदन प्राप्त हुए

जनदर्शन में कुल 145 आवेदन प्राप्त हुए, इसमें मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम भठलीखुर्द के फूलचंद साहू ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम तालम के नारायण ने अपनी भूमि का नक्शा-बटांकन कराने, ग्राम मोहतरा तेली के इतवारी राम ने विद्युत केबल बदलवाने, ग्राम करही के श्रवण साहू ने जल जीवन मिशन योजनांतर्गत शुद्ध पेयजल दिलाने, ग्राम कुआंगांव की बैसखिया बाई ने धान खरीदी के लिए आनलाईन रिकार्ड दुरूस्त कराने, ग्राम नुनियाकछार के रामेश्वर बंजारा ने नकल बंदोबश्त दिलाने, पथरिया विकासखण्ड के ग्राम लौदा के बजरंग साहू ने शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने, हडगांव के मत्स्य पालक बलदाउ कश्यप ने मछली पालन के लिए किसान क्रेडिट योजना का लाभ दिलाने, ग्राम मनकी की भारती जोशी ने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शौचालय योजना का लाभ दिलाने सहित अन्य आवेदकों ने अपनी मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन सौंपे।

# राज्योत्सव कार्यक्रम में मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने 4 पहाड़ी कोरवा हितग्राहियों को सौंपी आवास की चाबी

» आवास की चाबी मिलने पर केन्दू हुए प्रफुल्लित

» प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को दिया धन्यवाद




दबंग दुनिया ♦ बलरामपुर

महिला एवं बाल विकास विभाग तथा समाज कल्याण विभाग व जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के द्वारा छत्तीसगढ़ राज्योत्सव कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जनमन आवास व पीएमएवाई-जी आवास योजना अंतर्गत 04 पहाड़ी कोरवा हितग्राहियों को पक्के आवास की चाबी सौंपी गई।

गौरतलब है कि 01 नवम्बर राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आज 05 नवम्बर को जिला मुख्यालय के कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलरामपुर के खेल मैदान में आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम में प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े पहुँची। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को सामग्री का वितरण किया। इसमें प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के अंतर्गत 04 पहाड़ी कोरवाओं को उनके पक्के आवास की चाबी दी। ज्ञातव्य है कि प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के माध्यम से पहाड़ी कोरवाओं को बेहतर और सुरक्षित जीवन देने का प्रयास जारी है, योजना से न केवल उन्हें पक्के आवास मिल रही है बल्कि बेहतर जीवन जीने के लिए प्रेरित कर सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

मंत्री के हाथों आवास की चाबी पाकर प्रफुल्लित हो रहे विकासखण्ड बलरामपुर के ग्राम गोविंदपुर निवासी श्री केन्दू आत्मज श्री तेज ने बताया कि मंत्री श्री राजवाड़े के द्वारा पक्के आवास की चाबी मिली है और पक्का आवास मिलने से हमारी मुश्किलें कम हो गई है। मैंने सोचा नहीं था कि मैं अपने जीवन में परिवार के साथ पक्के आवास में रह पाऊंगा। मैं खेती कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता हूं मेरे पास इतनी बचत नहीं होती है कि मैं खुद से पक्का घर बना सकूं। लेकिन इस योजना से मुझे पक्के का घर मिला। अब मेरे बच्चे भी पक्के घर में रहेंगे और अब हमें किसी भी मौसम में पेरशानियों का सामना करना नहीं पड़ेगा। मुख्यमंत्री द्वारा गरीब और वंचित परिवारों को आवास प्रदान करने की चलाई जा रही इस योजना से पहाड़ी कोरवाओं को जीवन को बेहतर बनाने में मदद मिल रही है। वे कहते है कि पीएम जनमन आवास से हम जैसे परिवारों को सुरक्षित जीवन जीने का अवसर मिला है। साथ ही उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में काम कर रही है और हर पहाड़ी कोरवा परिवारों के लिए सर पर छत देने के सपने को साकार करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। लाभान्वित हितग्राहियों ने आवास के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद दिया।

# जनसंपर्क की प्रदशर्नी बनी आकर्षण का केंद्र



दबंग दुनिया ♦ बलरामपुर

राज्योत्सव कार्यक्रम में जनसंपर्क विभाग द्वारा छायाचित्र प्रदशर्नी लगाई गई। प्रदशर्नी के माध्यम से शासन की विभिन्न सरकारी योजनाओं जानकारी दी गई। जनसंपर्क विभाग द्वारा शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों पर आधारित जनमन पत्रिका का वितरण भी किया गया ।

जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई इस प्रदशर्नी को लोगों का बेहतर प्रतिसाद मिला। शासन के योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने के लिए आमजनों में गजब का उत्साह है। प्रदशर्नी के माध्यम से श्रमिक परिवारों के लिए के लिए दी जा रही सहायता योजना, एक पेड़ मां के नाम अभियान, तेंदूपत्ता संग्रहण, सुरक्षा व्यवस्था, युवाओं, तथा महिलाओं के लिए संचालित योजना की उपलब्धियां प्रदशर्नी में साझा की गई है। प्रदशर्नी का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को शासन की योजनाओं से अवगत कराना व लाभान्वित करना है।

### छत्तीसगढ़ सरकार ने समाज के हर वर्ग को दिया है सहारा

प्रदशर्नी का अवलोकन करने पहुंची ग्राम पंचायत पस्ता निवासी श्रीमती कुंती पहाड़ी कोरवा ने बताया कि राज्य सरकार ने समाज के हर वर्ग को सहारा दिया है। किसान, महिला, वृद्ध, श्रमिक को अपनी योजनाओं से लाभान्वित करने का प्रयास किया है। उन्होंने विभाग द्वारा प्रकाशित पत्र-पत्रिकाओं को महत्वपूर्ण सूचना स्त्रोत मानते हुए कहा कि इससे शासन के योजनाओं की सटीक जानकारी मिलती है। इसी प्रकार विभाग की प्रदशर्नी का अवलोकन करने पहुंचे चैतराज ने बताया कि योजनाओं की जानकारी लोगो तक पहुंचाने की यह पहल सराहनीय है, जहां एक ही स्टाल में सभी योजनाओं की सही जानकारी मिल रही है।

# अमर शहीदों को नमन लिखकर प्रज्वलित किए गए 321 दीपक

**जांजगीर-चांपा (अजय उजाला)।** मां दुर्गा जन कल्याण समिति सिवनी एवं रक्तदाता क्रांति समूह के संयुक्त आयोजन में देश के बाह्य एवं आंतरिक सीमा की सुरक्षा में लगे हुए भारत माता की रक्षा करते हुए शहीद हुए वीर जवानों को नमन करने के उद्देश्य से ग्राम सिवनी के हृदय स्थल बाजार चैक में विराजित मां दुर्गा मंदिर प्रांगण में दीपों के माध्यम से अमर शहीदों को नमन लिखकर 321 दीपक प्रज्वलित किया गया। मां दुर्गा मंदिर के प्रधानाचार्य भगवती पंडित अशोक तिवारी ने देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए भारत रक्षक शहीदों की आत्मा शांति के लिए मां जगत जननी से प्राथर्ना कर विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। इसके बाद मंदिर के गर्भ गृह में प्रज्वलित रक्षा दीप से शहीदों के नाम उपस्थित लोगों द्वारा एक-एक दीप प्रज्वलित किया गया।

# महिला बाल विकास विभाग मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने स्टाल का किया अवलोकन

» राज्य स्थापना दिवस पर लगाई गई एकदिवसीय प्रदशर्नी

» आदिवासी सांस्कृतिक, आर्थिक सशक्तिकरण की झलकियों के साथ कबाड़ से जुगाड़ का कलात्मक प्रदर्शन

» पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा के प्रति किया गया जागरूक






दबंग दुनिया ♦ बलरामपुर

राज्योत्सव कार्यक्रम स्थल कन्या हाई स्कूल मैदान बलरामपुर में मुख्य अतिथि के रूप में महिला बाल विकास विभाग तथा समाज कल्याण विभाग व जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े शामिल हुई। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल का अवलोकन किया तथा हितग्राही मूलक योजना सबंधित सामग्रियों का वितरण भी किया। इस अवसर पर सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैंकरा, पिछड़ा आयोग सदस्य श्री कृष्णा गुप्ता, जनपद अध्यक्ष श्री विनय पैंकरा, जनपद उपाध्यक्ष श्री भानुप्रकाश दीक्षित, कलेक्टर रिमिजियुस एक्का, पुलिस अधीक्षक बैंकर वैभव रामनलाल, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रेना जमील, गणमान्य नागरिक श्री ओमप्रकाश जायसवाल, गोपाल मिश्रा, दीनानाथ यादव, दिलीप सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

गौरतलब है कि राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय बलरामपुर में विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहीमूलक योजनाओं की एकदिवसीय प्रदशर्नी लगाई गई। जिसमे 13 विभागों ने अपनी विभागीय योजनाओं का प्रदर्शन किया। आदिवासी विकास विभाग द्वारा आयोजित प्रदशर्नी में एकलव्य मॉडल, वन उपज संग्रहण, और पारंपरिक स्थानीय वाद्य यंत्रों, आभूषण का प्रदर्शन किया गया। एकलव्य मॉडल आदिवासी बच्चों के शिक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। आदिवासी समुदायों के पारंपरिक वाद्य यंत्रों का प्रदर्शन किया गया है, जो उनकी सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। आदिवासी विकास विभाग की यह प्रदशर्नी आदिवासी समुदायों की सांस्कृतिक विरासत और उनके विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

महिला बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित प्रदशर्नी में महतारी वंदन योजना, छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू की गई एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करना है इसके अलावा, प्रदशर्नी में पोषण और सब्जी के बारे में भी जानकारी दी गई, जो महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। जिला पंचायत द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का मॉडल प्रदर्शित किया गया। योजना का मुख्य उद्देश्य गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों को आवास प्रदान करना है। इसके साथ ही राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में अग्रसर हो रही समूह के बारे में बताया गया। वन विभाग द्वारा आयोजित प्रदशर्नी में लोगों को वन संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता के महत्व के बारे में जानकारी दिया गया है। वन अधिकार पट्टे के बारे में जानकारी दी गई, जिससे वनवासियों को उनके अधिकारों के बारे में पता चल सके साथ ही जड़ी-बूटियों के औषधीय गुणों और उनके उपयोग के बारे में जानकारी दी गई।

उद्यान विभाग द्वारा फल और सब्जी प्रदर्शन किया गया। इसके माध्यम से लोगों को फल और सब्जी के महत्व के बारे में जानकारी के साथ स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। फल और सब्जियों में विभिन्न प्रकार के विटामिन, खनिज और फाइटोकेमिकल्स पाए जाते हैं, जो शरीर को रोगों से बचाव के लिए आवश्यक ऊर्जा प्रदान करते हैं। इनके सेवन से हृदय रोग, उच्च रक्तचाप जैसे रोगों की रोकथाम होती है। इसके साथ ही पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए उत्पादन और खपत को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना है। पशुधन विकास विभाग द्वारा पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिनका मुख्य उद्देश्य पशु रोगों के नियंत्रण और निवारण के लिए आवश्यक सुविधाएं प्रदान करना है। ताकि वे अपने पशुओं का उचित तरीके से उपचार करवा सकें।

पशुधन विकास विभाग द्वारा चलाई जा रही मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई जिसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में पशु चिकित्सा सेवाओं को मजबूत करना है ताकि पशुओं को उचित तरीके से उपचार मिल सके।

जिला कौशल विकास प्राधिकरण एवं जिला परियोजना लाइवलीहुड के तहत मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना एवं प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के बारे में जानकारी दी गई जिसमें हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिले के युवाओं को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराते हुए लाइव रेट कॉलेज बलरामपुर में विभिन्न प्रशिक्षण कोर्स में प्रशिक्षण देकर रोजगार स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित प्रदशर्नी में आयुष्मान कार्ड, सिकल सेल, एनीमिया और टीबी जैसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य विषयों पर जानकारी दी गई। आयुष्मान कार्ड योजना के तहत गरीब वर्ग के लोगों को 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जाता है, जिससे वे अपने स्वास्थ्य की देखभाल कर सकें ।इसके अलावा, सिकल सेल, एनीमिया, और टीबी जैसे रोगों के बारे में भी जानकारी दी गई, जिनके लिए समय पर उपचार करना आवश्यक है।

शिक्षा विभाग द्वारा प्रदशर्नी में कबाड़ से जुगाड़ का प्रदर्शन किया गया, जो विद्यार्थियों की कलात्मकता और संसाधनों का सही उपयोग करने की क्षमता को दर्शाता है । इस प्रदशर्नी में विभिन्न विषयों पर मॉडल प्रदर्शन किए गए। प्रदशर्नी का उद्देश्य विद्यार्थियों को वैज्ञानिक ज्ञान और रचनात्मकता को बढ़ावा देना है। लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन का मॉडल प्रदर्शित किया गया इस माध्यम से लोगों को स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता के बारे में जागरूक किया गया। जल जीवन मिशन के मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना है

### मछली विभाग और कृषि विभाग

द्वारा आयोजित प्रदशर्नी में विभागीय योजनाओं का प्रदर्शन किया गया। मछली बीज की उपलब्धता, कृषि में नवाचार और फसल बीमा योजना योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई जिससे अपने क्षेत्र में इन योजनाओं का लाभ उठा सकें।

Scanned with OKEN Scanner

# शिक्षा हो या स्वास्थ्य, हर क्षेत्र में नई बुलंदियों को छू रहा है छत्तीसगढ़ : मंत्री श्रीमती राजवाड़े

» छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर हुआ एक दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन

» महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े हुई शामिल






दबंग दुनिया ♦ बलरामपुर

राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलरामपुर के खेल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश की महिला एवं बाल विकास विभाग तथा समाज कल्याण विभाग व जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े शामिल हुईं। इस दौरान करमा नृत्य से उनका भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात मुख्य मंच पर मंत्री ने सरस्वती माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैंकरा, पिछड़ा आयोग सदस्य श्री कृष्णा गुप्ता, जनपद अध्यक्ष श्री विनय पैंकरा, जनपद उपाध्यक्ष श्री भानुप्रकाश दीक्षित, कलेक्टर रिमिजियुस एक्का, पुलिस अधीक्षक बैंकर वैभव रमनलाल, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रेना जमील, गणमान्य नागरिक ओमप्रकाश जायसवाल, गोपाल मिश्रा, दीनानाथ यादव, दिलीप सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

महिला बाल विकास विभाग मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित कर राज्य स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। राज्य बने हुए 24 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। और छत्तीसगढ़ में हर क्षेत्र में विकास देखने को मिल रहा है। शिक्षा हो या स्वास्थ्य हर क्षेत्र में नई बुलंदियां छू रहा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से छत्तीसगढ़ आगे बढ़ रहा है और हमारे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार में निरंतर विकास की पथ पर अग्रसर हो रहा है। डबल इंजन की सरकार वादे के अनुरूप कार्य कर सारे वादों को पूर्ण कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार हर वर्ग के लिए कार्य कर रही है। प्राथमिकता से किसान, महिलाएं हर जरूरतमंद परिवार को लाभान्वित किया जा रहा है। युवाओं को शिक्षा के साथ रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रही है। उन्होंने अपने उद्बोधन में नक्सल पीड़ित परिवारों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए चलाई जा रही नीतियाँ, अधोसंरचनाओं का निर्माण, हवाई कनेक्टिविटी इत्यादि का भी उल्लेख किया।

श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि हमारी सरकार ने खरीफ वर्ष 2023-24 में किसानों से रिकॉर्ड 145 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की है, साथ ही उन्हें दो वर्षों का बकाया बोनस 03 हजार 716 करोड़ रुपये का भुगतान भी किया। महतारी वन्दन योजना के द्वारा 70 लाख महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपये की सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए 179 महतारी सदन के लिए 52 करोड़ 20 लाख की स्वीकृति दे दी गई है। साथ ही हमारी डबल इंजन की सरकार ने छत्तीसगढ़ के लिए 08 लाख 46 हजार 931 आवासों की स्वीकृति भी दे दी है। युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए राज्य में 07 हजार से अधिक पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि वनवास काल के दौरान भगवान श्री राम ने जिन स्थानों पर प्रवास किया, उन्हें हमारी सरकार पर्यटन तीर्थ के रूप में संवार रही है। आने वाले समय में हमारी सरकार प्रदेश में पर्यटन का और विकास करेगी। पर्यटन के माध्यम से रोजगार के अवसरों का सृजन किया जाएगा। जिससे स्थानीय लोगों को भी आर्थिक लाभ होगा और उनका जीवन स्तर ऊँचा उठेगा। सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैंकरा ने छत्तीसगढ़ राज्योत्सव पर बधाई देते हुए मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ राज्य बनने के संदर्भ में संक्षिप्त जानकारी दी। अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े को कलेक्टर ने स्मृति चिन्ह भेंट किया।

### मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत 59 हितग्राहियों को किया सामग्री वितरण

राज्योत्सव में महिला बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को सामग्रियों का वितरण किया। जिसमें वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा 05 हितग्राहियों को वन्यप्राणी क्षतिपूर्ति मुआवजा का भुगतान किया गया। इसी प्रकार स्वास्थ्य विभाग द्वारा 06 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, श्रम विभाग द्वारा 02 हितग्राहियों को असंगठित कमर्कार मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना, पशुधन विकास विभाग द्वारा विभिन्न योजना के तहत 03 हितग्राहियों को चेक, उद्यान विभाग द्वारा 05 हितग्राहियों को राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत अनुदान प्रमाण पत्र, मत्स्य पालन विभाग द्वारा 05 हितग्राहियों को जाल एवं आइसबॉक्स, कृषि विभाग द्वारा 15 हितग्राहियों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत सरसों व मसूर बीज का वितरण, पंचायत ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 06 हितग्राहियों को आवास, नगर पालिका परिषद बलरामपुर के द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 02 हितग्राहियों को चेक तथा खाद्य विभाग द्वारो द्वारा 10 हितग्राहियों को राशनकार्ड का वितरण किया गया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम मे स्कूली बच्चो की मनमोहक प्रस्तुति से मंत्र मुग्ध हुए दर्शक

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के 24 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित राज्योत्सव के मुख्य समारोह में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अद्भुत प्रस्तुति दी, जिसमें उनकी प्रतिभा और उत्साह देखने को मिला। इस समारोह में बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नमामि नमामि, आदिवासी संस्कृति, दक्षिण भारत रीमिक्स, असमिया लोक नृत्य, सरगुजिया जैसे सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रदर्शन किया। इन कार्यक्रमों में बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई और दशर्कों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस समारोह में न केवल बच्चों की प्रतिभा को प्रदर्शित करने का एक मंच मिला, बल्कि यह राज्य की सांस्कृतिक धरोहर को भी प्रदर्शित करने का एक अवसर रहा।

# जशपुर पुलिस द्वारा ने सड़क दुर्घटना में कमी लाने चलाया जा रहा वृहद चेकिंग अभियान



दबंग दुनिया ♦ पत्थलगांव

जिला जशपुर के विभिन्न थाना/चौकी क्षेत्र में नाकाबंदी कर शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों का ब्रीथ एनलाईजर के माध्यम से चेक कर एवं तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की जा रही है। विगत दिनों यातायात शाखा जशपुर द्वारा विशेष अभियान चलाकर अत्यंत लापरवाहीपूर्वक तेज गति से चलने वाले बाईकर प्रदीप राम निवासी एम.एल.बी. स्कूल के सामने के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही कर 3000 /- रू. का शमन शुल्क वसूला गया। जिला पुलिस जशपुर द्वारा अभी समझाईस दी जा रही है कि नाबालिगों को वाहन चलाने न देवें, वाहन चलाते समय हमेशा यातायात नियमों का पालन करें, दोपहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी बैठ कर वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें, शराब सेवन कर वाहन न चलाएं इत्यादि साथ ही नाबालिक वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही के बारे में बताते हुये अनावश्यक रूप से घूमने वाले नाबालिग वाहन चालकों के परिजनों को मौके पर बुलाकर न्यायालयीन प्रक्रिया के बारे में बताया गया। अब वृहद स्तर पर कार्यवाही की जावेगी।

# जिला शिक्षा अधिकारी एल पी पटेल की जिद ने ली संकुल समन्वयक की जान

**संकुल शैक्षिक समन्वयक संघ के प्रांताध्यक्ष विक्रम राय ने मृतक समन्वयक के परिवार को 5 करोड़ राशी की मुआवजा और परिवार को शिक्षक की नौकरी देने की मांग की**



दबंग दुनिया ♦ पलारी

छत्तीसगढ़ संकुल शैक्षिक समन्वयक/ शिक्षक उन्नयन कल्याण संघ के भारी विरोध के बावजूद भी जिला के राज्योत्सव कार्यक्रम मे संकुल शैक्षिक समन्वयक भगत पटेल , स्कूल घोटला छोटे, संकुल केंद्र भेड़वन विकासखंड सारंगढ़ की ड्यूटी लगायी गयी थी। पटेल सर समन्वयक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष भी थे। ड्यूटी के दौरान संकुल समन्वयक से मजदूर की तरह काम कराया जा रहा था! राज्योत्सव फ्लेक्सी लगाने के दौरान करेंट की चपेट मे आने से संकुल समन्वयक की दर्दनाक मौत हो गयी! मौत की सम्पूर्ण जिम्मेदारी जिला शिक्षा अधिकारी की है! संकुल समन्वयक संघ के प्रांताध्यक्ष विक्रम राय ने इस घटना को लेकर काफी आक्रोश व्यक्त किया गया है एवं गैर शिक्षकीय कार्य का विरोध लगातार समाचार एवं ज्ञापन के माध्यम से उच्च अधिकारियो को दिया था। इसके बावजूद भी गैर शिक्षकीय कार्य के जरिये जिला के शिक्षा अधिकारी द्वारा लापरवाहीपूर्वक ड्यूटी लगाकर संकुल समन्वयक की जान ले लीं! संकुल शैक्षिक समन्वयक संघ के प्रांताध्यक्ष विक्रम राय और समस्त समन्वयक साथियों ने शोक व्यक्त की और पीड़ित परिवार को हर संभव सहयोग करने की अपील की।

# 261 खाद्य कारोबारी में से जांच दल ने मात्र 7 फर्मों में ही कि जांच, लिये थे नमुने

दबंग दुनिया ♦ सरायपाली

बिना कोई वैध डिग्री एवं बी फार्मा के प्रोटीन पाउडर एवं विटामिन, कैप्सूल बेचने के मामले की जांच प्रतिवेदन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला महासमुंद को जांच समिति द्वारा 10 सितंबर को जमा की गई है। जाँच समिति द्वारा अनेक बिंदुओं पर जांच की गई। यह जांच शिकायतकर्ता कामता पटेल प्रदेश महामंत्री भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा छत्तीसगढ़ की लिखित शिकायत एवं पत्रिका में प्रकाशित खबर पर की गई।

जांच समिति ने जांच प्रतिवेदन में बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं विनियम 2011 के अंतर्गत हर्बल लाइफ उत्पाद प्रोटीन पाउडर एवं विटामिन कैप्सूल खाद्य पदार्थ को सरायपाली ब्लॉक में कुल 261 खाद्य कारोबारकर्ता ही बचने के लिए अधिकृत हैं। जांच समिति ने कुल 7 फर्मों की जांच की गई,जिनमें से एक फर्म से ही गुणवत्ता एवं लेवल जांच हेतु खाद्य नमूना संकलित किया गया है। चार फॉर्म में मात्रा उपलब्ध नहीं होने के कारण खाद्य नमूना संकलन नहीं किया गया। जांच के दौरान दो फर्म बंद पाए गए। वहीं एक मामले में किरण कुमार साहू पिता रघुवीर साहू को नोटिस जारी कर प्राधिकृत परिसर में ही खाद्य कारोबार करने के लिए निर्देशित किया गया है वहीं बंद पाए गए फर्म के संचालक खेमराज पटेल मेसर्स 24 फिट क्लब, एवं अनीता साहू मेसर्स वैलनेस सेंटर सरायपाली को खाद्य सुरक्षा अधिकारी शंखनाद भोई द्वारा नोटिस जारी कर सात दिवस के भीतर प्राधिकृत परिसर में खाद्य कारोबार करने के संबंध में प्रमाणित जानकारी प्रस्तुत करने निर्देश जारी किया गया है। यह ज्ञातव्य हो कि हर्बल लाइफ के नाम पर पूरक पोषण आहार के रूप में प्रोटीन पाउडर एवं विटामिन कैप्सूल की आपूर्ति एवं खपत क्षेत्र में बड़े पैमाने पर होने की सूचना लगातार मिलती रही है। डॉक्टर एवं फार्मासिस्ट की बगैर डिग्री के भी इन खाद्य पदार्थों की बिक्री की जा रही है जिसकी शिकायत के बाद जांच की गई।

# गरियाबंद बनेगा उत्कृष्ट जिला, तरक्की की राह में बढ़ेगा आगे : विधायक धर्मजीत सिंह

दबंग दुनिया ♦ गरियाबंद

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आज जिला मुख्यालय में एक दिवसीय जिला स्तरीय राज्योत्सव का आयोजन किया गया। राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन गरियाबंद के गांधी मैदान में किया गया। राज्योत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तखतपुर विधायक धमर्जीत सिंह शामिल हुए। इस दौरान विधायक श्री सिंह ने विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में विभिन्न जनहितकारी योजनाओं के माध्यम से प्रदेश का विकास हो रहा है। मुख्य अतिथि ने कहा कि नये सरकार के अस्तित्व में आते ही सबसे पहले किसानों का धान का बकाया बोनस राशि प्रदान किया गया। साथ ही धान का दाम 3100 रूपए प्रति क्विंटल कर प्रदेश के किसानों को लाभान्वित किया गया। शासन द्वारा किसानों और सभी वर्ग के लोगों की भलाई के लिए बहुत सारे लाभकारी योजनाएं लागू की गई है। शासकीय योजनाओं से लोगों को काफी लाभ भी मिल रहा है। श्री सिंह ने राज्य स्थापना दिवस पर सभी जिलेवासियों को बधाई और शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने कहा कि वन से परिपूर्ण गरियाबंद जिला में विकास की अपार संभावनाएं है। यह जिला निरंतर आगे बढ़ते हुए उत्कृष्ट जिला बनेगा। इसके लिए हम सबको एकजुट होकर प्रयास करना होगा। सरकार इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है। इस दौरान राजिम विधायक श्री साहू एवं बिंद्रा नवागढ़ विधायक श्री ध्रुव ने भी सभा को संबोधित कर लोगों को राज्योत्सव की बधाई दी। राज्योत्सव कार्यक्रम में शासकीय योजनाओं को प्रदर्शित करने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। स्टॉल के माध्यम से शासकीय विभागों ने जनहितकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाई। मुख्य अतिथि सहित जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने स्टॉलों का अवलोकन कर हितग्राहियों को सामग्रियों का भी वितरण किया। जिले की स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा स्थानीय स्तर पर बनाए गए उत्पाद हैण्डबैग, साबुन, डिर्जेन्ट, गमला, अगरबत्ती, फिनाइल, दोना-पत्तल आदि के बिक्री के लिए बिहान बाजार भी लगाया गया। बिहान बाजार में सभी उत्पादों को देखने और खरीदने के लिए भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। राज्योत्सव कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों और स्थानीय कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए। स्थानीय छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम का आनंद लेने शाम तक लोग झूमते रहे। इस दौरान राजिम विधायक श्री रोहित साहू, बिंद्रानवागढ़ विधायक श्री जनक ध्रुव, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष श्री अब्दुल गफ्फार मेमन, जनपद अध्यक्ष श्रीमती लालिमा ठाकुर, कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक श्री निखिल राखेजा, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण मौजूद रहे।






हितग्राहियों को किया गया सामग्री वितरण - एक दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम के दौरान विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा हितग्राहियों को हितग्राही मूलक कार्यों के लिए विभिन्न सामग्रियों का वितरण किया गया। हितग्राहियों को उज्जवला गैस कनेक्शन, दवाई-बीज, नोनी सशक्तिकरण चेक राशि, किसान क्रेडिट कार्ड आदि का वितरण किया गया। श्रम विभाग द्वारा हितग्राहियों को सिलाई मशीन, पीएम विश्वकर्मा योजना पंजीयन से लाभांवित किया गया। इसी प्रकार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा हितग्राहियों को चेक राशि, पशुधन विकास विभाग द्वारा हितग्राहियों को चेक राशि, उद्यानिकी विभाग द्वारा बीज एवं दवाई खाद का वितरण किया गया। कृषि विभाग द्वारा हितग्राहियों को सरसों मिनी किट, मसूर बीज किट, अलसी मिनी किट का वितरण किया गया। इसी प्रकार मछली पालन विभाग द्वारा आईस बॉक्स, जाल एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजी रही शाम, स्कूली बच्चों की प्रस्तुति से शाम तक झूमे लोग - राज्योत्सव कार्यक्रम के दौरान शाम चार बजे से स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये गये छत्तीसगढ़ी नृत्य, भरथरी, पंडवानी, करमा, सुआ, ददरिया सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लेने के लिए भारी संख्या में लोग राज्योत्सव स्थल पर मौजूद रहे। कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय गरियाबंद के बच्चों द्वारा समूह नृत्य, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल गरियाबंद द्वारा बस्तर करमा नृत्य, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गरियाबंद द्वारा सुआ नृत्य, सरस्वती शिशु मंदिर गरियाबंद द्वारा छत्तीसगढ़ी समूह नृत्य, श्रद्धा पब्लिक स्कूल गरियाबंद के बच्चों द्वारा बस्तर परब नृत्य, उत्कृष्ट स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय गरियाबंद द्वारा सरगुजिहा करमा नृत्य एवं सेवा जोहार समूह नृत्य प्रस्तुति दी गई। इसी प्रकार सक्षम दिव्यांग आवासीय विद्यालय राजिम के दिव्यांग बच्चों द्वारा छत्तीसगढ़ी गीतों पर सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी गई। आदिवासी विकास विभाग अंतर्गत आश्रम छात्रावास के बच्चों द्वारा आदिवासी नृत्य, सतनामी चौका, पंडवानी गायन, पंथी गायन, भरथरी गायन, राउत नाचा, ढोला मारू, हल्बी गीत एवं करमा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। दशर्कों ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देखकर बच्चों की प्रतिभा की खूब प्रशंसा की।

Scanned with OKEN Scanner

## घरघोड़ा की जीवन दायिनी बगमुड़ा तालाब का अस्तित्व खतरे में



दबंग दुनिया ♦ घरघोड़ा

घरघोड़ा नगर पंचायत अंतर्गत घरघोड़ा के हृदय पर बगमुड़ा तालाब स्थित है जो कि घरघोड़ा की जीवन दायनी मानी जाती है बगमुड़ा तालाब की बात करें तो घरघोड़ा के 80% निवासी निस्तारी के लिए बगमुड़ा तालाब का उपयोग विगत 80 वर्षों से करते आ रहे हैं परंतु आज बगमुड़ा तालाब की दयनीय स्थिति बनी हुई है यदि ऐसी स्थिति बनी रही तो आने वाले दिनों में घरघोड़ा के निवासियों को निस्तारी के लिए बहुत ही ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है आपको बताना चाहेंगे कि घरघोड़ा के मध्य हृदय स्थल पर दो तालाब स्थित है एक पर्री तालाब तो वही दूसरी बगमुड़ा तालाब स्थित है पर्री तालाब की बात करे तो जलकुंभियों से ढकी है और पूर्व में उक्त तालाब का गहरीकरण करने के लिये कई बार नगर पंचायत के माध्यम से सरोहर धरोहर योजना के तहत राशि आहरण किया गया है परंतु हमेशा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी है और वर्तमान में धरातल पर किसी भी प्रकार का काम देखने को नहीं मिला है और कभी गलती से कोई ठेकेदार ईमानदारी से काम कर दिया तो नगर पंचायत उसका भुगतान नही करती है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अभी वर्तमान में भी ठेकेदार का भुगतान रोक दिया गया है जिसके कारण तालाब की गहरीकरण व सौन्दरी करण का कार्य रुका हुआ है तालाब का रुका कार्य जल्द नही कराया गया तो जलकुंभी पूरी तालाब पर फैल चुकी होगी और आने वाले दिनों में घरघोड़ा के निवासियों को निस्तारि के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ेगा अब देखना यह है कि समाचार चलने के पश्चात नगर पंचायत घरघोड़ा उक्त समस्या का समाधान कैसे करती है।

# घरघोड़ा क्षेत्र में उद्योगों की चिमनियां उगल रही धुंआ रूपी जहर, जल, जंगल, जमीन हो रहे नष्ट

दबंग दुनिया ♦ घरघोड़ा



क्षेत्र में पर्यावरण की हालत दिनों-दिन बिगड़त जा रही है जल, जंगल, जमीन सभी नष्ट हो रहे हैं पर्यावरण पर मंडरा रहे खतरे से सभी अच्छी तरह वाकिफ हैं, इसके बावजूद हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं पर्यावरण का संतुलन बन रहे इसका एक ही उपाय है। इन खतरों को टालने के लिये अपनी प्रकृति को सहेजना होगा। यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाया गया तो क्षेत्र को इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। सर्वत्र पर्यावरण के बिगड़ते स्वरूप का असर देखा जा रहा है। पर्यावरण पुरी तरह बिगड़ गया है इसमें दो राय नहीं है कि क्षेत्र में लगातार हो रही औद्योगिक प्रगति ने यहां के स्वच्छ प्राकृतिक वातावरण को बिगाड़ कर रख दिया है आज से करीब दो दशक पूर्व गर्मी का दिन एक पंखे से चल जाया करता था। बारिश भी अच्छी होती थी और ठंड का मौसम भी राहत पहुंचाता था पर आज की बात और ही अलग है। अब पर्यावरण पुरी तरह गरमा गया है इतनी गर्मी पड़ रही है कि एसी भी कमजोर पड़ जा रही है गर्मी को रोकने में। वहीं ठंड के मौसम में ठंडी की कारण मौत हो जाती है। बारीश इतनी हो रही है कि बाढ़ आ जा रही है। इस सबका जिम्मेदार कौन है? पर्यावरण असंतुलन है! यह सब दृश्यमान है कि जल, जंगल, जमीन पर बुरी तरह उद्योगों का कब्जा है। इन उद्योगों की चिमनियों से निकलने वाला धुंआ घरों की छत पर कालिख पोत रहा है। अभी भी वक्त है प्रयास करें तो हमारा पर्यावरण संभल सकता है। प्रशासन उद्योग की खबर लें, औद्योगिक प्रदूषण को लेकर सचेत हो इस तरह की पहल सभी तरफ होनी चाहिए। अधिक से अधिक पेंड़ लगाने के विषय में कार्य होना चाहिए जितने पेड़ लगेंगे उतनी हरियाली होगी। हरियाली की वजह से प्रदूषण समाप्त होगा, वहीं जिला क्षेत्र में और उद्योग स्थापित होने की दस्तक सुनाई दे रही है।

## अज्ञात कारणों से फांसी पर झुला युवक

दबंग दुनिया ♦ टुण्डरा



नगर टुण्डरा में एक नवयुवक शरद कुमार साहू उम्र 20 वर्ष जो कि शत्रुहन साहू वार्ड 14 के निवासी के अकेला सुपुत्र थे ,वह लक्ष्मी पूजन में एवं मूर्ति विसर्जन जुलूस कार्यक्रम में भला चंगा शामिल थे। अचानक बीच रस्ते से विसर्जन जुलुस से वापस अपने घर पहुंच कर लगभग 8 बजे कमरे में पंखे लगने वाले हूक से रस्सी से फंदा लगा कर झूल गया। अकस्मात इस तरह हरकत कर लेने का परिवार को भनक नहीं लग पायी। कुछ देर बाद उनके पिता पता चलने पर आनन फानन में रस्सी काट कर उतारा गया एवं अन्य लोगों को सूचित किये एवं तत्काल अस्पताल कसडोल ले जाया गया , जहां जांच करने पर डाक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। अधिक रात हो जाने पर कसडोल के मरच्यूरी में रखा गया था जिसे अगली सुबह पुलिस विभाग द्वारा विधिवत पंचनामा व पोष्टमार्टम कर परिजनों को सौप दिया गया। गृह ग्राम लाकर अंत्येष्टि किया गया। अचानक आत्मघाती कदम उठा लेने से नगरवासी हतप्रद हैं, किसी को कोई समझ नही आ रहा है। आगे पुलिस जाच उपरांत ही कारणों का सही पता लग सकेगा।

## प्रदेश में अराजकता व अशांति के लिए कांग्रेस कर रही षडयंत्र : भूलन सिंह मरावी



» सूरजपुर नपा अध्यक्ष के ईशारे पर बाहरी लोगों के हस्तक्षेप से, बढ़ा भ्रष्टाचार-बाबूलाल अग्रवाल

दबंग दुनिया ♦ सूरजपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश मे कांग्रेस द्वारा अराजकता व अशांति फैलाने सहित अन्य मुद्दे को लेकर भाजपा कार्यालय अटल कुंज मे पत्रकार वार्ता आयोजित कर प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह व भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाया।

पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए विधायक भूलन सिंह मरावी ने कहा कि जब से प्रदेश मे भाजपा की सरकार बनी है कांग्रेस पदाधिकारी षडयंत्र के तहत समूचे प्रदेश मे अशांति फैलाने का काम कर रहे हैं। बलौदाबाजार या सूरजपुर सहित कई घटनाओं मे कांग्रेस व एनएसयूआई के पदाधिकारियों की संलिप्तता दिख रही है। श्री मरावी ने कहा कि नगर पालिका सूरजपुर मे जिस तरह निकाय के संपत्ति का बंदरबांट किया जा रहा है वह पूरी तरह अवैधानिक है। भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेसी सत्ता के बगैर छटपटा रहे हैं। आज पूरे प्रदेश मे जितनी भी घटनाएं घटित हुई उसमें कांग्रेस व एनएसयूआई पदाधिकारियों की संलिप्तता मिली है। कांग्रेस के पदाधिकारी विष्णुदेव साय सरकार को बदनाम करने इस तरह का षड्यंत्र कर रहे हैं। श्री प्रकाश मुनि साहेब के साथ अभद्रता मे शामिल युवक भी कांग्रेस का सक्रिय पदाधिकारी है। श्री अग्रवाल ने कहा कि नगर पालिका सूरजपुर मे बड़े पैमाने पर अनियमितता व भ्रष्टाचार किया जा रहा है। निकाय मे बाहरी व्यक्तियो द्वारा नियमों को ताक पर रखकर दुकानों का आबंटन कर दिया गया। श्री अग्रवाल ने कहा कि नगरपालिका परिषद सूरजपुर के द्वारा हाईटैक बस स्टैण्ड सूरजपुर में स्वावलंबन योजना के तहत सन 2023 में कुल 54 दुकानों का निर्माण कराया गया था। जिसमें से निर्माण के समय से ही 2 दुकानों को नगरपालिका अध्यक्ष के द्वारा बिना किसी प्रकिया का पालन किए बिना अपने चहेतों को दे दिया गया था। शेष 52 दुकानों को आबंटित करने हेतु गरीबी रेखा में रहने वाले लोगों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था तथा नगरपालिका परिषद सूरजपुर के द्वारा नियमानुसार अधिकारियों की उपस्थिति में ड्रा पद्धति से शासन के कमर्चारीतो के द्वारा आम जनता से एक-एक पर्ची निकालकर ड्रा प्रकिया का पालन करना था परन्तु उपरोक्त आबंटन प्रक्रिया में शासन द्वारा नियुक्त सभी अधिकारी मूक दर्शक बने रहे तथा पूरी प्रक्रिया का संचालन नपा अध्यक्ष का संरक्षण प्राप्त एक दो बाहरी व्यक्ति द्वारा किया गया जो घोर आपत्तिजनक है। इसकी शिकायत मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौपा गया है। इस दौरान जिला मिडिया प्रभारी शशि तिवारी, जिला मंत्री संदीप अग्रवाल, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष अजय अग्रवाल (अज्जू), रामानुजनगर जनपद उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता, जिला सह मीडिया प्रभारी संस्कार अग्रवाल, जिला कार्यालय मंत्री राजेश्वर तिवारी, रितेश जायसवाल, मंडल महामंत्री आनंद सोनी, वार्ड पार्षद अजय सिंह, सुरेंद्र देवांगन, किशन देवांगन, संजू सोनी मौजूद रहे।

## इकलौते बेटे की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत, शोक-पत्र बांटने निकले युवक की मौत, साथी गंभीर घायल

दबंग दुनिया ♦ कुनकुरी



चराईडांड-बगीचा स्टेट हाइवे पर आज सोमवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे ने सभी को झकझोर कर रख दिया। अपने चचेरे दादाजी की मृत्यु के शोक में शोक-पत्र बांटने निकला इकलौता बेटा, नवीन कुमार सिंह उर्फ नंदू सिंह (25 वर्ष) की इस हादसे में मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में उसके साथ बैठे शिवप्रकाश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें कुनकुरी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।घटना दोपहर करीब 3 बजे की है, जब नवीन और शिवप्रकाश सिंह बाइक पर सवार होकर अपने गांव बरडांड (पतराटोली) से शोक-पत्र बांटने निकले थे। थाना प्रभारी सुनील सिंह के अनुसार, चराईडांड चौक से बगीचा रोड पर 100 मीटर आगे एक पिकअप वाहन से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि नवीन कुमार सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि शिवप्रकाश को गंभीर चोटें आई हैं। पिकअप चालक फरार, वाहन पर नहीं था नंबर हादसे के बाद पिकअप चालक मौके से फरार हो गया, और पुलिस को दुर्घटना स्थल पर बिना नंबर की पिकअप मिली। यह जानकारी मिलने पर पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और फरार पिकअप चालक की तलाश की जा रही है।इस घटना के तुरंत बाद चराईडांड के सरपंच किशोर लकड़ा ने घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी और घायल युवक को तत्काल अस्पताल पहुंचाने में सहयोग किया। सरपंच ने कहा कि हादसा अत्यंत दुखद है और उन्होंने पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है।नवीन कुमार सिंह की असमय मृत्यु से परिवार और गांव के लोग गहरे सदमे में हैं। नवीन परिवार का इकलौता बेटा था, और अपने चचेरे दादाजी दिगम्बर सिंह के शोक में शोक-पत्र बांटने निकला था। इस दुखद हादसे ने सभी को भावुक कर दिया है, और क्षेत्र में शोक का माहौल है।पुलिस ने क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि वे ट्रैफिक नियमों का पालन करें और सड़कों पर विशेष सावधानी बरतें। पिकअप चालक की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है, और उम्मीद है कि जल्द ही दोषी को हिरासत में लिया जाएगा।इस हृदयविदारक घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। नवीन की असामयिक मौत ने न केवल परिवार बल्कि पूरे समुदाय को स्तब्ध कर दिया है। पुलिस द्वारा इस मामले में त्वरित कारर्वाई से लोगों में न्याय की उम्मीद बनी हुई है।

## अधिवक्ता संघ भटगांव प्रभुदयाल साहू के दादी के दशगात्र में हुये शामिल



दबंग दुनिया ♦ टुण्डरा/भटगांव

आज ग्राम मोहतरा न में अधिवक्ता प्रभुदयाल की दादी मां का दशगात्र कार्यक्रम था जिसमें अधिवक्ता संघ भटगाव के सदस्य शामिल हो कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अधिवक्ता हिमकर दुबे अध्यक्ष अधिवक्ता संघ भटगाव , अधिवक्ता फिरितलाल खटकर, अधिवक्ता विजय देवांगन, अधिवक्ता विजय साहू, सहित अन्य बंधु एवं अंचलवासी भारी संख्या में पहुंच कर दिवंगत आत्मा को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदना ब्यक्त किये। उक्त जानकारी अधिवक्ता एवं कांग्रेस नेता फिरितलाल खटकर ने दी।

## महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य में होगा राज्योत्सव कार्यक्रम

बलरामपुर। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस 2024 के अवसर पर बलरामपुर-रामानुजगंज जिला मुख्यालय के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 05 नवम्बर दोपहर 01 बजे से महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग व जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की मुख्य आतिथ्य में राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में विशिष्ट आतिथ्य के रूप में सामरी विधायक श्रीमती उधेश्वरी पैकरा, प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री निशा नेताम, छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के सदस्य कृष्णा गुप्ता, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती राधा देवी सिंहदेव, जनपद अध्यक्ष बलरामपुर विनय पैकरा तथा नगर पालिका परिषद बलरामपुर की अध्यक्ष श्रीमती सुन्दरमनी मिंज शामिल होंगे।

## कुदरगढ़ स्थित मां बागेश्वरी की धाम में पुलिस आरक्षक राजेश पटेल ने दीपावली पर जलाये 21 सौ दीये

दबंग दुनिया ♦ सूरजपुर



कुदरगढ़ स्थित मां बागेश्वरी की धाम में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पुलिस के आरक्षक ने दीपावली पर 21 सो दियो से जगमग कराई आरक्षक राजेश पटेल हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कुदरगढ़ धाम में 21 सो दियो से पूरे मंदिर परिसर को जगमग करायावे इस तरह हर वर्ष कुछ न कुछ नया करते रहते है। पटेल इस दौरान नीचे देवी मंदिर की सीढ़ी से लेकर ऊपर स्थित माता की मंदिर तक करीब 2100 दिया जला कर रौशनी की जो उस क्षेत्र में चर्चा का सबब रहाश्री पटेल बंदरों को दाना देने को लेकर भी सुखियों में रहे है।

## पत्थलगांव की रिंकी गुप्ता को दिल्ली में ब्राइडल मेकअप का अवार्ड यह रिश्ता क्या कहलाता है की अभिनेत्री (अक्षरा) हिना खान के द्वारा मिला

दबंग दुनिया ♦ पत्थलगांव



रायगढ़ रोड कोयला फैक्ट्री गली में रहने वाली वंशिका ब्यूटी पार्लर की संचालिका श्रीमती रिंकी गुप्ता मेकअप के क्षेत्र में सन 2015 में कदम रखा और अपने बलबूते इस क्षेत्र में अपने पांव जमाये महिलाओं का श्रृंगार शादी विवाह में दुल्हन मेकअप रिंग सेरेमनी मेकअप हल्दी मेकअप आदि कर क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई इनके द्वारा बांडी पॉलिश परमानेंट स्टेट, फेशियल, ब्लीचिंग, कटिंग फेयर स्पा बहुत सारे कार्य किए गए इनके द्वारा कान का छेद भी बंद किया जता है महिला होकर इन्होंने हिम्मत नहीं हारी अपने बलबूते अपने हौसलों की उड़ान भरी अपना अलग नाम कमाया पहचान बनाई 30 सितंबर को दिल्ली ब्राइडल मेकअप प्रतियोगिता में इन्होंने भाग लिया जिसमें इन्हें पहला स्थान प्राप्त किया जिसके लिए इनको फरीदाबाद दिल्ली में आयोजित सेमिनार में सुप्रसिद्ध टीवी सीरियल कलाकार अभिनेत्री यह रिश्ता क्या कहलाता है कि अभिनेत्री (अक्षरा) हिना खान के द्वारा शिल्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया दिल्ली में सम्मानित होने पर पत्थलगांव महिला मंडल एवं क्षेत्र की महिलाओं ने उन्हें बधाई दी।

# रेफर सेंटर बना सक्ती जिला मुख्यालय का सीएचसी

» मोतियाबिंद आपरेशन होना हुआ मुश्किल

» एनेस्थीसिया विशेषज्ञ के न होने से आपातकालीन सर्जरी होने लगी प्रभावित

दबंग दुनिया ♦ सक्ती





जिला मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 9 विशेषज्ञ चिकित्सक डॉक्टर अपनी सेवा दे रहे थे समुचित संसाधन के बीच सिजेरियन प्रसव और मोतियाबिंद आपरेशन का कीतिर्मान स्थापित कर रहा था जिला सक्ती का मुख्यालय स्थित सीएचसी तो स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार में जिला प्रशासन के साथ साथ यूनिसेफ भी अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहा था किंतु वर्तमान स्थिति में जिला मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विशेषज्ञ चिकित्सक डॉक्टर की कमी हो चली है मेडिसिन विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ सरजू राठिया एनेस्थीसिया विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ शीतल दास मानिकपुरी नेत्र रोग विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ शगुफ्ता अमीन का अन्यत्र पोस्टिंग हो जाने से सीएचसी सकती में संचालित गहन चिकित्सा यूनिट आईसीयू में मरीजों का उपचार हो रहा प्रभावित गंभीर बीमारी के इलाज हेतु किया जा रहा रेफर नेत्र रोग विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ शगुफ्ता अमीन के अन्यत्र पोस्टिंग हो जाने से मोतियाबिंद आपरेशन सेवा हो रही प्रभावित वहीं निश्चेतना विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ शीतल दास मानिकपुरी के अन्यत्र पोस्टिंग हो जाने सिजेरियन आपरेशन सामान्य आपरेशन प्रभावित होने लगा है ऐसा नहीं कि मोतियाबिंद आपरेशन पूर्णतः बाधित हो जाएगा मोतियाबिंद आपरेशन के लिए नेत्र सर्जन डॉ शिवांगी रंजनी वतर्मान सीएचसी में कार्यरत है किन्तु स्वास्थ्य विभाग इन नेत्र सर्जन की 7 माह का वेतन भुगतान साथ ही मोतियाबिंद आपरेशन हेतु आवश्यक औषधि कन्सूयमेबल की उपलब्धता हेतु लापरवाही बरत रही है इसी परिस्थिति से प्रभावित हो रहे है अस्थि रोग विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ बादल इक्का जिन्हें अपनी ज्वाइनिंग से लेकर आज दिनांक तक 3 माह का वेतन भुगतान नहीं किया गया है विशेषज्ञ चिकित्सकों को समय पर वेतन और चिकित्सकीय सामग्रियों की समय पर उपलब्धता न का खामियाजा आम जनों को भुगताना पड़ रहा है।

Scanned with OKEN Scanner

# डी डी सी संतोष राठिया का चार दिवसीय दौरा कार्यक्रम

**दबंग दुनिया ♦ घरघोड़ा**

घरघोड़ा क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य संतोष राठिया द्वारा दिनांक 7 नवंबर से 13नवंबर तक विकास खान के 40ग्रामों में शासन द्वारा संचालित कार्यो का निरीक्षण तथा संचालन व्यवस्था को देखेंगे। जिला पंचायत सदस्य संतोष राठिया ने कहा कि आज केंद्र तथा राज्य सरकार का कई योजना ग्राम स्तर पर संचालित है,जिसमे प्रधान मंत्री आवास योजना तथा जल जीवन मिशन प्रमुख है, हितग्राहियों से सीधा मुलाकात तथा जल जीवन मिशन के धरातल पर हुए कार्य का अवलोकन कर सत्यता से अवगत होंगे।ग्राम कटंगडीह से प्रारंभ कर दौरा का समापन ग्राम बेहामुडा में करेंगे। भ्रमण के दौरान सरपंच, जनपद सदस्य भी साथ होंगे। राठिया ने यह भी कहा कि सरपंचों द्वारा कराए गए निर्माण कार्यों का मूल्यांकन तत्काल उपयंत्रियों द्वारा किया जावे,तथा कार्य गुणवत्ता पूर्वक हो ,यह भी सुनिश्चित हो,इस पर भी ध्यान दिया जाएगा।



# आयुष्मान आरोग्य मंदिर में दोपहर 12:00 बजे तक लटकता रहता है ताला




**दबंग दुनिया ♦ मालखरौदा**

सरकार ने क्षेत्र के लोगों को प्राथमिक उपचार का लाभ मिले इसके लिए उप स्वास्थ्य केन्द्रो को जन आरोग्य मंदिर में बदल दिया है साथ ही वतर्मान में एक पुरुष कार्यकर्ता तथा दो महिला कार्यकर्ता की नियुक्ति किया गया है ताकि लोगों का उपचार भली भाती हो और इलाज के लिए आने वाले लोगों को भटकना न पड़े सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोलना है लेकिन आज 12:00 बजे के लगभग ग्राम पंचायत सुलोनी के आरोग्य मंदिर बंद था ग्रामीण भटकते रहे वही मौके पर पहुंचे सरपंच चंद्र विजय गबेल का कहना था यहां अक्सर यही हाल रहता है वास्तव में इस आयुष्मान आरोग्य मंदिर का लाभ क्षेत्र के ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है इसके बारे में कई बार स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को बोल चुके हैं पर कोई सुनता ही नहीं ऐसे में समझा जा सकता है क्षेत्र के आयुष्मान आरोग्य मंदिर का संचालन किस प्रकार से भगवान भरोसे चल रहा है। वही संबंध में ब्लॉक प्रबंधन अधिकारी थानेश्वर पटेल का कहना था मासीक मीटिंग होने की वजह से सभी कमर्चारियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुलाया गया था। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कृपाल सिंह कंवर जिला शक्ति का कहना था अस्पताल में एक कर्मचारी होना ही चाहिए इस बारे में बीएमओ ही ज्यादा बता सकते हैं।

# मतांतरण और प्रदेश को अशांत करने के षड़यंत्र में कांग्रेस का हाथ, गोमती साय प्रेस कांफ्रेंस में कांग्रेस पर गोमती साय ने लगाए गंभीर आरोप



**दबंग दुनिया ♦ जशपुरनगर**

प्रदेश में साम्प्रदायिक सद्भावन का महौल बिगाड़ कर कांग्रेस अपनी राजनीति चमकाने का षड़यंत्र कर रही है। बीते दिनों बलरामपुर जिले में पुलिस अधिकारी के स्वजनों की हत्या की घटना हो या फिर बलौदा बाजार जिले के दामाखेड़ा में कंबीर पंथियों के साथ पूरे प्रदेशवासियों के आस्था केन्द्र पर हमला करने का मामला। इन सभी घटनाओं में कांग्रेसियों का हाथ होने का सबूत अब सबके सामने उजागर हो गया है। सरगुजा आदिवासी क्षेत्र विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष गोमती साय ने उक्त बातें कहीं। वे शहर के जिला भाजपा कार्यालय राधाकांत भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रही थी। उन्होनें कहा कि इन दिनों जब पूरे प्रदेश में लोग 25 वां राज्योत्सव मनाने की तैयारी में जुटे हुए हैं। ऐसे में कांग्रेस अपने राजनीतिक लाभ के लिए प्रदेश का महौल खराब करने के लिए आपराधिक साजिश को अंजाम देने में लगी हुई है। उन्होनें कहा कि बीते दिनों दामाखेड़ा में हुई घटना में कांग्रेसी कार्यकर्ता के संलिप्तता सबके सामने आ चुकी है। स्वयं प्रकाशमुनि साहेब ने अपने फेसबुक पोस्ट में इसका उल्लेख किया है। प्रकाश मुनि साहेब ने स्पष्ट कहा कि इस घटना को राजनीतिक रूप देने की कोशिश की जा रही है। बलौदा बाजार में कलेक्टर-एसपी कार्यालय में हुई आगजनी के मामले में कांग्रेस के विधायक देवेन्द्र यादव अब भी जेल में बंद है। मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्हें किसी भी न्यायालय से जमानत नहीं मिल पारही है। गोमती साय ने आरोप लगाया कि लोहारीडी कांड में बार-बार अशांति फैलाने की कोशिश की जा रही है।

**मतांतरण में कांग्रेस का सीधा हाथ**

राधाकांत भवन में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए गोमती साय ने आरोप लगाया कि जशपुर सहित पूरे प्रदेश में चल रहे मतांतरण में कांग्रेस शामिल है। गोमती साय ने कहा कि ईसाई समाज के लिए कांग्रेस का साथ खुल कर इसीलिए देते हैं। मतांतरण को रोकने के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयास के संबंध में पूछे जाने पर गोमती साय ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता हर बूथ पर सजग है। इसलिए मतांतरण का खेल खुल कर नहीं हो पा रहा है। उन्होनें कहा कि केन्द्र और राज्य की सरकार मतांतरण पर नकेल कसने की दिशा में काम कर रही है।

**विधायक रायमुनि के खिलाफ साजिश**

कृष्ण कुमार ने मिडिया से चर्चा करते हुए आरोप लगाया कि बीते दिनों विधायक रायमुनि भगत के खिलाफ में जिस तरह ईसाई समाज ने प्रदर्शन किया इसके पीछे सीधे तौर पर कांग्रेस शामिल है। कांग्रेस और मतांतरित मिल कर भाजपा की विधायक रायमुनि भगत को कमजोर करना चाहते है। लेकिन पत्थलगड़ी को उखाड़ फेंकने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली रायमुनि भगत किसी भी तौर पर कमजोर नहीं है। उन्होनें कहा कि जिले मे मतांतरितों की संस्थाओं की भूमिका भी अब जिलेवासियों के सामने उजागर हो रही है। इस संबंध में समुचित कारर्वाई जरूर की जाएगी। उन्होने कांग्रेस पर ग्रामीणों को आपस में लड़ाने का आरोप भी लगाया।

# राकेश पाण्डेय ने दी छठ पर्व की शुभकामनाएं



देवकर (दबंग दुनिया)। भारतीय जनता पार्टी साजा विधानसभा मीडिया विभाग सह प्रभारी राकेश पाण्डेय ने दी छठ पर्व की शुभकामनाएं. भाजपा मीडिया विभाग के राकेश पाण्डेय ने छठ पूजा के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राकेश पाण्डेय ने कहा कि सूर्य उपासना का यह पर्व हमें प्रकृति के प्रति प्रेम का संदेश देता है। छठ पूजा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं बल्कि आस्था, विश्वास और प्रकृति के प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रतीक भी है। यह पर्व हमारे जीवन में सुख -समृध्दि और शांति का संचार करने का अवसर पर उन्होंने कामना की है। कि यह पर्व प्रदेशवासियों के जीवन में न ई ऊर्जा और उमंग का संचार करे। सूर्य देव की कृपा से सभी का जीवन स्वस्थ समृद्ध और खुशहाली हो।

# श्याम शिक्षा महाविद्यालय प्रबंधन, मनचाही फीस लेकर दे रहे नॉन अटेंडिंग की विशेष सुविधा

## » प्रवेश लेने के बाद घर बैठे करें बीएड-डीएड, प्रैक्टिकल और परीक्षा देने आ जाओ बस






**दबंग दुनिया ♦ सक्ती**

ज़िले में इनदिनों शिक्षा को लेकर बड़ा खेल चल रहा है, बीएड डीएलएड के नाम पर लाखों की वसूली कर मेहनतकश छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ का बड़ा खेल श्याम शिक्षा महाविद्यालय द्वारा खेला जा रहा है, जिले में शिक्षा माफिया रुपया बनाने के लिये अनुचित तरीके से लोगों को भ्रमित कर डिग्री डिप्लोमा दिलवा रहे हैं जो कि पढ़ाई करने वाले मध्यम वर्गीय बच्चों के साथ सरासर अन्याय है, न सिर्फ बच्चों के साथ अन्याय है बल्कि उन अभिभावकों के साथ भी अन्याय है जो दिन रात मेहनत मजदूरी कर अपने बच्चों को बेहतर भविष्य देने के लिये संघर्ष कर रहे हैं।

**श्याम शिक्षा महाविद्यालय दे रहा कॉलेज नहीं आने की सुविधा**

सक्ती जिले के वनांचल क्षेत्र ऋषभतीर्थ में संचालित श्याम शिक्षा महाविद्यालय अपने संचालित कोर्स के लिए शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त है। श्याम शिक्षा महाविद्यालय बीएड, डीएड, एमएड प्रोफेशनल के कई कोर्स का संचालन करता है जिसके लिए अलग अलग भारी भरकम फीस भी तय है। इस कॉलेज के कर्ताधर्ता इतने चालाक हैं कि फोन पर वे सीधे सीधे मुद्दे की चर्चा नहीं करते हैं, वे कहते हैं कि आप कॉलेज आ जाओ बाकी की बातें वही बैठकर तय कर लेंगे। जैसा आप चाहेंगे हो जाएगा। श्याम शिक्षा महाविद्यालय सक्ती जिले सहित आसपास के विद्यार्थियों को नॉन अटेंडिंग क्लासेस की सुविधा देने में नए नए शिखर छू रहा है, इस कॉलेज के छात्र भी बिना क्लासेज अटेंड किये परीक्षा में भी बैठ जाते हैं और छात्रवृत्ति भी पा लेते हैं। बता दें कि यह फर्जीवाड़ा कोई पहली बार या पहले कोर्स में नहीं हो रहा है। यह कई सालों से चल रहा है और बहुत ही आगर्नाइज्ड रूप से इसको अंजाम दिया जाता है। इसमें कॉलेज संचालकों के साथ यूनिवर्सिटी के अधिकारी-कमर्चारियों की मिलीभगत से 75 प्रतिशत उपस्थिति को कागजों में पूर्ति कर पूरा कर दिया जाता है। इस मामले में यूनिवर्सिटी जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति करती है। शासकीय/अशासकीय स्कूल में शिक्षक भर्ती के लिए बीएड डीएड कोर्स होना आवश्यक है और नॉन अटेंडिंग क्लास की सुविधा मिलने से इस कोर्स में भरपूर एडमिशन मिल जाते हैं। इस पूरे खेल के पीछे सबसे बड़ा कारण है विद्यार्थियों को दी जाने वाली नॉन अटेंडिंग क्लास की सुविधा, के साथ नॉन अटेंडिंग क्लास के नाम पर ली जा रही अधिक फीस जो राशि करोड़ों में है जो सीधे कॉलेज संचालकों की जेब में जा रही है इसके लिए एक पुरानी कहावत है हींग लगे न फिटकरी रंग चौखा हो जाए।

**नॉन अटेंडिंग क्लास की सुविधा से शिक्षा बना व्यापार**

सक्ती जिले के वनांचल क्षेत्र ऋषभतीर्थ में संचालित श्याम शिक्षा महाविद्यालय अपने विद्यार्थियों को नॉन अटेंडिंग क्लास की सुविधा देकर शिक्षा को व्यापार बना डाला है, मै ऐसा कहूं तो गलत नही है क्योंकि इस महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त करने वाले अधिकतर छात्र-छात्राएं नॉन अटेंडिंग क्लास की सुविधा लेते है जिसके लिए महाविद्यालय प्रबंधन छात्र-छात्राओं से मोटी फीस वसूलता है। इस नॉन अटेंडिंग क्लास की सुविधा का खुलासा खुद महाविद्यालय के अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने किया है।

**नॉन अटेंडिंग क्लास के साथ इंटर्नशिप भी नॉन अटेंडिंग**

जानकारी के अनुसार श्याम शिक्षा महाविद्यालय अपने बीएड अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को इन दिनों अभ्यास शिक्षण ; इंटनर्शीप द्ध के लिए जिले के आसपास के स्कूलों में 07 अक्टूबर 2024 से 19 नवंबर 2024 तक के लिए इंटनर्शीप करा रही है। इस दौरान हमने कई स्कूलों में जाकर जाएजा लिया कि आखिर बीएड अंतिम वर्ष के इंटनर्शीप कर रहे छात्र-छात्राए स्कूल पहुच रहे है की नही। इस दौरान कई चौकाने वाले खुलासे हुए, श्याम शिक्षा महाविद्यालय के नॉन अटेंडिंग क्लास करने वाले छात्र छात्राएं इंटनर्शीप करने स्कूलों में भी नही पहुंच रहे है। उच्च शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अगर श्याम शिक्षा महाविद्यालय के 3 सालों के रिकार्ड को ही सही से जांच कर ले तो कई खुलासे हो जाऐंगे।



जिस क्षेत्र में हम महाविद्यालय चला रहे है उस क्षेत्र में बच्चों से बहुत अपेक्षाए नही कर सकते कि वे अपनी उपस्थिती दे सके। खेती किसानी का भी कार्य चल रहा है इसलिए ऐसी संभावनाए हो सकती है कि कुछ बच्चे ना पहुंचे। यह क्षेत्र ऐसा है कि हम शहर की तुलना यहां नही कर सकते।

डां विनय प्रताप सिंह प्राचार्य श्याम शिक्षा महाविद्यालय ऋषभतीर्थ सक्ती

# एसबीआई कियोस्क संचालक पर फायरिंग बचाने आई दादी की गोली लगने से मौत




**दबंग दुनिया ♦ पत्थलगांव**

छत्तीसगढ़ में जशपुर में बदमाशों ने कियोस्क सेंटर के संचालक पर फायरिंग कर दी। बीच-बचाव करने आई दादी की गोली लगने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि, लूट के इरादे से बदमाश पहुंचे थे। पुलिस ने जंगल में आरोपियों की घेराबंदी कर ली है। मामला कांसाबेल थाना क्षेत्र के बटईकेला गांव का है।

जानकारी के मुताबिक, मंगलवार दोपहर करीब 11 बजे दो नकाबपोश आरोपी बाइक पर सवार होकर बटईकेला एसबीआई कियोस्क सेंटर पहुंचे थे। उन्होंने संचालक संजू गुप्ता से लूटपाट की कोशिश की। उसने विरोध किया, तो बाइक सवारों ने संजू गुप्ता से मारपीट की। कट्टे की बट से हमला किया। बचाने के लिए उसकी दादी उमिर्ला गुप्ता (65) सामने आ गई। इस बीच बदमाशों ने संजू गुप्ता पर गोली चला दी। लेकिन दादी अपने पोते को बचाने के लिए सामने खड़ी हो गई। जिससे गोली उमिर्ला गुप्ता को लग गई और मौके पर मौत हो गई। मारपीट से संजू गुप्ता भी गंभीर रूप से घायल हो गया है। संजू गुप्ता बटईकेला में एसबीआई कियोस्क सेंटर का संचालन करता है।

**जंगल में छिपे आरोपी, पुलिस ने की घेराबंदी**

वारदात के बाद बाइक सवार आरोपी पास के जंगल में छिप गए। सूचना पर कांसाबेल पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपियों की घेराबंदी की है। उनको चारों तरफ से घेरकर पकड़ने की कोशिश कर रही है। फिलहाल, आरोपियों के बारे में ग्रामीण कुछ नहीं बता पा रहे हैं।

**एसपी समेत कई अफसर मौके पर पहुंचे**

घटना स्थल पर डॉग स्क्वायड की टीम को बुलाया गया है। घायल संजू गुप्ता को कांसाबेल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। फोरेंसिक टीम भी मौके पर रवाना हो गई है। पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह, एडिशनल एसपी निमिषा पांडेय, विजय सिंह राजपूत घटना स्थल पर पहुंचे हुए हैं।

**जल्द होगी आरोपियों की गिरफ्तार- एसपी**

एसपी शशि मोहन सिंह ने बताया कि, बदमाश लूट का प्रयास कर रहे थे। संचालक और उसकी दादी ने विरोध किया, तो बदमाशों ने दादी पर गोली चला दी। जिससे उसकी मौत हो गई है। बदमाश अपनी बाइक को मौके पर छोड़कर भाग गए। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# क्षेत्र के अस्पतालों में अव्यवस्था





**दबंग दुनिया ♦ मालखरौदा**

क्षेत्र के अस्पतालों में अव्यवस्था थमने का नाम नहीं ले रहा है डॉक्टर मनमानी तरीके से अस्पताल आना-जाना कर रहे हैं तो ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी द्वारा पदस्थ डॉक्टर का ड्यूटी राज्योत्सव कार्यक्रम जिला में लगे होने की बात कहा जाता है पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय शक्ति द्वारा दो दिवसीय ड्यूटी सूची जारी किया गया है सूची जिला कार्यालय से जारी हुआ है उसमें कहीं पर भी उस डॉक्टर का नाम नहीं है ऐसे में क्या कहा जाए वतर्मान ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी को पता नहीं है की किसकी ड्यूटी राज्योत्सव कार्यक्रम में लगा है या फिर जानबूझकर ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी द्वारा जिला के कार्यक्रम में ड्यूटी लगा है बोलकर डॉक्टर को बचाया जा रहा है ऐसा ही मामला सोमवार को पिरदा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में देखने को मिला जहां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लगभग 11:00 बजे तक डॉक्टर पहुंचे ही नहीं थे जब पदस्थ डॉक्टर एवं सहायक चिकित्सा अधिकारी के संबंध में ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी राठौर जी से पूछने पर कहा गया कि उनका ड्यूटी राजोत्सव कार्यक्रम के लिए कलेक्टर कार्यालय में लगा है लेकिन सीएमओ द्वारा 29 अक्टूबर को जारी सूची में डॉक्टर प्रबुद्ध भगत, सहायक चिकित्सक टीपी जायसवाल का नाम ही नहीं है ऐसे में समझा जा सकता है बीएमओ किस प्रकार से डॉक्टर को बचाने के लिए मनमाने तरीके से झूठे बयान दे रहे हैं।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिरदा के डॉक्टर का ड्यूटी राज्योत्सव कार्यक्रम में लगा है इसकी वजह से वह नहीं पहुंचे है।

डॉ. मृत्युंजय राठौर, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी

# कांकेर में बागेश्वर सरकार के सानिध्य में प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने कराई 11 परिवारों की घरवापसी



**दबंग दुनिया ♦ पत्थलगांव/कांकेर**

कांकेर में हिन्दू एकता शतचण्डी महायज्ञ के पावन श्रृंखला में, माँ भुनेश्वरी जन कल्याण समिति (श्री राम नगर, कांकेर, छत्तीसगढ़ ) के तत्वाधान में बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पूज्य पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी के आर्शीवाद एवं मार्गदर्शन में प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने 11 परिवारों कि सनातन धर्म में घर वापसी कराई.

कार्यक्रम में पूज्य बागेश्वर सरकार ने अपने उद्बोधन में कहा की हिन्दुओं पर लगातर अत्याचार हो रहे है। 200 जिलों कि डेमोग्राफी बदल गई है यहां हिन्दू अल्पसंख्यक हो गए हैं ।ऐसी परिस्थिति में लव जिहाद,चंगाई सभा जैसे कुचक्र को तोड़ने का पूरे सनातन समाज को संगठित होकर प्रयास करना होगा। यह भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने का उचित समय है आइये सब सनातनी मिलकर संकल्प लें कि जबतक हम भारत को हिन्दू राष्ट्र बना नहीं लेते चैन से नहीं बैठेंगे। प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने अपने उद्बोधन में कहा की इतिहास साक्षी हैं कि जहां जहां हिन्दुओं का धर्मांतरण हुआ हैं देश का वह भूभाग भारत से कट गया है इसीलिए वे अपने पिता स्व कुमार दिलीप सिंह जूदेव जी के द्वारा चलाये गये ३घर वापसी३ अभियान को आगे बढ़ा रहा हूं। जब तक शरीर में प्राण हैं तब तक इसे आगे बढ़ाता रहूंगा।ज्ञात हो कि जनवरी 2024 में रायपुर में आयोजित हनुमंत कथा में बागेश्वर सरकार पूज्य पं धीरेन्द्र शास्त्री जी के सानिध्य और आशीर्वाद से प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने 1000 लोगो की घरवापसी कराई थी। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ में ईसाई धर्मालंबियों ने कई जिलों सहित प्रदेश में अपना धर्मान्तरण का दुकान चला रहे हैं। जशपुर, सरगुजा, बलरामपुर, बस्तर सहित कई जगह चंगाई सभा और धर्म प्राथर्ना के नाम पर धर्मान्तरण का खेल चल रहा है । जिसपर प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने गहन चिंतन किया है । प्रबल प्रताप ने पंडित धरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी से मिलकर राज्य में चल रहे धर्मान्तरण को लेकर बड़ी चर्चा की है। और इसपर धीरेंद्र शास्त्री जी ने सनातन की रक्षा को लेकर प्रबल प्रताप सिंह जूदेव को आशीर्वाद भी दिया है प्रबल प्रताप ने आगे कहा कि मेरे पिताजी अपना पूरा जीवन सनातन की रक्षा में दे दिए और विषम परिस्थितियों से गुजरकर हिंदुत्व की रक्षा की है पिताजी के गुजर जाने के बाद जिसको अब मैं स्वयं आगे बढ़ा रहा हूँ। मिशन घरवापसी के तहत अबतक प्रबल प्रताप सिंह जुदेव ने हजारों लोगों की घरवापसी कराई है ।

कार्यक्रम में मुख्य रूप कांकेर के वतर्मान सांसद भोज राज नाग, कांकेर पूर्व सांसद मोहन मंडावी, क्षेत्र के वतर्मान विधायक आशाराम नेताम एवं माँ भुनेश्वरी जन कल्याण समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य तथा शहर के गणमान्य नागरिक के साथ हजारों की संख्या में सनातन प्रेमी उपस्थित रहे।

Scanned with OKEN Scanner

# अधिक समय तक टीवी देखना हो सकता है नुकसानदेह

यदि आपका बच्चा भी अधिक समय तक टीवी देखता है तो सतर्क हो जाएं। छोटी सी उम्र में ज्यादा टीवी देखने से बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में बाधा आने लगती है और उनका रूझान गलत आदतों की तरफ बढ़ने लगता है।

ऐसा माना जाता है कि बचपन में हम जो आदतें सीखते हैं, उनका अनुसरण जीवनभर करते रहते हैं। आजकल बच्चों में बाहर खेलने की जगह घंटों एक जगह बैठकर टीवी देखने की आदत बढ़ रही है। यूं तो टीवी देखना कोई बुरी बात नहीं है परंतु हर चीज की अति बुरी होती है। जिसके भविष्य में बेहद नुकसान उठाने पड़ सकते हैं। हाल ही में हुई एक स्टडी में बताया गया कि छोटी उम्र में ज्यादा टीवी देखने से बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास पर असर पड़ता है।



अध्ययन के मुताबिक बचपन में ज्यादा टीवी देखने से बच्चों के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक विकास पर असर पड़ सकता है। इसके अलावा ज्यादा टीवी देखने की आदत की वजह से बच्चों में जंक फूड की तरफ आकर्षण भी बढ़ रहा है। अगर बच्चों को छोटी उम्र में ही उनका एक पर्सनल टीवी दे दिया जाए तो इससे उनके शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। अध्ययन में शोधकर्ताओं ने लगभग उन 1859 बच्चों का डेटा लिया। इसमें 13 साल तक के बच्चों की सेहत का भी एक अध्यन किया। इन बच्चो का अध्यन करते समय कुछ जरूरी पहलुओं पर जोर दिया गया है. उदाहरण के लिए बच्चों का बॉडी मास देखा गया, उनकी खाने की आदतों पर गौर किया गया और उनकी टीचर से उनके व्यवहार के बारे में जानकारी भी ली गई। बता दें, बच्चों की संगति भी उनके व्यक्तित्व पर काफी प्रभाव डालती है, इसलिए उस पहलू को भी स्टडी का हिस्सा बनाया गया।

इस व्यापक स्टडी के परिणाम बिल्कुल भी संतोषजनक नहीं दिखे। इसके मुताबिक जिन घरों में लोगों ने अपने छोटे बच्चों के बेडरूम में उनके लिए एक पर्सनल टीवी लगवा रखा था, उन बच्चों के विकास पर गलत प्रभाव पड़ रहा था। उन बच्चों में भविष्य में हाई बीएमआई, जंक फूड की तरफ रुझान, अवसाद आदि की समस्या देखी गई। आप अपने घर पर टीवी कहां रखते हैं, इसका भी आपके बच्चों के जीवन पर बहुत गहरा असर पड़ता है।

## गर्मियों में अपने शिशु की खास देखभाल ऐसे करें

गर्मियों में आप अपने नवजात शिशु या फिर छोटे बच्चों की देखभाल काफी चुनौतीभरा हो जाता है। ऐसे में आवश्यक है कि आप अपने नौनिहाल की देखभाल के लिए इन बातों का ध्यान दें।



बच्चों की हड्डियों की मजबूती के लिए तेल की मालिश जरूरी होती है।ज्यादा गर्मी में तेल की मालिश से बच्चों को गर्मी लगने से चिड़चिड़ापन हो सकता है और रैशिस भी हो सकते हैं। वहीं अगर आप मालिश करना चाहते हैं तो जैतून का तेल या नारियल का तेल मुफीद रहेगा। नवजात और छोटे बच्चों की गर्मियों में खास देखभाल के लिए टैलकम पाउडर का इस्तेमाल करते हैं लेकिन यह ध्यान में रखना जरूरी है कि पाउडर का ज्यादा मात्रा में इस्तेमाल न किया जाए। बच्चे को नहलाने के तुरंत बाद ही पाउडर का इस्तेमाल न करें। इससे पाउडर त्वचा पर जम सकता है जो बाद में बच्चे के लिए इचिंक की वजह बन सकता है। इसके अलावा पाउडर लगाते समय यह सावधानी बरतें कि बच्चा पाउडर को सांस लेते समय अंदर न लेले। वहीं ध्यान रहे कि आप सिर्फ बेबी टैलकम पाउडर का ही इस्तेमाल करें। गर्मियों में एसी की जरूरत होती है लेकिन यह ध्यान में रखना जरूरी है कि एसी की डायरेक्ट हवा आपके शिशु तक न पहुंचे। साथ ही यह भी ध्यान में रखें कि आप अपने शिशु को एसी के माहौल से सीधा बाहर गर्मी में न ले जाएं। पहले एसी बंद करके तापमान को थोड़ा बढ़ने दें।

## बच्चे को सिखायें अपनी चीजें दूसरे के साथ शेयर करना



**तीन साल की उम्र से ही बच्चों को अपनी चीजें दूसरे के साथ शेयर करना सिखाना चाहिए। इसी उम्र से चीजें बांटने के साथ-साथ बच्चे एक-दूसरे के साथ अपनी भावनाएं बांटना भी सीखते है। इससे बच्चे बड़े होकर व्यवहार कुशल और सहयोगी प्रवृति के यानी सामाजिक बनते हैं।**

### आप सिखाएंगी, वो सीखेगा

बच्चों के मन में अपनी चीजों को लेकर एकाधिकार की भावना होती है और वे अपनी चीजें दूसरों के साथ बांटना नहीं चाहते। ऐसे में आप खुद बच्चे के साथ उसकी चीजें शेयर करें, क्योंकि हर चीज बच्चा सबसे पहले घर से ही सीखता है। बच्चे की चीजों को शेयर करने के साथ आप अपनी चीजें भी दूसरों के साथ शेयर करें। बच्चा देखकर कई चीजें खुद ही सीख लेता है। अगर वह आपके साथ कुछ भी शेयर करने से मना करे तो आप उसे प्यार से समझाएं कि अकेले खाना या खेलना अच्छी बात नहीं, इसलिए मम्मी-डैडी या दादा-दादी को भी दो।



### धीरे-धीरे सीखेगा बांटना

बच्चा जैसे-जैसे बड़ा होगा, अपनी चीजें दूसरों के साथ साझा करना भी सीख लेगा। कोई बच्चा कम उम्र में परिपक्व हो जाता है, तो किसी को इसमें वक्त लगता है। जरूरी नहीं है कि हर बच्चा एक ही उम्र में परिपक्व होगा, पर यह जरूर है कि सही चीजें और सही सीख उन्हें सही दिशा देती है। कुछ बच्चों में शेयरिंग की आदत आने में समय लग जाता है और कुछ यह गुण जल्दी सीख लेते हैं। तो धैर्य के साथ बच्चे को शेयरिंग करना सिखाएं, वह जरूर सीखेगा।

### न करें जबरदस्ती

बच्चों को शेयरिंग सिखाने में जबरदस्ती बिल्कुल न करें। ध्यान रहे कि शुरू में बच्चों को उन चीजों को बांटने को कहा जाए जो उनके लिए बहुत ज्यादा मायने न रखती हों। बच्चा ऐसे में बांटना सीखेगा। अगर आप बच्चे की सबसे पसंदीदा चीज उसे किसी के साथ साझा करने के लिए कहें, तो यह भी ठीक नहीं है क्योंकि अपनी प्यारी चीज को अक्सर बड़े भी शेयर नहीं करते। हमेशा यह याद रखें कि आखिरकार वह एक बच्चा ही है, तो सब कुछ शेयर करने की उम्मीद उससे न करें। खासकर उसकी पसंदीदा चीज। सच यही है कि कुछ चीजें ऐसी हैं, जिसे आपका बच्चा शेयर नहीं करना चाहता। आप इतना कर सकती हैं कि हालात ऐसे बनाएं कि आपके बच्चे को शेयर करना ही पड़े। जैसे यदि दूसरा बच्चा आपके घर आया है तो दो चीजें रखें और उसमें से एक उसे जरूर दें। इससे बच्चा आसानी से शेयर करना सीखेगा। तो बच्चे को आजमाने की जगह उनको शेयरिंग की आदत पड़ने दें। एक बार जब वह शेयर करना सीख ले, तब आप उससे बड़ी उम्मीदें कर सकती हैं। बच्चों की तारीफ की जाए तो वे और भी उत्साहित होते हैं। उनके जिस काम की प्रशंसा की जाती है, उसे वह दोगुने उत्साह के साथ आगे बढ़कर पूरा करते हैं। कभी बच्चा अपनी चीज दोस्तों के साथ बांटे यानी अपने खिलौने या अन्य चीजों को शेयर करे, उसकी प्रशंसा जरूर करें। हो सके तो सबके सामने। घर के अन्य सदस्यों को भी उसकी तारीफ करने के लिए कहें। इससे खुश होकर आपका बच्चा खुद आगे बढ़कर अपने दोस्तों के साथ अपनी चीजें बांटने लगेगा।



# घरेलू कार्यों के लिए उसे बार-बार टोकना बंद करें



**अगर आपको ऐसा लगता है कि आपके बच्चे में उत्साह की कमी है, वह अपनी इच्छा से आगे बढ़कर कोई भी नया काम करने को तैयार नहीं होता, पढ़ाई या छोटे-छोटे घरेलू कार्यों के लिए उसे बार-बार टोकना पड़ता है तो आपको अभी से सचेत हो जाना चाहिए। बच्चे के व्यवहार में ऐसी परेशानी इस बात का संकेत है कि आपको अपनी पेरेंटिंग के तरीके में सुधार की ज़रूरत है। कुछ बच्चे दूसरों को देखकर बहुत जल्दी उनके गुणों को अपनाने की कोशिश करते हैं, पर कुछ ऐसा नहीं कर पाते। ऐसे बच्चों को प्रेरित करने की ज़रूरत होती है, ताकि वे जल्द से जल्द अच्छी आदतें सीख सकें। बच्चों के पहले शिक्षक माता-पिता ही होते हैं और वे उन्हीं के व्यवहार का अनुसरण करते हैं। अगर अपनी रोज़मर्रा की दिनचर्या में आप हमेशा सक्रिय, उत्साही और ऊर्जावान रहेंगे तो आपको देखकर छोटी उम्र से ही आपके बच्चे में भी स्वतः ऐसी अच्छी आदतें विकसित होंगी। अगर आप किसी काम को लेकर उत्साहित नहीं हैं तो बच्चे में भी उत्साह की कमी होगी। इसलिए ज़रूरी है कि जब भी आप कुछ नया सीखें, उसे बच्चे के साथ साझा करें। इसके अलावा नियमित रूप से उसके साथ खेलने और प्यार भरी बातें करने के लिए थोड़ा समय ज़रूर निकालें। अपने घर में ऐसा खुशनुमा मा माहौल बनाए रखें कि आपका बच्चा निडर होकर आपसे अपने दिल की बातें शेयर कर सके। इससे वह स्वतः प्रेरित होना सीख जाएगा।**



### कामयाबी की अहमियत समझाएं

रोज़मर्रा के छोटे-छोटे कार्यों के बहाने उसे कामयाबी की अहमियत समझाएं। शुरुआत में उसे कोई भी ज़िम्मेदारी सौंपें। मसलन, स्टडी टेबल को सही ढंग से व्यवस्थित करना, पौधों को पानी देना, गणित के सवाल हल करना, अपनी हैंडराइटिंग सुधारना आदि। कार्य चाहे छोटा हो या बड़ा, अगर आपका बच्चा उसे सही ढंग से पूरा करने की कोशिश करता है तो उसके इस प्रयास की सराहना ज़रूर करें। इससे उसका उत्साह दोगुना हो जाएगा और वह कामयाबी हासिल करने की दिशा में कड़ी मेहनत करेगा। जब भी उसे सफलता मिले, उसे भरपूर शाबाशी दें, ताकि वह हमेशा आगे बढने के लिए प्रेरित हो।

### उसकी भी सुनें

हर बच्चा अपने आप में खास होता है। हमें अपने बच्चे की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। हमेशा उपदेश देने के बजाय उसकी बातें भी ध्यान से सुननी चाहिए। बेहतर यही होगा कि आप अपने परिवार से जुड़े छोटे-छोटे मुद्दों पर उसे भी अपनी राय रखने का अवसर दें। मसलन, लंच या डिनर का मेन्यू क्या हो, वीकेंड पर कहां घूमने जाएं, उसके कमरे की दीवारों का रंग कैसा हो जैसे विषयों पर उसकी राय ज़रूर मांगे। इससे उसे ऐसा लगेगा कि उसके सुझाव भी आपके लिए अहमियत रखते हैं। आपकी यह छोटी सी कोशिश उसका आत्मविश्वास बढ़ाने में भी मददगार होगी।

### होमवर्क के लिए उत्साहित करें

बच्चे के भीतर ज़िम्मेदारी की भावना विकसित करें, ताकि वह रोज़ाना सही समय पर अपना होमवर्क पूरा कर सके। होमवर्क पूरा करने के बाद ही उसे टीवी देखने की इजाज़त दें। उसके पढने के लिए एक अलग जगह बनाएं। जहां उसकी बुक शेल्फ, रीडिंग लैंप, कुछ पोस्टर आदि हों। इससे घर में पढ़ाई का माहौल बना रहेगा तो वह स्वयं ही होमवर्क करने के लिए प्रेरित होगा।

### किताबों को पढ़ने प्रेरित करें

इंटरनेट और मोबाइल के इस दौर में बच्चे किताबों से दूर होते जा रहे हैं। ऐसे में यह बहुत ज़रूरी है कि आप उन्हें किताबें पढने के लिए प्रेरित करें। इसके लिए उनकी रुचि से जुड़ी किताबें खरीदें। मसलन अगर बच्चे को कोई जानवर या कार्टून कैरेक्टर पसंद हो तो उसके लिए उसी से संबंधित किताबें लाएं। बच्चे को साथ लेकर लाइब्रेरी या किसी बुक स्टोर में जाएं। वहां उसी को किताबें चुनने को कहें। ध्यान रखें कि अगर वह खुद किताबों का चुनाव करेगा तो उसे पढना भी अच्छा लगेगा। बच्चे के साथ बैठकर खुद भी पढने की कोशिश करें। उसे कहानियां सुनाएं। इससे आप दोनों अच्छा महसूस करेंगे। अगर आप किताबों को एंजॉय करती हैं तो आपका बच्चा भी पढने के लिए उत्साहित होगा।

### सबक सहयोग का

बच्चे उसी स्थिति में आपकी मदद करना चाहते हैं, जब उन्हें ऐसा महसूस होता है कि वाकयी आपको उनकी मदद की ज़रूरत है। अगर उनसे आदेशात्मक लहज़े में कोई काम करने को कहा जाए तो वे उसे पूरे मन से करने को तैयार नहीं होते। घर की सफाई के दौरान उन्हें प्यार से समझाएं कि हमें मिलजुलकर अपने घर को साफ और सुंदर बनाना चाहिए। घर के कुछ ऐसे कार्यों की सूची बनाएं, जिन्हें बच्चे आसानी से पूरा कर सकते हैं। उनकी ज़िम्मेदारी उन्हीं को सौंप दें और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए उनसे वादा करें कि अगर तुम यह कार्य अच्छी तरह पूरा कर लोगे तो तुम्हें पुरस्कार दिया जाएगा।

### उसे दें खुला आसमान

बच्चों की शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि स्कूल और किताबों के अलावा भी दुनिया में कई ऐसी चीजें हैं, जिनसे सीखा जा सकता है। इसके लिए यह बहुत ज़रूरी है कि उसकी रुचियों को प्रोत्साहित किया जाए। अगर आपके बच्चे को कला में रुचि है तो उसे किसी आर्ट गैलरी या एग्ज़िबिशन में घुमाने ले जाएं। उसके लिए चार्ट पेपर और पेंट-ब्रश जैसी ज़रूरी चीज़ों की व्यवस्था करवाएं, ताकि वह खाली समय में अपनी रुचि से जुड़े कार्य कर सके। उसे परीक्षा में कितने अंक मिले, इस बात पर ध्यान देने के बजाय यह जानने की कोशिश करें कि उसने स्कूल में नया क्या सीखा।

### समझ संवेदनाओं की

बच्चे को केवल अपना ही नहीं, बल्कि दूसरों का ख्याल रखने के लिए भी प्रेरित करना चाहिए। अपने रोज़मर्रा के व्यवहार से जुड़ी छोटी-छोटी बातों से उसमें संवेदनशीलता की भावना आसानी से विकसित की जा सकती है। मिसाल के तौर पर वह घर में रात के समय बहुत ज्य़ादा शोर मचाए तो उसे प्यार से समझाएं कि इससे बीमारों और पड़ोसियों को परेशानी हो सकती है। इसलिए उसे ऐसा नहीं करना चाहिए।उसे दोस्तों के साथ अपनी चीज़ें शेयर करना सिखाएं। इससे उसमें स्वाभाविक रूप से दूसरों की मदद करने की आदत विकसित होगी। बच्चे की पढ़ाई का एक निश्चित समय तय करें। अगर उसे स्कूल से कोई होमवर्क न मिला हो तब भी उसे सेल्फ स्टडी के लिए प्रेरित करें। उसे पॉइंट बनाकर याद करने का आसान तरीका बताएं। स्कूल में पढ़ाए गए टॉपिक पर रोज़ाना उससे बातचीत करें।अगर आपका घर छोटा है तो उसके लिए किसी ऐसे एकांत हिस्से में स्टडी टेबल व्यवस्थित करें, जहां टीवी की आवाज़ न सुनाई दे।उसे व्यवस्थित होना सिखाएं। मसलन, उसका टाइम-टेबल बनाएं, वह जिस प्रोजेक्ट पर काम कर रहा/रही है, उसे कम समय में पूरा करने के तरीका बताएं। उसके हर काम की प्रशंसा करें।

दबंग दुनिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि. के लिए प्रकाशक/मुद्रक- **किशोर वाधवानी** द्वारा मिशन मिडिया प्राईवेट लिमिटेड, छत्तीसगढ़ भवन, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं अविनाश मेग्नेटो मॉल, तीसरी मंजिल, एसओ-03, लभांडी विशालनगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। **प्रधान संपादक-** किशोर वाधवानी। **स्थानीय संपादक-** आनंद प्रकाश*। फोन-0771-4919400, आर.एन.आई. नं. CHHHIN/2013/51161, इंटरनेट संस्करण http://www.dabangdunia.co.in। डाक पंजीयन छ.ग./रायपुर संभाग/79/2015-17 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

Scanned with OKEN Scanner